नई दिल्ली
शुक्रवार 2 अक्टूबर 2026
अश्विन मास कृष्ण पक्ष,
षष्ठी वर्ष : 30, अंक : 165
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

मौसम
अधि. 33
न्यून. 23

हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

आज गांधी-शास्त्री जयंती



ALLEN DELHI

For Class 8th, 9th & 10th Students

DUEL

ALLEN's DUAL UNDERSTANDING and EXCELLENCE TEST

TWO MINDS. ONE TEAM.

A unique team-based academic test where **two students appear together** and solve a specially designed question paper.



TAKE THE CHALLENGE
Partner up and compete with city's best talent.

PROVE YOUR POTENTIAL
Put your knowledge, strategy & problem-solving to work.

GET RECOGNISED
Stand a chance to win reward & scholarship.

Registration Fee:
₹100
(Per Team)

WIN ASSURED PRIZES*

MacBook, iPad, Idea Tab, Echo Show 11, Kindle Paperwhite,
Smart Watch, Smart Ring, PIXMA Printer, Instax Mini, Digital Notebook

SCHOLARSHIP* UP TO
90%
Session 2027-28

Exam Date:
SUNDAY | 18 OCT. 2026

Apply Offline at an ALLEN Delhi NCR centre closest to you

For Class 11th to 12th (PCM/B) Moving Students

SST
SPECIAL SCHOLARSHIP TEST

Top Performers get up to 90% Fee Scholarship*

Also avail Early Bird Fee Advantage*

Exam Date:
SUN | 18 OCT. 2026

Scan to Register

*Subject to the scholarship rules and the T&C

ADMISSIONS OPEN
JEE | NEET | OLYMPIADS | CLASSES 8TH TO 12TH & 12TH PASS
Visit our website or nearest ALLEN centre for test and course start dates.

ALLEN STUDY CENTRES IN DELHI NCR: Dwarka | Faridabad | Ghaziabad-RDC Ghaziabad-Vasundhara | Gurugram | Janakpuri | Kalu Sarai | Lajpat Nagar Malviya Nagar | Noida | Greater Noida West | NSP | Preet Vihar | Punjabi Bagh | Rewari

95136 85900 allen.ac.in/delhi

Disclaimer: We provide an academic ecosystem and environment to prepare students for their target examinations. Studying in a coaching institute does not guarantee selection for the examination. Selection depends on preparation, admission seats in competitive exam and the number of applicants appearing.

पटाखों के अवैध भंडारण के आरोप में तीन अरेस्ट



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

- कार और स्कूटी के साथ 683 किलो पटाखे जब्त

रोहिणी जिले के स्पेशल स्टाफ ने पटाखों के अवैध भंडारण के आरोप में तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। इनसे एक सैंट्रो कार, एक स्कूटी और 683 किलोग्राम पटाखे बरामद किए गए। इंस्पेक्टर संदीप गोदारा प्रतिबंधित पटाखों के अवैध भंडारण और परिवहन के बारे में सूचना मिली थी। इसके बाद एक टीम तुरंत हरकत में आई और बताई गई जगह पर छापा मारा। ऑपरेशन के दौरान तीन लोगों को तब पकड़ा गया जब वे एक गोदाम से सैंट्रो कार और स्कूटी में प्रतिबंधित पटाखे लोड कर रहे थे। गाड़ियों और जगह की तलाशी लेने पर 683 किलो पटाखे बरामद किए गए। पटाखों के स्रोत का पता लगाने की कोशिश जारी है। पकड़े गये लोगों के नाम रवि, राम कुमार और चांद बताये गये हैं।

बुध विहार में 24 वर्षीय युवक की चाकू मारकर हत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



रोहिणी जिले के बुध विहार इलाके में बुधवार देर रात एक 24 वर्षीय युवक की चाकू मारकर हत्या कर दी गई। मृतक की पहचान हनीफ के रूप में हुई है। पुलिस हत्या के मामले को सुलझा लिया है। आरोपी को छह घंटे के भीतर पकड़ने का दावा पुलिस ने किया है।

डीसीपी शशांक जायसवाल के अनुसार बुधवार रात लगभग 10:26 बजे बुध विहार थाने को बाबा साहेब अंबेडकर अस्पताल से सूचना मिली कि रिठाला गांव के रहने वाले 24 वर्षीय हनीफ को चाकू लगने के बाद उसके पिता ने अस्पताल में भर्ती करवाया था। घायल की हालत गंभीर थी। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस तुरंत अस्पताल पहुंची। हालांकि इलाज के बावजूद कुछ ही घंटों में मरीज की मौत हो गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए आरोपियों को पकड़ने के लिए एक टीम बनाई गई। मोबाइल क्राइम टीम और फोरेंसिक टीम ने भी घटनास्थल का विश्लेषण किया। अपराध स्थल के आसपास के सीसीटीवी फुटेज का विश्लेषण कर आरोपी के बारे में सुराग हासिल करने के लिए स्थानीय मुखबिरों को भी अलर्ट किया गया। कुछ ही घंटों में एक संदिग्ध व्यक्ति को पकड़ा गया। बाद में उसकी पहचान बुध विहार फेज-2 निवासी 20 वर्षीय आर्यन बाल्मीकि के रूप में हुई। लगातार पूछताछ करने पर पता चला कि रात लगभग सवा नौ बजे उनके बीच झगड़ा हुआ था। इस दौरान आरोपी ने मृतक के साथ गाली गलौज और बहस की और फिर चाकू से उसके पेट पर वार किया। इसके बाद आरोपी मौके से भाग गया। आरोपी मृतक को जानता था और उसी इलाके में रहता था। वह रिठाला इलाके में सफाई कर्मी के तौर पर काम करता था। उसकी निशानदेही पर अपराध में इस्तेमाल किया गया चाकू भी बरामद कर लिया गया है।

15 लाख के गहने बरामद

रेलवे यूनिट के हत्थे चढ़ा ज्वैलथीफ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



दिल्ली पुलिस की रेलवे यूनिट ने चोरी का मामला सुलझाते हुये एक ज्वैलथीफ को गिरफ्तार किया है। इसके पास से लगभग 15 लाख कीमत के गहने बरामद किये गये। आरोपी के खिलाफ 26 सितंबर को पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन थाने में केस दर्ज किया गया था।

पुलिस के अनुसार शिकायतकर्ता सुभाष नगर, अबोहर, पंजाब की रहने वाले लड़की दर्ज करवाई थी। उसने बताया कि वह प्लेटफॉर्म नंबर 2/3 पर बैठी थी और किसी ने उसका पर्स चुरा लिया। पर्स में एक मोबाइल, सोने की दो चेन, सोने की बालियों के दो जोड़े, सोने की एक अंगूठी, सोने के तीन मंगलसूत्र, कुछ दस्तावेज और नकदी थे। जांच के दौरान पुलिस ने प्लेटफॉर्म के सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपी शख्स विशाल निवासी वाल्मीकि मोहल्ला, तहसील बल्लभगढ़, फरीदाबाद की पहचान की और उसे गिरफ्तार किया। उसके पास से चोरी का सामान भी बरामद कर लिया गया। पूछताछ के दौरान आरोपी ने बताया कि उसने सोने की एक अंगूठी और लॉकेट अपने दोस्त को दे दिया था। सह आरोपी को गिरफ्तार करने की कोशिश की जा रही है।

टेलीग्राम आधारित टास्क और क्रिप्टोकरेंसी धोखाधड़ी गिरोह के तीन आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



दक्षिण जिले की साइबर पुलिस ने अंतरराज्यीय टेलीग्राम आधारित टास्क और क्रिप्टोकरेंसी धोखाधड़ी गिरोह का भंडाफोड़ किया है। इस सिलसिले में तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया। इनके नाम करण, मोहित सरकार उर्फ मोनू और विनय मंडल निवासी ऊधम सिंह नगर, उत्तराखंड बताये गये हैं।

डीसीपी अनंत मित्तल के अनुसार शिकायतकर्ता ने बताया कि उसके साथ टेलीग्राम आधारित टास्क और क्रिप्टोकरेंसी निवेश धोखाधड़ी में कुल 7 लाख 86 हजार 300 रुपये की धोखाधड़ी की गई। ठगों ने उसे भारी रिटर्न का भरोसा दिया था। रकम ट्रांसफर के बाद आरोपियों ने न तो वादा पूरा किया और रकम वापस की। बाद में शिकायतकर्ता को जवाब देना तक बंद कर दिया गया था। तकनीकी और वित्तीय विश्लेषण से उन 'म्यूल' बैंक खातों की पहचान हुई जिनका इस्तेमाल धोखाधड़ी से हासिल रकम को इधर-उधर करने के लिए किया गया था। करण बिस्वास और मोहित सरकार उर्फ मोनू का पता लगाया गया और उन्हें उधम सिंह नगर से गिरफ्तार किया गया। आगे की जांच में विनय मंडल की औपचारिक गिरफ्तारी हुई, जो पहले से ही रोहतक के साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन में एक अन्य साइबर धोखाधड़ी मामले में हिरासत में था। उसे तीन दिन की पुलिस कस्टडी रिमांड पर लिया गया।

25 लाख की धोखाधड़ी मामले में आरोपी धरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

तिलक मार्ग पुलिस ने 25 लाख की धोखाधड़ी केस के एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। इसे सूरत, गुजरात से पकड़ा। इसने कम दर पर अमेरिकी डॉलर दिलाने के बहाने शिकायतकर्ता से ठगी की थी। आरोपी ने शिकायतकर्ता की बहू को जेएलएल कंपनी में नौकरी दिलाने का भी वादा किया था। जांच में पता चला कि आरोपी इसी तरह के छह आपराधिक मामलों में शामिल रहा है। पुलिस के अनुसर 21 सितंबर को वसंत पांचाल की शिकायत पर तिलक मार्ग पुलिस स्टेशन में यह केस दर्ज हुआ था। जांच के दौरान पता चला कि शिकायतकर्ता एक ऐसे व्यक्ति के संपर्क में आया था जिसने अपना परिचय चिराग पटेल के तौर पर दिया था और दावा किया था कि उसके अमेरिकी दूतावास और जेएलएल कंपनी में काम करने वाले या उनके माध्यम से जुड़े लोगों से संबंध हैं। आरोपी फेरीन हर्षदराय पटेल (32) अक्षरधाम अपार्टमेंट, मीरा रोड ईस्ट, ठाणे, महाराष्ट्र का रहने वाला है। इसके खिलाफ दो केस सूरत, तीन मुंबई और एक दिल्ली के कीर्ति नगर थाने में दर्ज मिला।

ठगी गई बाकी रकम बरामद करने, अपराध में शामिल अन्य सह आरोपियों की पहचान कर उन्हें पकड़ने और आपराधिक साजिश की पूरी जानकारी का पता लगाने के लिए आरोपी की पुलिस रिमांड ली गई है।

मेट्रो सारथी ऐप का डाउनलोड एस करोड़ पार, एक ही प्लेटफॉर्म पर कई सेवाओं की सहज सुविधा

हरिभूमि न्यूज . नई दिल्ली

दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन (डीएमआरसी) के दिल्ली मेट्रो सारथी ऐप ने एक करोड़ से अधिक डाउनलोड का महत्वपूर्ण आंकड़ा पार कर लिया है। दिल्ली-एनसीआर में एक माह में ऐप को लगभग 20 लाख बार देखा गया, जबकि सप्ताह के कार्यदिवसों में इसे 8.2 लाख बार खोला जाता है। इस प्रकार, सारथी ऐप मेट्रो यात्रियों के लिए टिकटिंग की एक भरोसेमंद सुविधा के रूप में अपनी पहचान बना रही है। इस बारे में कॉरपोरेट कम्युनिकेशन के प्रधान कार्यकारी निदेशक अनुज दयाल ने बताया कि

इस ऐप के माध्यम से यात्रियों की दैनिक यात्रा को अधिक सरल और सुविधाजनक बनाने की दिशा में लगातार प्रयास कर रहा है। सारथी ऐप पर परिवहन से जुड़ी विभिन्न सेवाओं के साथ-साथ कई अन्य सुविधाएं भी एक ही आसान और उपयोगकर्ता-अनुकूल डिजिटल प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध हैं। दयाल ने बताया कि सारथी ऐप को इस प्रकार विकसित किया गया है कि यात्रियों को अपनी यात्रा की योजना बनाने और यात्रा के दौरान अलग-अलग प्लेटफॉर्मों पर जाने की कम आवश्यकता पड़े तथा उन्हें एक सहज डिजिटल अनुभव मिल सके। दयाल ने बताया कि ऐप पर विभिन्न परिवहन सेवाओं को एकीकृत किया गया है। इनमें डीटीसी बसें, आईआरसीटीसी के माध्यम से रेल टिकट बुकिंग, अंतरराज्यीय बस बुकिंग, एनसीआरटीसी की नमो भारत और एमएमआरसी की नोएडा मेट्रो जैसी सेवाएं शामिल हैं। इससे यात्री एक ही प्लेटफार्म के माध्यम से सार्वजनिक परिवहन के विभिन्न साधनों की जानकारी और सेवाओं का उपयोग कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि सारथी ऐप पर मेट्रो मानचित्र, पहली और आखिरी मेट्रो के समय, पार्किंग की जानकारी, स्टेशन सुविधाएं, इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) चार्जिंग स्टेशन, बैटरी स्वैपिंग स्टेशन और रूट गाइडेंस जैसी कई दैनिक यात्री सुविधाएं भी उपलब्ध हैं। परिवहन सेवाओं के अलावा, सारथी ऐप के माध्यम से मोबाइल रिचार्ज, दवाइयों का ऑर्डर, फास्टैग रिचार्ज तथा अन्य उपयोगिता बिलों का भुगतान जैसी सुविधाएं भी उपलब्ध हैं। ऐप पर वर्चुअल मेट्रो कार्ड की सुविधा भी दी गई है। यह पहल डीएमआरसी के एकीकृत, डिजिटल-फर्स्ट और यात्री-केंद्रित मोबिलिटी इकोसिस्टम विकसित करने के प्रयासों का हिस्सा है। इसका उद्देश्य सार्वजनिक परिवहन के अधिकाधिक एकीकृत उपयोग को भी प्रोत्साहित करना है।

विदेश में नौकरी और वीजा दिलाने के बहाने ठगी करने वाले दो अरेस्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



- 46 लोगों के साथ धोखाधड़ी का हुआ खुलासा

दिल्ली पुलिस द्वारा शुरू की गई जन सुनवाई पहल के दौरान मिली एक शिकायत के बाद सुभाष प्लेस पुलिस ने वीजा धोखाधड़ी रैकेट का भंडाफोड़ किया है। मास्टरमाइंड अबीर पोइलन और उसके साथी मुस्तकीम को गिरफ्तार किया गया। आरोपी इजरायल और इराक में नौकरी और वीजा दिलाने के बहाने 46 लोगों के साथ धोखाधड़ी कर चुके थे। इनके पास से 31 ग्राम सोने के सिक्के, 22 भारतीय पासपोर्ट, 11 मोबाइल फोन, 10 एटीएम कार्ड, तीन कंप्यूटर, एक प्रिंटर और 'डायनामिक ओवरसीज' के स्टाम्प बरामद किए गए। आरोपियों ने इजरायल वीजा के लिए प्रति व्यक्ति 1,70,000 और इराक वीजा के लिए प्रति व्यक्ति 70 हजार वसूले थे।

पुलिस के अनुसार अग्रवाल साइबर प्लाजा-1, एनएसपी में डायनामिक ओवरसीज के नाम से धोखाधड़ी की गतिविधियां चलाई जा रही थी। धोखाधड़ी से हासिल रकम से खरीदे गए 31 ग्राम सोने के सिक्के मुख्य आरोपी अबीर पोइलन के पास से बरामद किए गए। मुस्तकीम के पास से 10 एटीएम कार्ड और तीन पासपोर्ट मिले, जिनमें नेपाल के नागरिकों के दो पासपोर्ट भी शामिल थे।

नकली सिगरेट सप्लाई करने वाले तीन दबोचे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



- 60 लाख कीमत की 4 लाख से अधिक गोल्ड फ्लेक सिगरेट बरामद

रोहिणी नारकोटिक्स स्टाफ ने नकली सिगरेट सप्लाई करने वाले तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। इनसे लगभग 60 लाख कीमत की 4,71,500 नकली गोल्ड फ्लेक सिगरेट बरामद की गई। पकड़े गये लोगों के नाम अकरम, राजरानी और किशन मुरारी बताये गये हैं।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि रोहिणी जिले में नकली उत्पादों की अवैध बिक्री, ट्रांसपोर्टेशन और वितरण पर रोक लगाने के मकसद से नारकोटिक्स स्टाफ की टीमें ऐसी गतिविधियों में शामिल सप्लाई चेन की पहचान करने और उसे तोड़ने के लिए लगातार काम कर रही हैं। हाल ही में एसआई अशोक तोमर, हेड कांस्टेबल अजय और पुनीत को प्रशांत विहार पुलिस स्टेशन के इलाके में नकली सिगरेट की आवाजाही और सप्लाई के बारे में जानकारी मिली थी। टीम ने सबसे पहले अकरम को पकड़ा और उसके पास से लगभग 1 लाख 20 हजार नकली सिगरेट बरामद कीं। लगातार पूछताछ के बाद एक और आरोपी को पकड़ा और उसके पास से 1 लाख 59 हजार 500 नकली सिगरेट बरामद कीं। तीसरी गिरफ्तारी 29 सितंबर को हुई। इसके पास से 1 लाख 92 हजार सिगरेट बरामद हुई। इस तरह कुल 4,71,500 नकली गोल्ड फ्लेक सिगरेट बरामद की गई। जांच से पता चला कि नकली सिगरेट को ऐसे पैकेट में पैक किया जा रहा था जो असली प्रोडक्ट जैसे दिखते थे, जिससे ग्राहकों के लिए असली और नकली सिगरेट के बीच अंतर करना मुश्किल हो जाता था। सप्लाई और डिस्ट्रीब्यूशन नेटवर्क में शामिल अन्य लोगों की पहचान करने और उन्हें पकड़ने के लिए आगे की जांच जारी है।

यूएस वीजा धोखाधड़ी मामले में आरोपी पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

चाणक्यपुरी पुलिस स्टेशन ने यूएस वीजा धोखाधड़ी और जाली दस्तावेज मामले में आरोपी को गिरफ्तार किया है। जोशी क्लिनिकल लेबोरेटरी, पंजाब के मालिक आरोपी सरबन सिंह को यूएस वीजा आवेदन में इस्तेमाल किए गए जाली एक्सपीरियंश सर्टिफिकेट को तैयार करने के आरोप में पकड़ा गया है। इसने सह आरोपी सिमरनजीत कौर के नाम पर कथित तौर पर जाली लैब टेक्नीशियन एक्सपीरियंश सर्टिफिकेट जारी किया था। इसे लोहियां खास, जालंधर, पंजाब से गिरफ्तार किया गया। डीसीपी सचिन शर्मा के अनुसार 24 मार्च को चाणक्यपुरी पुलिस स्टेशन को यूएस दूतावास के क्षेत्रीय सुरक्षा कार्यालय के विदेशी आपराधिक जांचकर्ता जेफरी बी. गीजर से यूएस वीजा आवेदन के संबंध में जाली दस्तावेज जमा करने के बारे में जानकारी मिली थी। शिकायत से पता चला कि सिमरनजीत कौर कपूरथला, पंजाब ने अपने यूएस वीजा आवेदन के समर्थन में जोशी क्लिनिकल लेबोरेटरी द्वारा जारी किया गया एक जाली लैब टेक्नीशियन एक्सपीरियंश सर्टिफिकेट जमा किया था। केस दर्ज कर जांच शुरू की गई। जांच के दौरान सिमरनजीत ने बताया कि सर्टिफिकेट जोशी क्लिनिकल लेबोरेटरी के मालिक सरबन सिंह द्वारा तैयार करके उसे दिया गया था। उसने यह भी बताया कि इसके लिए आठ हजार का भुगतान किया था। आरोपी को पकड़ने के लिए एक पुलिस टीम बनाई गई थी। छापेमारी के दौरान आरोपी को लोहिया खास, जालंधर, पंजाब से गिरफ्तार किया गया।

अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 84 BNSS देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि **सोवरन सिंह धाकड़** पुत्रः देवी लाल धाकड़, पताः बी–90, मंगला पुरी, पालम, फेज–2, पालम गाँव दक्षिण पश्चिम दिल्ली, सागरपुर, दिल्ली, **FIR 225/2023, U/s: 12/9/55 Gambling Act,** दिनांक : 18.04.2023, थानाः सागरपुर, दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि इन्होनें किया है) और इन पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **सोवरन सिंह धाकड़** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **सोवरन सिंह धाकड़** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है) इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR 225/2023, U/s: 12/9/55 Gambling Act,** थानाः सागरपुर, दिल्ली के उक्त अभियुक्ती **सोवरन सिंह धाकड़** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **04.11.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री अरिदमन सिंह चीमा, एलडी.
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–03
कमरा नं. 28, पहली मंजिल, मैन बिल्डिंग
पटियाला हाउस कोर्ट, दिल्ली

DP/13985/SW/2026
(Court Matter)

अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 CrPC / 84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता-2023 देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **यूनुस पुत्र** मेहताब, **निवासी** पूजा कॉलोनी, लोनी, गाज़ियाबाद (उ0प्र0), ने **FIR No. 34/2019, U/S 392/34 IPC, पुलिस स्टेशन शास्त्री पार्क, उत्तर–पूर्व जिला, दिल्ली,** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किया गया गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **यूनुस** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **यूनुस** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 34/2019, U/S 392/34 IPC, पुलिस स्टेशन शास्त्री पार्क, उत्तर–पूर्व जिला, दिल्ली,** के उक्त अभियुक्त **यूनुस** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **06.11.2026** को या इससे पहले हाज़िर हो।

आदेशानुसार
सुश्री श्रुति सारस्वत
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–03,
उत्तर–पूर्वी ज़िला, कमरा नं0–22, प्रथम तल,
कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली

DP/13932/NE/2026
(Court Matter)

निगमायुक्त ने किया नई इलेक्ट्रिक मैकेनिकल रोड स्वीपिंग मशीनों के फील्ड ट्रायल का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



दिल्ली नगर निगम के आयुक्त संजीव खिरवार ने गुरूवार को नई इलेक्ट्रिक मैकेनिकल रोड स्वीपिंग मशीनों का फील्ड ट्रायल निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने इन मशीनों की कार्यप्रणाली एवं परिचालन क्षमता का जायजा लिया। इस परियोजना के तहत दिल्ली में पहली बार 55 इलेक्ट्रिक और 15 सीएनजी आधारित एमआरएसएम तैनात की जाएंगी। यूरोप से आयातित ये मशीनें स्वचालित रूप से संचालित (सेल्फ -प्रोपेल्ड) हैं तथा इनकी सफाई क्षमता 2 घन मीटर और 4 घन मीटर है। इस बारे में निगम ने बताया कि यह मशीनें आगामी वायु प्रदूषण सीजन की तैयारियों का हिस्सा है। अगले माह यानी नवंबर के मध्य से दिल्ली में 70 मैकेनाइज्ड रोड स्वीपिंग मशीनें होंगी तैनात, 55 इलेक्ट्रिक और 15 सीएनजी मशीन स्वच्छता व्यवस्था को मजबूत करने में अहम भूमिका निभाएगीं इन मशीनों को फील्ड ट्रायल के लिए दिल्ली में एयरलिफ्ट किया गया है। ये मशीनें आगामी सीजन के दौरान कुल 70 एमआरएसएम की तैनाती से जुड़ी एक महत्वपूर्ण परियोजना का हिस्सा है, जिसके लिए पर्यावरण विभाग, जीएनसीटीडी द्वारा वित्तीय सहायता प्रदान की जा रही है। इन मशीनों में अतिरिक्त तीसरा फ्रंट ब्रश लगाया गया है, जिससे इनकी सफाई क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि होती है तथा सड़क की धूल एवं मलबे को अधिक प्रभावी ढंग से हटाने में मदद मिलेगी। एमसीडी द्वारा इन मशीनों की तैनाती नवंबर 2026 के मध्य से शुरू करने के लिए सभी आवश्यक प्रयास किए जा रहे हैं। निगम अनुसार इन मशीनों को एयरलिफ्ट किया जाना एमसीडी द्वारा अपनी मैकेनाइज्ड स्वच्छता व्यवस्था को त्वरित गति से मजबूत करने तथा आगामी वायु प्रदूषण अवधि के लिए तैयारियों को और बेहतर करने की दिशा में किए जा रहे निरंतर प्रयासों का हिस्सा है। सड़क सफाई एवं स्वच्छता कार्यों में बढ़ते मशीनीकरण के माध्यम से एमसीडी का उद्देश्य सड़कों की स्वच्छता में सुधार करना तथा दिल्ली में धूल से होने वाले वायु प्रदूषण को कम करने के प्रयासों में योगदान देना है।

प्रदूषण नियंत्रण को लेकर भाजपा सरकार ने किए खोखले दावे : यादव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

पर्यावरण संरक्षण और प्रदूषण नियंत्रण के लिए मिली राशि को खर्च न कर पाने पर नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) द्वारा दिल्ली सरकार की आलोचना किए जाने के मामले में दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने कहा कि लगभग 19 महीने तक दिल्ली में सत्ता में रहने के बावजूद भाजपा की रेखा गुप्ता सरकार ने जनता से खोखले वादे किए हैं। यादव ने कहा कि एनजीटी द्वारा यह एक चैंकाने वाला मामला है कि ईसीसी पूल के तहत प्राप्त 1 हजार 935 करोड़ 44 लाख रुपए में से सिर्फ सिर्फ 781 करोड़ 51 लाख ही खर्च किए, लेकिन 1 हजार 153 करोड़ 93 लाख रुपए की राशि का उपयोग नहीं कर पाई। जबकि राजधानी में शीतकालीन प्रदूषण बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि एनजीटी ने पर्यावरणीय क्षति मुआवजे के संग्रह और उपयोग के संबंध में एक अपूर्ण और संक्षिप्त रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण कमेटी को सख्ती से स्पष्ट और पूरी रिपोर्ट जिसमें प्रदूषणकारी इकाइयों की सटीक स्थिति और पर्यावरणीय क्षतिपूर्ति तैनाती का स्पष्ट लेखा-जोखा प्रस्तुत करने के लिए नई रिपोर्ट देने के लिए चार सप्ताह की समय सीमा दी है। यादव ने कहा कि हाल ही में, दिल्ली सरकार ने प्रदूषण से निपटने के लिए एक शीतकालीन कार्य योजना बनाई है, जिसमें वाहनों से निकलने वाले धुंए, 50 प्रतिशत डब्ल्यूएफएच (घर से काम), निर्माण पर प्रतिबंध और उच्च पार्किंग शुल्क शामिल है, जो कि राजधानी में वायु प्रदूषण के सबसे बड़े योगदानकर्ताओं में से एक है। उन्होंने कहा कि अगर पिछले साल का भीषण प्रदूषण का प्रमाण को देखा जाए तो उसमें दिल्लीवासियों को जहरीली हवा रहने को मजबूर कर दिया था। रेखा गुप्ता सरकार की शीतकालीन कार्य योजना पिछले वर्ष की भांति एक बार फिर फ्लॉप शो साबित होगी। यादव ने कहा कि कांग्रेस राजधानी में प्रदूषण के मुद्दे को जोर देकर उठाती रही है कि दिल्ली में वायु प्रदूषण के लिए वाहनों से निकलने वाला धुंआ सबसे घातक योगदानकर्ता था और कांग्रेस के रुख को सेंटर फॉर साइंस एंड एनवायरनमेंट के एक हालिया अध्ययन ने मुहर लगा दी है कि लगातार मानसून की बारिश भी दिल्ली की खराब वायु गुणवत्ता वाले प्रदूषण को नहीं रोक सकी। उन्होंने कहा कि दिवाली के बाद अनियंत्रित पटाखे फोड़ने से वायु प्रदूषण अत्यंत खतरनाक और दमघोटू हो जाएगा। यादव ने कहा कि ट्रिपल इंजन वाली भाजपा सरकार के दिल्ली को हरा-भरा करने के बहुप्रचारित अभियान को भलस्वा लैंडफिल में 5 एकड़ की पुनर्निर्मित जगह पर भलस्वा में बांस पार्क की पहल के विफल होने के बाद वायु प्रदूषण को नियंत्रित करने की रेखा गुप्ता सरकार की पहले सभी कोशिशें विफल साबित हुई है। पड़ोसी राज्यों पराली जलाने से प्रदूषण में बढ़ोतरी पर रोक लगाने में ट्रिपल इंजन की रेखा गुप्ता सरकार के पास जनता को स्वस्थ्य सांस लेने के लिए वातावरण उपलब्ध कराने के लिए कोई जवाब नहीं है।

नई दिल्ली

शुक्रवार 2 अक्टूबर 2026

अश्विन मास कृष्ण पक्ष,
षष्ठी वर्ष : 30, अंक : 165
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

मौसम
अधि. 33
न्यून. 23

हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com



विदेश मंत्रालय बोला, घटना भले ही बाहर हुई हो, लेकिन विमान दुबई में पंजीकृत है और उस पर हमारा ध्वज लगा है

फ्लाईदुबई उड़ान हादसे की न्यायिक जांच से 'सच' का पता लगाने में जुटा यूएई

सऊदी अरब, यूएई के भारतीय राजनयिकों ने की कैप्टन स्मित और उनके परिजनों से मुलाकात, सरकार की तरफ से दिया मदद का भरोसा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

फ्लाईदुबई की उड़ान संख्या एफजेड-1073 की कॉकपिट में भारतीय पायलट कैप्टन स्मित मच्छार और ओमान के सह-पायलट के बीच हुई हिंसक झड़प (चाकू, कुल्हाड़ी का इस्तेमाल) की घटना का संबंध क्या किसी आतंकवादी हमले की साजिश से था? क्या ये उड़ान के दौरान दो पायलटों के बीच आपसी कहासुनी के चरम पर पहुंचने की घटना थी? क्या पश्चिम-एशिया और खाड़ी में जारी युद्ध के बीच ये ईरान या किसी बाहरी संगठन का कोई खौफनाक प्लान था? यह वो तमाम अनसुलझे सवाल हैं। जिनका आगामी वक्त में तफ्सील से खुलासा हो जाएगा। क्योंकि संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के विदेश मंत्रालय ने गुरुवार को एक आधिकारिक बयान जारी कर इस पूरे मामले की न्यायिक जांच (ज्यूडिशियल इंक्वायरी) करने की घोषणा कर दी है। बयान को मंत्रालय ने एक्स पर एक पोस्ट के जरिए ▶▶शेष पेज 8 पर





सऊदी अरब में लैंडिंग, यूएई में जांच

यूएई के विदेश मंत्रालय ने कहा कि जांच के लिए अटॉर्नी जनरल डॉ.हमद अल शम्सी ने घटना से जुड़ी परिस्थितियों और कारणों की पड़ताल के लिए सरकारी अभियोजन के विशेष सदस्यों की एक टीम बनाने का आदेश दे दिया है। यह कदम फ्लाईदुबई के उस ऐलान के बाद उठाया गया ▶▶शेष पेज 8 पर

घटना के सभी पहलुओं की होगी पड़ताल

जांच के दौरान इस घटना से जुड़े हुए सभी पहलुओं की विस्तृत रूप से जांच की जाएगी। जिसमें आतंकी हमले की साजिश की आशंका, पहले से तैयार योजना या किसी आतंकवादी संगठन के निर्देश के तहत की गई कार्रवाई जैसे तथ्यों को गहनता के साथ खंगाला जाएगा। अटॉर्नी जनरल डॉ. शम्सी ने खासतौर पर मीडिया से ये अपील की है कि वो मामले की जांच पूरी होने तक इस संबंध में किसी प्रकार की अटकलों या अपुष्ट खबरों से परहेज करें। केवल आधिकारिक स्रोतों से दी जा रही जानकारी, बयानों पर ही विश्वास को बनाए रखें। वहीं, यूएई ने इस घटना को लेकर सऊदी अरब के अधिकारियों द्वारा प्रदान किए गए जरूरी सहयोग के लिए उनके प्रति आभार व्यक्त किया है।



पीएम मोदी ने की तारीफ

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी कैप्टन स्मित मछार की बहादुरी की जमकर तारीफ की। एक्स पर पोस्ट करते हुए पीएम मोदी ने लिखा कि कैप्टन स्मित मछार एक हीरो हैं। बेहद गंभीर खतरे के बीच और खुद बुरी तरह घायल होने के बावजूद उन्होंने जबरदस्त हिम्मत दिखाई और ▶▶शेष पेज 8 पर

नेतन्याहू और ट्रंप ने बताया 'सच्चा हीरो'

इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने भी भारतीय पायलट को सलाम किया। उन्होंने लिखा कि भारतीय पायलट कैप्टन स्मित की असाधारण बहादुरी को मेरा सलाम। उन्होंने उन्हें 'सच्चा हीरो' बताते हुए उनके जल्द और पूरी तरह ठीक होने की कामना की। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भी कैप्टन स्मित मछार को 'हीरो' करार दिया। ट्रंप ने कहा कि कैप्टन स्मित ▶▶शेष पेज 8 पर


नेतन्याहू और ट्रंप

Ninh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

खबर संक्षेप

10 अक्टूबर को होगा भारत-पाकिस्तान का महामुकाबला

नई दिल्ली। आईसीसी वनडे विश्व कप 2027 का कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। इसमें भारत और पाकिस्तान को ग्रुप-ए में रखा गया है। दोनों चिर प्रतिद्वंद्वी टीमों के बीच बहुप्रतीक्षित मुकाबला 10 अक्टूबर 2027 को जोहान्सबर्ग में खेला जाएगा। ग्रुप-ए में भारत और पाकिस्तान के अलावा ऑस्ट्रेलिया, अफगानिस्तान, जिम्बाब्वे और क्वालिफायर-ए शामिल हैं। शुरुआती (ग्रुप) चरण में कुल 12 टीमों को 6-6 के दो ग्रुपों में बांटा गया है। इस चरण में प्रत्येक टीम अपने ग्रुप की बाकी 5 टीमों से एक-एक मैच खेलेगी, यानी हर देश को शुरुआती चरण में 5 मैच खेलने होंगे। दोनों ग्रुप की शीर्ष तीन-तीन टीमें होंगी।



पिकनिक मनाने गए 8 छात्रों की समुद्र में डूबने से मौत

मुंबई। महाराष्ट्र के रायगढ़ जिले स्थित प्रसिद्ध दिवेआगर बीच पर एक दर्दनाक हादसा हो गया। पुणे की एक प्राइवेट कोचिंग क्लास से पिकनिक मनाने आए 8 छात्रों की समुद्र में डूबने से मौत हो गई। 11वीं और 12वीं कक्षा के ये छात्र दोपहर के समय समुद्र में नहाने उतरे थे। इसी दौरान अचानक उठीं तेज लहरों और पानी के तेज बहाव की चपेट में आने से सभी छात्र गहरे पानी में बह गए। स्थानीय लोगों, वाटर स्पोर्ट्स कर्मियों और बचाव दल ने कड़ी मशक्कत के बाद सभी आठों छात्रों के शवों को बाहर निकाला। हादसे के बाद सभी मृतकों के शवों को बोर्ली पंचतन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। वहां आगे की जरूरी प्रक्रिया शुरू की गई। अधिकारी तथ्यों की जांच कर रहे हैं।



बालाघाट में मृत आदिवासी बच्चों के परिजनों से मिले सांसद राहुल गांधी

राहुल: वंचितों को न हक मिला न मुआवजा भाजपा: क्या राहुल कभी कांवरे के घर गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालाघाट

आदिवासियों के बहाने भाजपा और कांग्रेस में सियासी गर्माहट तेज हो गई है और आरोप-प्रत्यारोप का दौर चल पड़ा है

मध्य प्रदेश के बालाघाट में आदिवासी बच्चों की मौत के मामले में सियासत गर्म है। गुरुवार को लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी बालाघाट के जगला गांव पहुंचे। जहां बीमारी के चलते कुछ आदिवासी बच्चों की मौत हो गई थी। बच्चों को खोने वालें परिवारों से राहुल गांधी मिले और उन्होंने संवेदनाएं व्यक्त की। उनसे बातचीत के बाद राहुल ने पत्रकारों से बात करते हुए राज्य सरकार पर निशाना साधा। कहा कि यहां न तो आदिवासियों को हक मिला है और न ही मुआवजा। यहां तक की इलाज की ठीक से व्यवस्था नहीं है।

वहीं दूसरी तरफ भाजपा ने तत्काल पलटवार करते हुए प्रेस कॉन्फ्रेंस की और कहा कि राहुल गांधी को आरोप लगाने से पहले खुद के गिरेबान में झांकना चाहिए। उन्हें बताना चाहिए कि कांग्रेस सरकार में उन्ही के मंत्री रहे लिखीराम कांवरे की नृशंस हत्या कर ▶▶शेष पेज 8 पर

राहुल ने कहा

कांग्रेस की सरकार आने दीजिए खुलकर मदद करेंगे, बिल लेकर आएंगे, आदिवासियों के हक के लिए काम करेंगे


पीड़ित परिवारों से बातचीत करते हुए सांसद राहुल गांधी

सांसद ने कहा- आदिवासियों को देश के बीचों बीच छोड़ दिया गया है मानो उनके लिए न तो केंद्र सरकार है और न ही मध्य प्रदेश सरकार

लाड़लियों को नहीं मिला सरकारी योजनाओं का लाभ

राहुल गांधी ने कहा कि एक और बात है। अगर किसी महिला को एक सरकारी योजना के तहत आर्थिक सहायता मिलती है, तो लाड़ली बहना योजना का पैसा काट लिया जाता है। अगर सरकार दो योजनाएं चला रही है, तो लोगों को दोनों योजनाओं का ▶▶शेष पेज 8 पर

लोकसभा में उठाएंगे मुद्दा

राहुल गांधी बोले मैं विपक्ष की तरफ से, कांग्रेस पार्टी की ओर से कहना चाहता हूं कि आप अपना काम कीजिए। शिक्षा दीजिए, अस्पताल दीजिए, इनका जो हक वो दीजिए। हमने तो उनसे कहा है कि जैसे ही हमारी सरकार आएगी, हम इनकी मदद करेंगे। हम बिल लाएंगे। हम इनकी शिक्षा में विश्वास ▶▶शेष पेज 8 पर

बिप्लब देब और हेमंत खंडेलवाल ने राहुल गांधी से मांगे जवाब

केवल भाजपा से सवाल न करें नक्सलवाद और कांग्रेस के शासनकाल का हिसाब भी जनता को दें

भोपाल। दो दिनों के लिए भोपाल आए भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री एवं प्रदेश प्रभारी बिप्लब कुमार देब ने गुरुवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर बड़ा हमला बोला है। इस दौरान प्रदेश भाजपा अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने भी कांग्रेस से कई सवालों के जवाब मांगे। पत्रकारों से बात करते हुए प्रदेश प्रभारी बिप्लब कुमार देब ने कहा कि राहुल गांधी बालाघाट में हैं, उनका स्वागत है। लेकिन, आदिवासी समाज के बीच जाकर उन्हें यह भी बताना चाहिए कि कांग्रेस के लंबे शासनकाल में आदिवासी क्षेत्रों के विकास और वहां की समस्याओं के समाधान के लिए क्या ठोस कदम उठाए गए। देब ने कहा कि राहुल गांधी केवल भाजपा से सवाल न करें, कांग्रेस के शासनकाल का हिसाब भी जनता को दें। जिन समस्याओं को लेकर वे आज सवाल उठा रहे हैं, उनके समाधान के लिए कांग्रेस ने अपने लंबे शासनकाल में क्या किया, यह भी जनता के सामने स्पष्ट ▶▶शेष पेज 8 पर


हेमंत खंडेलवाल, बिप्लब देब

मुख्यमंत्री सैनी ने हिसार में कृषि मेले में कृषि प्रदर्शनी का किया अवलोकन, प्रदेशभर के 45 प्रगतिशील किसानों को किया सम्मानित

धान की जगह पर वैकल्पिक फसलें बोने पर 1.59 लाख किसानों को 166 करोड़ रुपए की वित्तीय सहायता : मुख्यमंत्री



कम पानी में अधिक उत्पादन, फसल विविधीकरण और आधुनिक तकनीकों को अपनाने का किया आह्वान

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने बृहस्पतिवार को कहा कि बदलती जलवायु परिस्थितियों और प्राकृतिक संसाधनों पर बढ़ते दबाव को देखते हुए प्रदेश में ऐसी कृषि पद्धतियों को बढ़ावा देना समय की आवश्यकता है, जिनसे कम पानी और कम संसाधनों में अधिक उत्पादन प्राप्त किया जा सके। सतत कपास उत्पादन, फसल विविधीकरण और जल संसाधनों का संरक्षण आज की खेती की जरूरत ही नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए सुरक्षित कृषि व्यवस्था ▶▶शेष पेज 8 पर

सतत कपास उत्पादन और बदलती जलवायु के अनुरूप तकनीक विकसित करने पर जोर

मुख्यमंत्री नायब ने कहा कि कपास हरियाणा की महत्वपूर्ण नकदी फसलों में से एक है। यह फसल विशेष रूप से सिरसा, फतेहाबाद, हिसार और आसपास के क्षेत्र में लाखों किसान परिवारों की आजीविका से जुड़ी हुई है। इसलिए इसे हम गर्व से सफेद सोना कहते हैं। हमारे कृषि विश्वविद्यालय और सिरसा स्थित कपास अनुसंधान केंद्र ने नई किस्मों, बेहतर बीज और वैज्ञानिक फसल प्रबंधन में ▶▶शेष पेज 8 पर

एशियन गेम्स पुरुष हॉकी सेमीफाइनल

पाक को रौंदकर भारत फाइनल में पहुंचा, अभिषेक ने पलटी बाजी


जीत का जश्न मनाते हुए

पाकिस्तान को 4-3 से हराया, अब मलेशिया से होगा खिताबी मुकाबला

एजेंसी ▶▶ नागोया

एशियन गेम्स 2026 के पुरुष हॉकी सेमीफाइनल में भारत ने रोमांचक मुकाबले में पाकिस्तान को 4-3 से हराकर फाइनल में प्रवेश कर लिया। 59 मिनट तक दोनों टीमें 3-3 की बराबरी पर ▶▶शेष पेज 8 पर

नए आपराधिक कानूनों की प्रदर्शनी का उद्घाटन करेंगे

आज भोपाल आएंगे अमित शाह कल गोपालकों से करेंगे संवाद



डेयरी प्लांट का शुभारंभ समेत कई कार्यक्रम में होंगे शामिल

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह शुक्रवार 2 अक्टूबर की रात लगभग 9 बजे भोपाल आएंगे और होटल ताज में रात्रि विश्राम करेंगे। शनिवार 3 अक्टूबर को उनका दिन भर विभिन्न सरकारी और सार्वजनिक कार्यक्रमों में व्यस्त कार्यक्रम रहेगा। वे लगभग 23 घंटे राजधानी में रह कर रात 8 बजे भोपाल से रवाना होंगे। शाह भेल दशहरा मैदान में आयोजित राज्य स्तरीय गोपालक सम्मेलन में शामिल होकर उनसे संवाद करेंगे। इसमें प्रदेशभर से 35 हजार से अधिक गोपालक ▶▶शेष पेज 8 पर

पीएम मोदी से मिले मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव



2027 के ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में प्रधानमंत्री को किया आमंत्रित

नई दिल्ली। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गुरुवार को नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात कर उनका मार्गदर्शन प्राप्त किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने मध्यप्रदेश में चल रहे विकास कार्यों, जनकल्याणकारी योजनाओं, उपलब्धियों, निवेश और प्रदेश की प्रगति से जुड़े विभिन्न विषयों की जानकारी प्रधानमंत्री को दी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने वर्ष ▶▶शेष पेज 8 पर

एनसीईआरटी का नया पाठ्यक्रम

कक्षा नवमीं के छात्र पढ़ेंगे इनकम टैक्स

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद् (एनसीईआरटी) ने कक्षा-9 के पाठ्यक्रम में व्यक्तिगत आयकर को शामिल किया है और ईमानदारी से कर चुकाने को नागरिकों का एक महत्वपूर्ण दायित्व बताने वाला संदेश भी दिया गया है। नया शैक्षणिक सत्र शुरू होने के छह महीने बाद, मंगलवार को 'अंडरस्टैंडिंग सोसाइटी इंडिया एंड बियॉन्ड-पार्ट 2' शीर्षक से किताब जारी की गई। पाठ्यपुस्तक का पहला भाग जून में जारी किया गया था। एनसीईआरटी प्रमुख दिनेश प्रसाद सकलानी के अनुसार, अब छात्र नयी व्यवस्था के तहत कर स्लैब के हिसाब से आयकर की वास्तविक गणना को समझ सकते हैं – इस आयु के बच्चों (कक्षा 9) के लिए यह ▶▶शेष पेज 8 पर



खास खबर

टैक्स की जानकारी सिर्फ गणना तक सीमित नहीं

पाठ्यपुस्तक में कहा गया है कि भारत आयकर की गणना के लिए स्लैब प्रणाली का पालन करता है, जैसा कि सारणी में दिखाया गया है। इसके बाद नयी कर व्यवस्था के तहत कर स्लैब का एक चार्ट दिया गया है। इसे एक अप्रैल, 2023 से 'डिफ़ॉल्ट' कर व्यवस्था बना दिया गया, जिसका मतलब है कि करदाताओं को अपने-आप इसमें शामिल कर लिया जाता है, जब तक कि वे खास तौर पर पुरानी व्यवस्था को न चुनें। इस अध्याय में 'व्यक्तिगत वित्त स्तंभों' पर एक और खंड है, ▶▶शेष पेज 8 पर

सेशेल्स के समुद्र तट के पास इंजन में आई थी खराबी

यह जानकारी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने एक्स पर एक पोस्ट के जरिए दी है

बीच समुद्र में फंसे 17 भारतीय मछुआरों को सेशेल्स ने पहुंचाई मदद, भारत बोला 'शुक्रिया'

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भारत के दक्षिण-पश्चिम में करीब 4 हजार किलोमीटर की दूरी पर स्थित सेशेल्स के समुद्र तट के पास इंजन में आई खराबी की वजह से संकट में फंसी नाव 'आईएफबी साजिरा' पर सवार भारत के 17 मछुआरों को सुरक्षित बचा लिया गया है। जिसमें सेशेल्स की सरकार द्वारा प्रदान की गई त्वरित कार्रवाई का बेहद महत्वपूर्ण योगदान है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने गुरुवार को एक्स पर एक पोस्ट के माध्यम से यह जानकारी देते हुए बताया कि भारत सरकार ने अपने देश के 17 लोगों की मुश्किल के समय पर की गई जीवन रक्षा के लिए सेशेल्स के प्रति आभार जताया है।



आमजन की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता

उन्होंने पोस्ट में ये भी कहा कि इस घटना से भारत और सेशेल्स के बीच मौजूद स्थायी और मित्रतापूर्ण संबंधों का साक्षात प्रमाण देखने को मिलता है। इसके अलावा दोनों देशों की आम-जनता की सुरक्षा और कल्याण को लेकर बनी हुई साझा प्रतिबद्धता भी प्रदर्शित होती है।

समुद्र में बस बह रही थी नाव

इंजन फेल होने की यह घटना कुछ दिन पहले हुई थी। जिसके बाद यह नौका और उसमें सवार मछुआरे बस असहाय स्थिति में समुद्र में बह रहे थे। सेशेल्स में भारत के उच्चायुक्त रोहित रतीश ने सुरक्षित बचाए गए भारतीयों से मुलाकात कर उनके हालात के बारे में जानकारी ली है।

खबर संक्षेप

पुजारी हत्याकांड में तीसरा आरोपी गिरफ्तार

फरीदाबाद। सेक्टर-30 बाईपास रोड पर नहर किनारे मंदिर के पास पुजारी की हत्या के मामले में क्राइम



ब्रांच डीएलएफ ने कार्रवाई करते हुए तीसरे आरोपी रोहताश निवासी ओल्ड फरीदाबाद को गिरफ्तार किया है। आरोपी को अदालत में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। पुलिस ने बताया कि प्रारंभिक पूछताछ में सामने आया कि आरोपी मंदिर के पास नशा कर रहे थे। पुजारी द्वारा उन्हें नशा करने से रोकने पर आरोपियों ने उसके साथ मारपीट की थी। इसी दौरान पत्थर के सिल-बट्टे से सिर पर वार करने से पुजारी गंभीर रूप से घायल हो गया, बाद में उसकी मृत्यु हो गई। पूछताछ में यह भी सामने आया कि चारों आरोपी रोहताश के ऑटो में बैठकर दिल्ली से स्मैक लेकर आए थे। वारदात के बाद आरोपियों ने मंदिर से पुजारी का सामान चोरी किया और इसी ऑटो में बैठकर मौके से फरार हो गए। वारदात में प्रयुक्त ऑटो बरामद कर लिया है।

फोन झपटने का आरोपी सेक्टर-30 से दबोचा

फरीदाबाद। फरीदाबाद पुलिस द्वारा झपटमारों पर लगातार कार्रवाई की जा रही है, जिस पर व्यक्ति से फोन छीनकर फरार होने के एक



मामले में कार्रवाई करते हुये क्राईम ब्रांच सेक्टर-30 की टीम ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है, जिसकी पहचान अजीत वासी गांव सुनपेड फरीदाबाद के रुप में हुई है पुलिस के अनुसार सेक्टर-58 वासी एक व्यक्ति ने थाना सेक्टर.58 में दी अपनी शिकायत में बताया कि 29 सितंबर की रात को वह सेक्टर.58 स्थित ठेके की दुकान के बगले में पकोड़ो की दुकान लगाता है, जब वह अपनी दुकान बंद कर घर के लिए जाने लगा तो तीन लडके अपाचे मोटरसाइकिल पर आए और उसका फोन छीनकर वहां से फरार हो गये। जिस संबंध में थाना सेक्टर.58 में संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया गया। पूछताछ में सामने आया कि आरोपी अपने दो अन्य 2 दोस्तों के साथ मोटरसाइकिल पर सवार होकर आये थे तथा शिकायतकर्ता से फोन छीनकर फरार हो गये। आरोपी को माननीय न्यायलय में पेश कर पुलिस रिमांड पर लिया गया है।

शास्त्री ने कहा-12 दिसंबर की कर्मचारी आक्रोश रैली में राज्य से हजारों की संख्या में कर्मचारी होंगे शामिल

भगत सिंह के विचारों से प्रेरणा लेकर साम्राज्यवाद व साम्प्रदायिकता के खिलाफ निर्णायक संघर्ष का निर्माण करे उपाध्यक्ष मलिक

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा की जिला कमेटी द्वारा शहीद भगत सिंह के विचार और वर्तमान दौर में साम्राज्यवाद व साम्प्रदायिकता की चुनौती विषय पर चिमनी बाई धर्मशाला में सेमिनार आयोजित किया गया। सेमीनार की अध्यक्षता जिला प्रधान करतार सिंह जागलान ने की।

सेमिनार में सैकड़ों की संख्या में विभिन्न विभागों के कर्मचारी नेताओं, पदाधिकारियों और कर्मचारियों ने भाग लेते हुए भगत सिंह के विचारों को वर्तमान सामाजिक, राजनीतिक और आर्थिक परिस्थितियों में प्रासंगिक बताया। सेमीनार में सीआईटीयू के राज्य उपाध्यक्ष सुरेन्द्र सिंह बतौर मुख्य वक्ता भाग लिया। सेमीनार में अखिल भारतीय राज्य सरकारी कर्मचारी महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुभाष लांबा, पूर्व कोषाध्यक्ष श्रीपाल सिंह भाटी, सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के राज्य प्रधान नरेश कुमार शास्त्री, सीटू के जिला प्रधान निरंतर पाराशर, रिटायर्ड कर्मचारी संघ हरियाणा के उप प्रधान यूएम खान, जिला प्रधान लज्जा राम, नप क संघ के डिप्टी जरनल सेकेट्री सुनील चिंडालिया व हरियाणा टूरिज्म कर्मचारी संघ के महासचिव सुभाष देसवाल आदि मौजूद थे। सेमिनार का उद्घाटन करते हुए सीआईटीयू के राज्य उपाध्यक्ष सुरेन्द्र मलिक ने कहा कि आज देश के मेहनतकशों, मजदूरों और किसानों की व्यापक एकता कायम कर साम्राज्यवाद तथा साम्प्रदायिकता के खिलाफ निर्णायक संघर्ष को मजबूत करना समय की जरूरत है।



सरकारी विभागों में लगातार पद समाप्त किए जा रहे हैं

अखिल भारतीय राज्य सरकारी कर्मचारी महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुभाष लांबा ने केन्द्र व राज्य सरकारों की कर्मचारी विरोधी नीतियों पर तीखा हमला बोलते हुए पुरानी पेंशन बहाली, कर्मचारियों के नियमितीकरण, निजीकरण पर रोक और आठवें वेतन आयोग की सिफारिशों के लिए संघर्ष तेज करने का आह्वान किया। सरकारी विभागों में लगातार पद समाप्त किए जा रहे हैं और स्थायी काम ठेका, आउटसोर्स तथा अस्थायी कर्मचारियों से कराया जा रहा है, जिससे कर्मचारियों के अधिकारों और रोजगार की सुरक्षा पर गंभीर खतरा पैदा हो गया है। 12 दिसंबर को दिल्ली के रामलीला मैदान में होने वाली कर्मचारी आक्रोश रैली में बढ़-चढक़र भागीदारी सुनिश्चित करने की अपील की। उन्होंने कहा कि यह रैली कर्मचारियों की लंबित मांगों को राष्ट्रीय स्तर पर मजबूती से उठाने का महत्वपूर्ण अवसर होगी। सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के राज्य प्रधान नरेश कुमार शास्त्री ने कहा कि सरकार ठेका, आउटसोर्स और दैनिक वेतन की व्यवस्था समाप्त कर कर्मचारियों को नियमित करने को तैयार नहीं है। कर्मचारियों को कम वेतन, असुरक्षित रोजगार और सामाजिक सुरक्षा से वंचित रहना पड़ रहा है।

वायु एवं जल प्रदूषण की रोकथाम के लिए सभी विभाग मिलकर करें ठोस प्रभावी एवं समयबद्ध कार्रवाई

पर्यावरण संरक्षण को प्रशासनिक कार्यप्रणाली का अनिवार्य हिस्सा बनाएं : राम कुमार कश्यप

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

हरियाणा विधानसभा की प्रदूषण तथा पर्यावरण संबंधी समिति के चेयरमैन एवं विधायक राम कुमार कश्यप ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल किसी एक विभाग की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि सभी विभागों, प्रशासनिक अधिकारियोंए सरकार और आमजन की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि पर्यावरण संरक्षण को प्रशासनिक कार्यप्रणाली का अनिवार्य हिस्सा बनाते हुए वायु एवं जल प्रदूषण की रोकथाम के लिए ठोस, प्रभावी और समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

चेयरमैन रामकुमार कश्यप आज फरीदाबाद में हरियाणा विधानसभा की प्रदूषण तथा पर्यावरण संबंधी समिति की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक में हरियाणा विधानसभा की प्रदूषण तथा पर्यावरण संबंधी समिति के मेंबर विधायक घनश्याम दास, विधायक मूलचंद शर्मा, विधायक सतीश फागना, विधायक मामन खान, हरियाणा विधानसभा कमिटी मेंबर सुनील कुमार, उपायुक्त आयुष सिन्हा, नगर निगम कमिश्नर यशेंद्र सिंह मौजूद रहे।

चेयरमैन राम कुमार कश्यप ने कहा कि विकास के साथ पर्यावरण संरक्षण की चुनौती भी लगातार बढ़ रही है। जलवायु परिवर्तन, वायु प्रदूषण, जल प्रदूषण, प्लास्टिक कचरा और घटता हरित क्षेत्र आज गंभीर विषय हैं। इसलिए सभी विभागों को अपने-अपने स्तर पर कार्य करने के साथ-साथ आपसी समन्वय से भी प्रभावी कदम उठाने होंगे। उन्होंने जिला फरीदाबाद के वायु गुणवत्ता सूचकांक का उल्लेख करते हुए चेयरमैन ने कहा कि बैठक के समय फरीदाबाद का एक्यूआई ज्यादा दर्ज किया गया है, जबकि बेहतर वायु गुणवत्ता के लिए इसे 50 से नीचे रखना आवश्यक है।

चेयरमैन राम कुमार कश्यप ने एयर पॉल्यूशन कंट्रोल डिवाइस तथा एफ्लुएंट ट्रीटमेंट प्लांट स्थापित करने के लिए दी जा रही सब्सिडी की भी समीक्षा की। अधिकारियों ने बताया कि निर्धारित योजना के तहत पात्र औद्योगिक इकाइयों को इन उपकरणों की स्थापना के लिए 50 प्रतिशत तक तथा अधिकतम 50 लाख रुपए तक की सब्सिडी का प्रावधान है

- सेक्टर-62-63 व अलफ्लाह यूनिवर्सिटी में पौधरोपण कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश
- वायु एवं जल प्रदूषण की रोकथाम के लिए



प्रदूषण की रोकथाम के लिए ठोस कार्ययोजना लागू करना जरूरी

सर्दियों के दौरान वायु प्रदूषण की स्थिति और चुनौतीपूर्ण हो जाती है। ऐसे में प्रदूषण की रोकथाम के लिए समय रहते ठोस कार्ययोजना लागू करना जरूरी है। उन्होंने कहा कि औद्योगिक इकाइयों द्वारा पर्यावरणीय मानकों का पालन सुनिश्चित किया जाए। उद्योगों से निकलने वाले प्रदूषित पानी की निगरानी के साथ यह भी सुनिश्चित किया जाए कि उपचारित पानी का अधिक से अधिक पुनः उपयोग हो। उन्होंने अधिकारियों से ईटीपी की कार्यप्रणाली, उपचारित पानी की मात्रा तथा उसके उपयोग की स्थिति की जानकारी लेने के निर्देश दिए। चेयरमैन राम कुमार कश्यप ने एयर पॉल्यूशन कंट्रोल डिवाइस तथा एफ्लुएंट ट्रीटमेंट प्लांट स्थापित करने के लिए दी जा रही सब्सिडी की भी समीक्षा की। अधिकारियों ने बताया कि निर्धारित योजना के तहत पात्र औद्योगिक इकाइयों को इन उपकरणों की स्थापना के लिए 50 प्रतिशत तक तथा अधिकतम 50 लाख रुपये तक की सब्सिडी का प्रावधान है। चेयरमैन ने निर्देश दिए कि सब्सिडी प्राप्त करने वाली इकाइयों का भौतिक निरीक्षण भी किया जाए तथा यह सुनिश्चित किया जाए कि संबंधित उपकरण निर्धारित मानकों के अनुरूप स्थापित और संचालित हो रहे हैं।

कचरा प्रबंधन एवं डंपिंग व्यवस्था की समीक्षा की

फरीदाबाद में कचरा प्रबंधन एवं डंपिंग व्यवस्था की भी समीक्षा की। उन्होंने कहा कि शहर से एकत्रित होने वाले कचरे का वैज्ञानिक तरीके से प्रबंधन, पृथक्करण और निस्तारण जरूरी है। विशेष रूप से प्लास्टिक कचरे के उचित प्रबंधन पर ध्यान दिया जाए ताकि खुले में कचरा जलाने तथा उससे होने वाले वायु प्रदूषण को रोका जा सके। चेयरमैन राम कुमार कश्यप ने तार जलाने जैसी गतिविधियों पर भी प्रभावी रोक लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ऐसी छोटी औद्योगिक गतिविधियों की पहचान कर नियमानुसार कार्रवाई की जाए, क्योंकि तार अथवा अन्य सामग्री को जलाने से वायु प्रदूषण बढ़ता है। इसी प्रकार धूल प्रदूषण, सड़क रखरखाव तथा निर्माण गतिविधियों के दौरान धूल नियंत्रण के उपायों को भी प्रभावी ढंग से लागू किया जाए।

कार्ययोजना की जानकारी समिति के समक्ष प्रस्तुत करें

बैठक के दौरान चेयरमैन राम कुमार कश्यप ने ने संबंधित विभागों के अधिकारियों से कहा कि वे अपने विभाग द्वारा पर्यावरण संरक्षण एवं प्रदूषण नियंत्रण के लिए अब तक किए गए कार्यों तथा आगामी कार्ययोजना की जानकारी समिति के समक्ष प्रस्तुत करें। उन्होंने कहा कि सभी विभाग अपने विषय से संबंधित कार्यों की नियमित निगरानी करें और जहां कमियां सामने आएं, वहां तत्काल सुधारात्मक कार्रवाई सुनिश्चित करें। बैठक के बाद समिति द्वारा सेक्टर-56 गुरुग्राम कैनाल, सीईटीपी साइट, एल्क्ट्रोपॉलेटिंग जोन सेक्टर. 58, प्रतापगढ एसटीपी, जेसीबी, सेक्टर-62-63 और अलफ्लाह यूनिवर्सिटी का फील्ड निरीक्षण भी किया गया। समिति ने कचरा प्रबंधन एवं डंपिंग व्यवस्था, औद्योगिक क्षेत्र, औद्योगिक इकाइयों में प्रदूषण नियंत्रण के उपायए एचएसवीपी के ग्रीन बेल्ट एवं पौधारोपण कार्य सहित पर्यावरण से संबंधित विभिन्न व्यवस्थाओं का मौके पर जायजा लिया। इस दौरान अधिकारियों से मौके पर उपलब्ध व्यवस्थाओं एवं पर्यावरण संरक्षण के लिए किए जा रहे कार्यों की जानकारी ली गई।

मॉडल स्कूल में आयोजित हुआ विवि एवं उच्च शिक्षा मेला

उच्च शिक्षा मेले में विद्यार्थियों को मिली करियर की दिशा



- विशेषज्ञों ने मेले में विद्यार्थियों को मार्गदर्शन दिया
- आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के बारे में विशेष जानकारी देना

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुरुग्राम

ब्लू बेल्स मॉडल स्कूल, गुरुग्राम में विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा और करियर के विकल्पों की जानकारी देने के लिए विश्वविद्यालय एवं उच्च शिक्षा मेला-2026 'करियर कॉम्पास-वेयर ड्रीम फाइंड डायरेक्शन' आयोजित किया गया। आईड्रीम करियर के सहयोग से आयोजित मेले में कक्षा 11वीं और 12वीं के विद्यार्थियों के साथ उनके अभिभावकों ने भी हिस्सा लिया। मेले में अशोका यूनिवर्सिटी, लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी, पर्ल एकेडमी, यूपीईएस देहरादून, एनआईआईटी, करियर लॉन्चर और आईडीपी सहित विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों ने सहभागिता की। विद्यार्थियों और अभिभावकों ने संस्थानों के प्रतिनिधियों से सीधे संवाद कर प्रवेश प्रक्रिया, पात्रता, पाठ्यक्रम और उच्च शिक्षा के अवसरों से जुड़ी जानकारी प्राप्त की। करियर मार्गदर्शन के लिए विशेष सत्र भी आयोजित किए गए।

कक्षा 11वीं के विद्यार्थियों के लिए ओरिएंटेशन सत्र आयोजित किया गया

आईड्रीम करियर काउंसिल की वरिष्ठ काउंसलर मंजू पंवार और एडलर्न कंसल्टेंट की संस्थापक अमृत जग्गी ने विद्यार्थियों को करियर नियोजन और भविष्य की संभावनाओं के संबंध में मार्गदर्शन दिया। कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों के लिए मार्गदर्शित स्टॉल भ्रमण और कक्षा 11वीं के विद्यार्थियों के लिए ओरिएंटेशन सत्र आयोजित किया गया। मोक्ष इंटरनेशनल स्कूल, एसडी मेमोरियल स्कूल और एसडी हैरिटेज स्कूल के विद्यार्थियों और शिक्षकों ने भी मेले में हिस्सा लिया। आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के विभिन्न विकल्पों की जानकारी देकर करियर चयन में बेहतर निर्णय लेने में मदद करना रहा।

नकदी-आभूषण चोरी के मामले में तीन गिरफ्तार

क्राइम ब्रांच सेक्टर-85 की टीम पांच दिन के पुलिस रिमांड पर लेकर कर रही है पूछताछ

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

घरों में चोरी की वारदातों पर अंकुश लगाने के लिए फरीदाबाद पुलिस द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में क्राइम ब्रांच सेक्टर-85 की टीम ने सेक्टर-29 क्षेत्र में घर का ताला तोड़कर नकदी व आभूषण चोरी करने के मामले में 3 आरोपियों को प्रोडक्शन पर लेकर गिरफ्तार किया है। जिनके नाम शिवम, राहुल और सोनू, निवासी उत्तम नगर, दिल्ली है। आरोपी पुलिस टीम पर फायरिंग करने के मामले में नीमका जेल में बंद थे।

पुलिस ने आरोपियों को अदालत में पेश कर 5 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया है। पुलिस के अनुसार



सेक्टर-29 निवासी महिला ने पुलिस चौकी सेक्टर-28 में शिकायत दी थी कि 12 सितंबर की शाम वह अपने पति के साथ किसी काम से दिल्ली गई थी। जब दंपती वापस घर लौटे तो मकान का ताला टूटा हुआ था। घर के अंदर सामान बिखरा पड़ा था। जांच करने पर पता चला कि अलमारी में रखी नकदी और आभूषण गायब थे। शिकायत पर थाना सेक्टर-31 में चोरी की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि तीनों आरोपी आपस में दोस्त हैं। जिन्होंने मिलकर 12-13 सितंबर की रात सेक्टर-29 स्थित मकान को निशाना बनाया। आरोपियों ने रॉड की मदद से घर का ताला तोड़ा और अंदर दाखिल होकर अलमारी से नकदी व आभूषण चोरी कर लिए, वारदात के बाद तीनों आरोपी मौके से फरार हो गए। आरोपियों के खिलाफ पहले से भी चोरी के कई मामले दर्ज हैं। सोनू के खिलाफ दिल्ली और फरीदाबाद में चोरी के 27 मामले, जबकि आरोपी शिवम और राहुल के खिलाफ दिल्ली में चोरी के 12.12 मामले दर्ज हैं।

साइकिल और संगीत के संग मनेगा राहगिरी डे

फिटनेस, स्ट्रीट आर्ट और सांस्कृतिक कार्यक्रमों से सजेगा इनर सर्कल

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुरुग्राम

राहगिरी डे पर कनॉट प्लेस का इनर सर्कल वाहनों के शोर के बजाय संगीत, साइकिल और लोगों की चहल-पहल से गुलजार नजर आएगा। चार अक्टूबर को यहां आयोजित राहगिरी डे में इनर सर्कल को कार-मुक्त रखा जाएगा और पैदल चलने वालों तथा साइकिल सवारों को प्राथमिकता दी जाएगी। लोगों के लिए संगीत, फिटनेस, खेल, स्ट्रीट आर्ट और सामुदायिक गतिविधियों का आयोजन होगा। कार्यक्रम का सबसे बड़ा आकर्षण सेंट्रल पार्क में भारतीय रॉक बैंड यूफोरिया की लाइव प्रस्तुति होगी। इसके साथ स्थानीय कलाकारों की सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी होंगी। फिट इंडिया की 'संडेज ऑन साइकिल' पहल के तहत सामुदायिक साइकिलिंग ड्राइव आयोजित की जाएगी। फिटनेस गतिविधियों और खेलों में लोग सीधे भाग ले सकेंगे। राहगिरी डे का आयोजन एनडीएमसी और दिल्ली ट्रैफिक पुलिस संयुक्त रूप से कर रहे हैं। फिट इंडिया और राहगिरी फाउंडेशन सहयोगी हैं, जबकि नागरो फाउंडेशन इसका समर्थन कर रहा है। इनर सर्कल में संवादात्मक कार्यशालाएं, स्ट्रीट आर्ट, खेल और फिटनेस गतिविधियों के साथ युवाओं की भागीदारी तथा नागरिक सहभागिता पर केंद्रित कार्यक्रम होंगे।

हेल्थ प्लान हटाने के नाम पर 1.23 लाख की ठगी, दो को दबोचा

फरीदाबाद। क्रेडिट कार्ड पर हेल्थ प्लान एक्टिव होने की बात कहकर उसे डिएक्टिवेट करने के नाम पर 1,23,700 रुपये की साइबर ठगी करने के मामले में साइबर थाना बल्लभगढ़ पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान अरविंद कुमार निवासी उत्तम नगर दिल्ली तथा तालिम असद निवासी गीता कॉलोनी, दिल्ली के रूप में हुई है।

उद्योगों की बिजली संबंधी समस्याओं का प्राथमिकता से होगा



फरीदाबाद। लघु उद्योग भारती फरीदाबाद की चौथी कार्यकारिणी बैठक सेक्टर-21सी स्थित होटल पार्क प्लाजा में आयोजित की गई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम के एसई अमित कुमार कंबोज, कार्यक्रम चेयरमैन एवं सलाहकार समिति के चेयरमैन बी आर भाटिया, विशिष्ट अतिथि के रूप में राज कुमार अग्रवाल उपस्थित रहे। इसके साथ ही बिजली विभाग की और से गेस्ट ऑफ ऑनर के रूप में एक्सईएन फरीदाबाद संजय मंगला एवं देवेंद्र एक्सईएन, पंकज एक्सईएन, एक्सईएन श्रीमति उर्मिला फरीदाबाद भी उपस्थित रही। बैठक की शुरुआत सभी आए हुए अतिथियों का प्लांटर एवं शाल से स्वागत किया गया। दीपशिखा एवं राष्ट्र गान के साथ सभा का आरंभ हुआ। बैठक में शहर के औद्योगिक क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति, कनेक्शन, लोड बढ़ाने, ट्रांसफार्मर, वोल्टेज तथा अन्य बिजली संबंधी समस्याओं को लेकर उद्यमियों और बिजली अधिकारियों के बीच विस्तार से चर्चा हुई।

अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 84 BNSS देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि **सोवरन सिंह धाकड़** पुत्रः देवी लाल धाकड़, पताः बी–90, मंगला पुरी, पालम, फेज–2, पालम गाँव दक्षिण पश्चिम दिल्ली, सागरपुर, दिल्ली, **FIR 225/2023, U/s: 12/9/55 Gambling Act,** दिनांक : 18.04.2023, थानाः सागरपुर, दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि इन्होनें किया है) और इन पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **सोवरन सिंह धाकड़** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **सोवरन सिंह धाकड़** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है) इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR 225/2023, U/s: 12/9/55 Gambling Act,** थानाः सागरपुर, दिल्ली के उक्त अभियुक्ती **सोवरन सिंह धाकड़** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **04.11.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री अरिदमन सिंह चीमा, एलडी.
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–03
कमरा नं. 28, पहली मंजिल, मैन बिल्डिंग
पटियाला हाउस कोर्ट, दिल्ली

DP/13985/SW/2026
(Court Matter)

अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 CrPC / 84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता-2023 देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **यूनुस पुत्र** मेहताब, **निवासी** पूजा कॉलोनी, लोनी, गाज़ियाबाद (उ0प्र0), ने **FIR No. 34/2019, U/S 392/34 IPC, पुलिस स्टेशन शास्त्री पार्क, उत्तर–पूर्व जिला, दिल्ली,** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किया गया गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **यूनुस** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **यूनुस** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)
इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 34/2019, U/S 392/34 IPC, पुलिस स्टेशन शास्त्री पार्क, उत्तर–पूर्व जिला, दिल्ली,** के उक्त अभियुक्त **यूनुस** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **06.11.2026** को या इससे पहले हाज़िर हो।

आदेशानुसार
सुश्री श्रुति सारस्वत
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–03,
उत्तर–पूर्वी ज़िला, कमरा नं0–22, प्रथम तल,
कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली

DP/13932/NE/2026
(Court Matter)

प्रतियोगिता में 9 जोन से प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया

सीबीएसई नेशनल गर्ल्स योगा चैंपियनशिप 2026 के तीसरे दिन रोमांचक मुकाबले जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

आशा ज्योति विद्या पीठ में आयोजित नेशनल गर्ल्स योगा चैम्पियनशिप 2026 के तीसरे दिन देश के विभिन्न क्षेत्रों से आई बालिका प्रतिभागियों ने योग की विभिन्न विधाओं में शानदार प्रदर्शन करते हुए अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। प्रतियोगिता का आयोजन चेयरमैन सत्यवीर डागर के मार्गदर्शन एवं नेतृत्व में किया जा रहा है।

चैंपियनशिप में अंडर-14, अंडर-17 एवं अंडर-19 आयु वर्ग की बालिका प्रतिभागियां उत्साहपूर्वक भाग ले रही हैं। प्रतियोगिता में देश के 9 जोन से प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया है।
प्रतियोगिता के तीसरे दिन वर्तमान में निम्नलिखित स्पर्धाएं आयोजित की जा रही है।

- 1. अंडर-19 रिदमिक पेयर प्रतियोगिता,
- 2. आर्टिस्टिक पेयर प्रतियोगिता अंडर-14, अंडर-17 और अंडर-19,
- 3. पारंपरिक टीम प्रतियोगिता फाइनल राउंड



- फाइनल राउंड में पहुंची टीमों के बीच कड़ा मुकाबला
- भावना विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं

फाइनल राउंड में पहुंची टीमों के बीच कड़ा मुकाबला

प्रतिभागियों ने अपनी योग मुद्राओं, संतुलन, लय, अनुशासन एवं उत्कृष्ट प्रस्तुति के माध्यम से निर्णायकों और उपस्थित दर्शकों को प्रभावित किया। फाइनल राउंड में पहुंची टीमों के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिल रहा है। चैंपियनशिप का उद्देश्य छात्राओं में योग, अनुशासन, आत्मविश्वास, शारीरिक स्वास्थ्य एवं खेल भावना को बढ़ावा देना है। देशभर से आई युवा योग प्रतिभाओं के प्रदर्शन ने पूरे आयोजन को ऊर्जा और उत्साह से भर दिया है।

मुख्यमंत्री ने दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति के कंट्रोल सेंटर का किया शुभारंभ

प्रदूषण के विभिन्न स्रोतों की तेजी से की जा सकेगी पहचान : रेखा गुप्ता

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति (डीपीसीसी) ने इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर (आईसीसीसी) को शुरू कर दिया है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने गुरुवार को शास्त्री पार्क स्थित दिल्ली मेट्रो रेल निगम (डीएमआरसी) आईटी पार्क में दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति (डीपीसीसी) के इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर (आईसीसीसी) का शुभारंभ किया। यह अत्याधुनिक केंद्र दिल्ली में प्रदूषण के विभिन्न स्रोतों की रियल-टाइम निगरानी, एआई आधारित विश्लेषण, शिकायतों एवं फील्ड निरीक्षण की जानकारी के एकीकरण तथा संबंधित विभागों के बीच बेहतर समन्वय को मजबूत करेगा। इसका उद्देश्य केवल प्रदूषण संबंधी आंकड़े एकत्र करना नहीं, बल्कि तकनीक से प्राप्त जानकारी को त्वरित फील्ड कार्रवाई और मापने योग्य परिणामों में बदलना है। इस अवसर पर दिल्ली के पर्यावरण मंत्री सरदार मनजिंदर सिंह सिरसा, विधायक अरविंदर सिंह लवली सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि दिल्ली में प्रदूषण की चुनौती से निपटने के लिए सरकार का ध्यान केवल निगरानी तक सीमित नहीं है। तकनीक, डेटा और फील्ड प्रवर्तन को एक साथ जोड़कर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करना सरकार की प्राथमिकता है। आईसीसीसी के माध्यम से प्रदूषण हॉटस्पॉट, नियमों के उल्लंघन और प्रदूषण के विभिन्न स्रोतों की पहचान तेजी से की जा सकेगी तथा संबंधित विभागों तक इसकी जानकारी पहुंचाकर मौके पर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि इस पूरी व्यवस्था का मूल मंत्र 'डिटेक्ट, एनालाइज, एक्ट, वेरिफाई' है, यानी समस्या की पहचान, उसका विश्लेषण, तत्काल कार्रवाई और कार्रवाई के परिणाम का सत्यापन। दिल्ली सरकार प्रदूषण के खिलाफ 12 महीने और 24 घंटे निरंतर प्रयास कर रही है।

तकनीक से मजबूत होगी प्रदूषण निगरानी और फील्ड कार्रवाई

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि सड़क की धूल, खुले में कचरा जलाने और निर्माण गतिविधियों से होने वाले प्रदूषण पर प्रभावी नियंत्रण के लिए फील्ड निगरानी को तकनीक से जोड़ा जा रहा है। 'वायुदूत' टीमों के माध्यम से प्रदूषणकारी गतिविधियों की पहचान कर कार्रवाई की जाएगी, जबकि उनके बॉडी कैमरों को कमांड सेंटर से जोड़ा जाएगा, जिससे फील्ड गतिविधियों की रियल-टाइम निगरानी संभव होगी। दिल्ली में कार्यरत मैकेनिकल रोड स्वीपिंग मशीनों को भी जीपीएस से जोड़ा गया है। आईसीसीसी के माध्यम से मशीनों की लोकेशन, तय क्षेत्र में सफाई, तय दूरी और कार्य अवधि की निगरानी की जा सकेगी। इससे सफाई एवं प्रदूषण नियंत्रण कार्यों में पारदर्शिता, जवाबदेही और समयबद्ध कार्रवाई को और मजबूत किया जा सकेगा।

एआई-सीसीटीवी से की जा रही है निर्माण स्थलों की निगरानी : सिरसा

इस अवसर पर दिल्ली के पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने कहा कि आईसीसीसी को छह माह के निर्धारित लक्ष्य से पहले पूरा कर लिया गया है। यह सर्दियों में प्रभावी वॉर रूम के रूप में काम करेगा। यहां 500 वर्ग मीटर से अधिक क्षेत्र वाली 700 से ज्यादा निर्माण साइट्स की एआई और सीसीटीवी से लाइव मॉनिटरिंग की जा रही है तथा पीएम10 बढ़ने पर संबंधित विभाग और साइट मालिक को तत्काल सूचना दी जाएगी। उन्होंने कहा कि आईसीसीसी से दिल्ली के सभी एक्यूआई स्टेशनों, पिछले वर्षों के डेटा, स्थानीय प्रदूषण कारणों और रोड स्वीपिंग मशीनों की लोकेशन, रूट व संचालन की निगरानी होगी। नए कैमरों से खुले में कचरा और बायोमास जलाने पर नजर रखी जाएगी।

इंद्राज ने रामलीला की तैयारियों को लेकर की बैठकें

'रामलीला समितियों को सिंगल विंडो सिस्टम से जारी हो एनओसी'



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली में आयोजित होने वाली रामलीलाओं के लिए सभी जिला मजिस्ट्रेट कार्यालय सिंगल विंडो सिस्टम के तहत आवश्यक एनओसी समयबद्ध रूप से जारी करवाने तथा रामलीला स्थलों पर पेयजल, चिकित्सा सहायता, एंबुलेंस, अग्निशमन, सुरक्षा, मोबाइल शौचालय, यातायात प्रबंधन, सफाई और फॉगिंग जैसी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें। यह निर्देश गुरुवार को समाज कल्याण विभाग मंत्री एवं रामलीला समिति के अध्यक्ष रविंद्र इंद्राज सिंह ने रामलीला आयोजन की तैयारियों के लिए आयोजित बैठक में दिए।

गौरतलब है मंत्री इंद्राज ने गुरुवार को रामलीला की तैयारियों को लेकर दो बैठकें की। इन बैठकों में रामलीला समिति के सदस्य, समिति के सदस्य विधायक अशोक गोयल, अनिल कुमार शर्मा, श्याम शर्मा, संजय गोयल एवं संदीप सहरावत और सचिव, राजस्व-सह-मंडलायुक्त के साथ रामलीला समितियों के प्रतिनिधि व अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में मंत्री इंद्राज ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सिंगल विंडो व्यवस्था को प्रभावी रूप से लागू किया जाए, ताकि रामलीला समितियों को अलग-अलग विभागों के चक्कर न लगाने पड़ें।उन्होंने लंबित अनुमतियों एवं एनओसी की समेकित स्थिति तैयार कर उनका शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि समितियों की वास्तविक समस्याओं का विभागों के बीच बेहतर समन्वय के माध्यम से समयबद्ध समाधान किया जाना चाहिए।

प्रत्येक नागरिक को समय पर गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं मिलनी चाहिए : डॉ. पंकज

नई दिल्ली। दिल्ली स्टेट हेल्थ मिशन के तहत दिल्ली के प्रत्येक नागरिक को समय पर सुलभ और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं मिलनी चाहिए। यह निर्देश गुरुवार को दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री डॉक्टर पंकज कुमार सिंह ने दिल्ली स्टेट हेल्थ मिशन (डीएसएचएम) के कार्यालय का दौरा करने के दौरान दिए। इस दौरे के दौरान मंत्री डॉ. पंकज ने मिशन के अंतर्गत संचालित हो रहे विभिन्न स्वास्थ्य कार्यक्रमों के क्रियान्वयन और कार्यप्रणाली की बारीकी से समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने डॉक्टरों, तकनीशियनों, कार्यक्रम अधिकारियों और अन्य कर्मचारियों से खुद बातचीत कर उनके कामकाज की विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने कहा कि दिल्ली स्टेट हेल्थ मिशन के अंतर्गत टीबी उन्मूलन, रोग निगरानी, मातृ और शिशु स्वास्थ्य, टीकाकरण, किशोर स्वास्थ्य, परिवार नियोजन, एनीमिया नियंत्रण, वेक्टर जनित रोग नियंत्रण, मानसिक स्वास्थ्य, नॉन-कम्युनिकेबल डिसीज, डायलिसिस, तंबाकू नियंत्रण, कुष्ठ रोग, अंधता नियंत्रण, ओरल स्वास्थ्य सहित विभिन्न महत्वपूर्ण जनस्वास्थ्य कार्यक्रमों का संचालन और समन्वय किया जाता है। मंत्री डॉ. पंकज ने सभी कार्यक्रमों की कार्यप्रणाली की बारीकी से समीक्षा करते हुए संबंधित कामकाज से जुड़े अधिकारियों को कार्यक्रमों के क्रियान्वयन की निरंतर मॉनिटरिंग करने, सामने आने वाली कमियों का तत्काल समाधान सुनिश्चित करने और फील्ड स्तर की टीमों और वरिष्ठ अधिकारियों के बीच बेहतर तालमेल बनाए रखने के निर्देश दिए।

यमुना को स्वच्छ रखना हम सबकी जिम्मेदारी: रेखा

नई दिल्ली। सरकार और समाज की भागीदारी से ही यमुना को निर्मल व स्वच्छ बनाया जा सकता है। यह बात गुरुवार को दिल्ली विश्वविद्यालय के नॉर्थ कैंपस स्थित रग्बी ग्राउंड से स्वच्छ यमुना प्रहरी अभियान की शुरूआत के अवसर पर मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कही। इस दौरान मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने 'मैं भी यमुना प्रहरी' एप का किया शुभारंभ किया। इस अवसर पर केंद्रीय राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा, दिल्ली सरकार के कैबिनेट मंत्री प्रवेश साहिब सिंह, विधायक सूर्य प्रकाश खत्री, दिल्ली विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर योगेश सिंह, विद्यार्थी और बड़ी संख्या में युवा उपस्थित थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री रेखा ने कहा कि दिल्ली में प्रदूषण, कूड़े के पहाड़ और यमुना की स्वच्छता जैसी चुनौतियों पर अक्सर यह सवाल उठता है कि इन समस्याओं का समाधान कौन करेगा। इन समस्याओं का समाधान केवल सरकार के प्रयासों से नहीं, बल्कि सरकार और समाज की साझी भागीदारी से संभव है। यमुना को प्रदूषित करने में अनजाने में नागरिकों की कुछ दैनिक आदतों की भी भूमिका रहती है। पूजा सामग्री, फूल-मालाएं, खंडित मूर्तियां और अन्य सामग्री को नदी में प्रवाहित करने जैसी गतिविधियों से यमुना पर अतिरिक्त दबाव पड़ता है। इसलिए सरकार द्वारा किए जा रहे बड़े स्तर के कार्यों के साथ नागरिकों के व्यवहार में बदलाव और निरंतर जनभागीदारी भी आवश्यक है।

भाजपा का दिल्ली में कूड़े से आजादी दिलाने का अभियान केवल फोटो शूट तक सीमित : नारंग

नई दिल्ली। दिल्ली में कूड़े से आजादी अभियान पर दिल्ली नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष अंकुश नारंग ने तीखा हमला बोलते हुए कहा है कि यह केवल फोटो शूट तक सीमित होकर रह गया है। जबकि सच्चाई यह है कि चार इंजन वाली भाजपा सरकार में हर गली-मोहल्ले और सड़क पर कूड़े का अम्बार लगा हुआ है। नारंग ने कहा कि थप्पड़बाज मंत्री प्रवेश वर्मा और आशीष सूद साफ सुथरी सड़क की सफाई करके क्या संदेश देना चाह रहे है। उन्होंने व्यंग कसते हुए कहा कि सीएम रेखा गुप्ता ने कहा था, कूड़े के पहाड़ तुझे तो जाना पड़ेगा, लेकिन आज तक तो कहीं नहीं गया। नारंग ने भाजपा से कहा कि उसे अब अपने कैम्पेन का नाम बदल कर दिल्ली में कूड़े को आजादी दिलाने का अभियान कर देना चाहिए। जब से भाजपा की सरकार आई है, चाहे छोटी सी गली हो, सड़क हो या पीडब्ल्यूडी की रोड हो, हर जगह कूड़ा ही कूड़ा नजर आता है। पहले तो गिनती के ढलाव हुआ करते थे जहां लोग कूड़ा फेंका करते थे और कूड़ा एकत्रित हुआ करता था, लेकिन आज भाजपा की सरकार में हर एक गली और हर एक सड़क वल्नरेबल पॉइंट में तब्दील हो गई है और जगह-जगह पर कूड़ा ही कूड़ा होता है। नारंग ने भाजपा की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता, महापौर प्रवेश वाही और साथ में उन्हीं के थप्पड़ स्पेशलिस्ट मंत्री प्रवेश और मंत्री आशीष सूद सड़क पर उतरकर मोदी का नाम लेकर साफ सड़कों को दोबारा से साफ करते हुए नजर आते हैं।

रूसी राजदूत ने किया एमसीडी गांधी मेले का उद्घाटन, राष्ट्रपिता को दी श्रद्धांजलि अर्पित

नई दिल्ली। दिल्ली नगर निगम द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 157वीं जयंती पर आयोजित गांधी जयंती मेला का उद्घाटन भारत में रूसी राजदूत महामहिम डेनिस अलीपोव ने किया। निगम मुख्यालय सिविक सेंटर में आयोजित गांधी मेले में पहुंचे रूसी राजदूत ने महापौर प्रवेश वाही के संग चरखे पर परम्परागत तरीके से सूत कात कर नया अनुभव प्राप्त किया और राष्ट्रपिता गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर रूसी राजदूत ने कहा कि गांधी केवल भारत के ही नहीं अपितु पूरी दुनिया के हैं। उन्होंने भारत को जो सत्य, अहिंसा और मानवीय गरिमा का संदेश दिया था, वह दुनिया में सभी के लिए ग्रहण करने योग्य है। इस अवसर पर रूसी राजदूत डेनिस अलीपोव व महापौर प्रवेश वाही के अलावा स्थायी समिति अध्यक्ष सत्या शर्मा, उप महापौर डॉ मोनिका पंत, शिक्षा समिति अध्यक्ष योगेश वर्मा, पार्षद सुमन गुप्ता, निगम आयुक्त संजीव खिरवार, अपर आयुक्त, राजघाट समाधि समिति सचिव डॉ रजनीश कुमार एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। महापौर वाही ने अपने संदेश में कहा कि महात्मा गांधी ने हमें सत्य और अहिंसा का रास्ता दिखाया, गांधी दर्शन आज भी प्रासंगिक है।

एमसीडी ने 35 संपत्तियों पर की तोड़फोड़ की कार्रवाई

नई दिल्ली। दिल्ली नगर निगम द्वारा चलाए जा रहे प्रवर्तन अभियान के तहत गुरुवार को विभिन्न क्षेत्रों में 35 पर ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की गई। जबकि अनधिकृत निर्माण एवं भवन मानदंडों के उल्लंघन के विरुद्ध 4 संपत्तियां सील की गई और 3 को ध्वस्तीकरण का आदेश जारी किया गया। एमसीडी के अनुसार भवन मानदंडों का अनुपालन सुनिश्चित करने और जन सुरक्षा के मद्देनजर निगम के सभी 12 जोनों में सख्त प्रवर्तन कार्रवाई की जा रही है। एमसीडी द्वारा बुधवार को इस अभियान के एमपीडी और भवन उपविधियों के उल्लंघन के विरुद्ध 36 संपत्तियों का ध्वस्तीकरण तथा 2 संपत्तियों को सील किया गया। निगम ने बताया कि प्रवर्तन अभियान के दौरान राजौरी गार्डन, ओम विहार, मटियाला, छावला, करोल बाग, पहाड़गंज, भजनपुरा, मंडोली, गणेश नगर, लक्ष्मी नगर, पूर्वी आजाद नगर और पश्चिमी आजाद नगर सहित दिल्ली के विभिन्न क्षेत्रों में प्रमुख ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की गई। एमसीडी ने दोहराया कि निगम के अधिकार क्षेत्र में अनधिकृत निर्माण और भवन मानदंडों का उल्लंघन किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किया जाएगा।



गौरव / रजनी अरोड़ा

बच्चो, हमारे देश को आजाद कराने में महात्मा गांधी की महत्वपूर्ण भूमिका रही। गांधी जी के विचार और उनके संदेशों ने सिर्फ भारत ही नहीं, पूरी दुनिया के लोगों को प्रभावित किया। यही वजह है कि अपने देश के अलावा दुनिया के कई देशों में भी महात्मा गांधी की भव्य प्रतिमाएं स्थापित हैं। दुनिया भर में मौजूद महात्मा गांधी की कुछ प्रतिमाओं के बारे में जानो।

दुनिया के कई देशों में हैं महात्मा गांधी की प्रतिमाएं



लंदन के पार्लियामेंट स्क्वायर पर स्थित प्रतिमा

बच्चो, महात्मा गांधी भारत के स्वतंत्रता संग्राम के नायक होने के साथ ही, पूरी मानवता और संपूर्ण विश्व के लिए प्रेरणा स्रोत भी रहे हैं। अहिंसा, सत्याग्रह और शांतिपूर्ण प्रतिरोध के उनके विचार पूरी दुनिया में आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं, जितने उनके जीवनकाल में थे। कई देशों में स्थापित गांधी जी की प्रतिमाएं इस बात का प्रमाण हैं।

यूनाइटेड किंगडम: हमारे देश में लगभग 200 साल तक शासन करने वाले ब्रिटिश साम्राज्य के खिलाफ गांधी जी ने जीवन भर संघर्ष किया था। उसी देश की राजधानी लंदन के पार्लियामेंट स्क्वायर पर 2015 में उनकी कांस्य प्रतिमा स्थापित की गई है। इसकी स्थापना गांधी जी के दक्षिण अफ्रीका से भारत लौटकर स्वतंत्रता संग्राम शुरू करने की 100वीं वर्षगांठ के अवसर पर की गई थी। लंदन के टैविस्टॉक स्क्वायर पर भी गांधी जी की प्रतिमा है, जहां उन्होंने कानून की पढ़ाई की थी। ये प्रतिमाएं भारत पर शासन करने वाले ब्रिटिश साम्राज्य पर गांधी जी के प्रभाव को दर्शाने के साथ, ब्रिटेन-भारत के बीच मजबूत सांस्कृतिक संबंधों का प्रतीक भी हैं।

दक्षिण अफ्रीका: दक्षिण अफ्रीका में गांधी जी को उनके शुरुआती सामाजिक और राजनीतिक संघर्ष के लिए भी जाना जाता है। 1893 में जब गांधी जी प्रिटोरिया की यात्रा कर रहे थे, तब उन्हें पीटरमैरित्जबर्ग स्टेशन पर प्रथम श्रेणी के डिब्बे से नस्लीय भेदभाव के कारण बाहर निकाल दिया गया था। यह घटना उनके जीवन का एक निर्णायक मोड़ साबित हुई और यहीं से उन्होंने रंगभेद तथा अन्याय के विरुद्ध अहिंसक संघर्ष का मार्ग अपनाया। इसी ऐतिहासिक महत्व के कारण पीटरमैरित्जबर्ग की चर्च स्ट्रीट पर गांधी जी की एक प्रतिमा स्थापित है। इसके अलावा जोहांसबर्ग में भी उनकी एक प्रतिमा है, जो 24 वर्ष की आयु में दक्षिण अफ्रीका पहुंचकर उत्पीड़ित और वंचित समुदायों के अधिकारों के लिए लड़ने वाले युवा गांधी को श्रद्धांजलि देती है। गांधी जी की ये प्रतिमाएं भारत-दक्षिण अफ्रीका के ऐतिहासिक संबंधों की याद दिलाती हैं। साथ ही नेल्सन मंडेला जैसे नेताओं पर गांधी के प्रभाव को भी रेखांकित करती हैं, जिन्होंने रंगभेद के खिलाफ लड़ाई के लिए गांधी जी के अहिंसक प्रतिरोध से प्रेरणा ली थी।



पीटरमैरित्जबर्ग चर्च स्ट्रीट में

संयुक्त राज्य अमेरिका: महात्मा गांधी कभी अमेरिका नहीं गए। लेकिन उस समय के अमेरिकी नागरिकों और मार्टिन लूथर किंग जूनियर जैसे नेताओं पर गांधी जी के विचारों का प्रभाव था। भारत के बाद गांधी जी की सबसे अधिक प्रतिमाएं और स्मारक अमेरिका में ही हैं। न्यूयॉर्क के यूनियन स्क्वायर पार्क, सैन फ्रांसिस्को के एंबार्कडेरो क्षेत्र, वाशिंगटन डीसी में भारतीय दूतावास के सामने, अटलांटा, मोंटाना, ह्यूस्टन जैसी कई जगहों पर उनकी प्रतिमाएं स्थापित हैं। ये मूर्तियां गांधी जी के सत्याग्रह और शांतिपूर्ण अहिंसक प्रतिरोध के दर्शन को वैश्विक प्रतीक के रूप में दर्शाती हैं।



वाशिंगटन डीसी में

जापान: परमाणु हमले का दंश झेल चुके जापान के हिरोशिमा शहर में महात्मा गांधी की प्रतिमा 2023 में स्थापित की गई। मोतायासु नदी के किनारे स्थित यह प्रतिमा, दुनिया को शांति और अहिंसा का संदेश देती है। यहां एडोगावा और सुगिनामी वार्ड में भी गांधी जी की प्रतिमाएं हैं। ये प्रतिमाएं भारत-जापान के बीच दोस्ती और सद्भावना का प्रतीक हैं।

अन्य देशों में भी हैं प्रतिमाएं: स्विट्जरलैंड के जिनेवा में गांधी जी की प्रतिमा शांति के प्रतीक के रूप में खड़ी है। ऑस्ट्रेलिया के कैनबरा में ग्लीबे पार्क में गांधी जी की कांस्य प्रतिमा उनके मार्गदर्शक सिद्धांतों को दर्शाती है। इसी तरह कनाडा के टोरंटो शहर के पीस पार्क, स्पेन के मैड्रिड, अर्जेंटीना के ब्यूनस आयर्स, रूस के मॉस्को, मॉरीशस के मोका शहर में स्थित महात्मा गांधी इंस्टीट्यूट, ऑस्ट्रेलिया के सिडनी के पास पैरामाटा के जुबली पार्क, दक्षिण कोरिया के सियोल स्थित योनसे विश्वविद्यालय में भी गांधी जी की प्रतिमा स्थापित की गई है। संयुक्त अरब अमीरात की राजधानी अबू धाबी में भारतीय सामाजिक एवं सांस्कृतिक केंद्र में 2018 में एक प्रतिमा स्थापित की गई जो युवा पीढ़ी को गांधी जी के मूल्यों से सीख लेने के लिए प्रेरित करती है। *



कैनबरा का ग्लीबे पार्क में

कई अर्ध-प्रतिमाएं भी हैं स्थापित

विभिन्न देशों में गांधी जी की अर्ध-प्रतिमाएं (छाती से ऊपर) भी स्थापित हैं। ये अर्ध-प्रतिमाएं अधिकतर दूतावास परिसर, विश्वविद्यालय कैंपस, संग्रहालय या अंतरराष्ट्रीय संस्थानों के भीतर सार्वजनिक स्थानों में स्थापित की गई हैं। इनमें से कुछ के बारे में जानो-



- लंदन में अंतरराष्ट्रीय समुद्री संगठन (आईएमओ) के लंदन मुख्यालय में गांधी जी की 150वीं जयंती के अवसर पर एक अर्ध-प्रतिमा स्थापित की गई है।
- दक्षिण अफ्रीका के पीटरमैरित्जबर्ग रेलवे स्टेशन में (जहां से गांधी जी को ट्रेन के प्रथम श्रेणी के कोच से उतारा गया था) गांधीजी की दोतरफा अर्ध-प्रतिमा स्थापित की गई है।
- कनाडा के मैनिटोबा शहर के कैनेडियन म्यूजियम फॉर ह्यूमन राइट्स और क्यूबेक सिटी की पार्लियामेंट के सामने।
- नीदरलैंड्स, द हेग के हॉब्बेमाप्लाइन में।
- साइप्रस में संसद भवन के पास भी ऐसी प्रतिमा है।
- न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय के नॉर्थ लॉन में।
- बेल्जियम की राजधानी ब्रसेल्स में भी ऐसी प्रतिमा है।

आओ याद करें महात्मा गांधी के साथ लाल बहादुर शास्त्री को भी



ज्ञानवार्ता
वसीम अहमद नगरामी

कल विद्यालय में गांधी-शास्त्री जयंती मनाई जाएगी। इस अवसर के लिए विद्यालय की ओर से सभी बच्चों को कुछ-न-कुछ बोलने-सुनाने के लिए कहा गया था। इसलिए अनहद और अंकिता समारोह की तैयारियों में व्यस्त थे। लेकिन वे सोच नहीं पा रहे थे, आखिर तैयारी किस ढंग से की जाए, आइडिया कहां से लिया जाए? थोड़ा सोचने के बाद उनके दिमाग में आया कि सबसे अच्छी जानकारी तो दादी जी से ही मिल सकती है। अनहद और अंकिता तुरंत दादी के कमरे में जा पहुंचे।



अनहद ने बताया, 'दादी, कल गांधी जयंती है। हमारे स्कूल में कल इसे धूमधाम से मनाया जाएगा। इस अवसर पर शहर के जाने-माने लोग भी आएंगे। ऐसे में हम लोगों को कुछ ना कुछ बोलने के लिए अच्छी तैयारी करके आने को कहा गया है, लेकिन दादी हम लोग कैसी तैयारी करके जाएं, कुछ भी समझ में नहीं आ रहा है।' दादी मुस्कुरा कर बोलीं, 'बस इतनी सी बात है, आओ बैठो मैं बताती हूं। तुम दोनों गौर से मेरी बातें सुनो। इस जानकारी के आधार पर चाहे निबंध, चाहे कविता रच लेना, कोई भाषण या फिर कोई और प्रेरक कथा लिख लेना।' दादी की यह बात सुनकर अनहद और अंकिता की खुशी का ठिकाना न रहा। दोनों दादी के समीप बैठ गए। उन्होंने महात्मा गांधी के बाल्यकाल से लेकर बैरिस्ट्री की पढ़ाई तक जानकारी दी। भारत की आजादी के लिए किए गए उनके संघर्षों की जानकारी दी। इससे जुड़ी प्रेरक कथाएं बताईं। जिसे सुनकर अनहद और अंकिता बहुत भाव-विह्वल हुए। दादी का गला दास्तान सुनाते-सुनाते कई बार भर्रा गया था। उन्होंने यह भी बताया, 'महात्मा गांधी की तरह ही, इसी दिन एक और महापुरुष लाल बहादुर शास्त्री की भी जयंती मनाई जाती है। शास्त्री जी में देशभक्ति कूट-कूट कर भरी थी। वे त्याग की प्रतिमूर्ति थे। उनमें स्वाभिमान, समर्पण, सादगी, ईमानदारी के गुण थे। बहुत छोटी उम्र में उन्हें ही देश की चिंता सताने लगी थी। शीघ्र ही वे नरम दल के प्रभाव में आए और गांधी जी से प्रेरित होकर उनके अनुयायी हो गए। जब वे देश के दूसरे प्रधानमंत्री बने तब भी उन्होंने ईमानदारी, सच्चाई और सादगी का दामन नहीं छोड़ा। प्रधानमंत्री के पद पर रहते हुए भी उन्होंने कभी अपने परिवार को यह आभास नहीं होने दिया कि वे एक साधारण इंसान से ऊपर हैं। जहां गांधी जी ने करो या मरो का नारा दिया, वहीं लाल बहादुर शास्त्री जी ने 'जय जवान जय किसान' का नारा बुलंद कर देश के किसानों और जवानों दोनों का हौंसला बढ़ाया। देश में अकाल के समय में जहां अन्न की कमी नहीं होने दी, वहीं पाकिस्तान के साथ युद्ध के समय जवानों में जोश भर कर देश की सीमाओं की सुरक्षा को भी चाक-चौबंद बनाए रखा।' दादी द्वारा दी गई जानकारी को खूब अच्छे से सुनकर अनहद ने जहां एक ओजपूर्ण भाषण तैयार किया, वहीं अंकिता ने एक नन्ही-सी कविता रची। अगले दिन सुबह दोनों विद्यालय पहुंचे। विद्यालय में आयोजित गांधी जयंती समारोह की तैयारियां पूरी कर ली गई थीं। दोनों ने विद्यालय में आयोजित गांधी जयंती समारोह में हिस्सा लिया। अनहद को उसके ओजस्वी भाषण के लिए जहां प्रथम पुरस्कार मिला, वहीं अंकिता को उसकी गांधी-शास्त्री जयंती पर आधारित कविता के लिए भी पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर अनहद और अंकिता के दादा-दादी भी दर्शक-दीर्घा में मौजूद थे। *

तुम्हारे लिए नई किताब / डॉ. नागेश पांडेय 'संजय'

मजेदार कल्पनाओं भरे गीत

बच्चो, डॉ. वेद प्रकाश अग्निहोत्री के 25 शिशु गीतों की नई किताब प्रकाशित हुई है। 'नन्हे-मुन्ने गीत हमारे' शीर्षक से प्रकाशित इस शिशु गीत संग्रह को रचनाकार ने अपने गुरुदेव बाल साहित्यकार संत कुमार बाजपेई को समर्पित किया है।



संग्रह की भोली और नटखट कविताओं को पढ़कर तुम्हें खूब मजा आएगा। छोटे-छोटे गीतों की मजेदार कल्पनाएं बड़ी अनूठी हैं। जैसे- 'भालूजी' कविता में भालू गरम जलेबी खाता है। 'पक्का दोस्त' कविता में टमाटर-मटर में लड़ाई होती है और आलू उनका बचाव करता है। 'बंदर जी' में एडमिशन के बाद बंदर सबसे दोस्ती करता है और अपने टिफिन से दोस्तों को खिलाता भी है। ऐसे ही कविता 'धूप' बहुत ही रोचक है, जिसमें सर्दी के मौसम में मॉल से झोला भर-भर धूप लाने की गजब कल्पना है। 'लेनी पड़ी दवाई' कविता में सूरज दादा को खांसी-जुकाम के कारण दवा खानी पड़ती है।

ऐसे ही कुछ कविताओं में नटखट सवाल और शिकायतें भी हैं। जैसे 'आसमान में तारे' कविता में जिज्ञासा भरा सवाल है कि आसमान के तारे दिन में कहां खो जाते हैं और क्या फिर उनके मम्मी-पापा भी उन्हें खोजने जाते होंगे? 'ठीक नहीं मनमानी' शीर्षक कविता में सूरज से मनमानी करने पर गुस्से भरी रिक्वेस्ट भी है।

संग्रह में 'मेरे दादू', 'रेल', 'गांव', 'बनूंगा सैनिक', 'मम्मी जी', 'तितली रानी', 'फूल', 'बाल ले गया कौआ' जैसे शिशु गीत भी बहुत रोचक-मनोरंजक हैं।

किताब का आकर्षक रंगीन कवर और कविताओं के साथ बने ब्लैक एंड व्हाइट चित्र भी तुम्हें खूब पसंद आएंगे। *

किताब: नन्हे-मुन्ने गीत हमारे (शिशु गीत संग्रह), **रचनाकार:** डॉ. वेद प्रकाश अग्निहोत्री, **मूल्य:** 199 रुपए, **प्रकाशक:** नमन प्रकाशन, लखनऊ

कहानी
सरस्वती रमेश

2 अक्टूबर को रिमझिम और सरगम को स्कूल नहीं जाना था, पापा ने कहा कि हम गांधी जयंती घर पर मनाएंगे। बच्चे चौंके, घर में कैसे गांधी जयंती मनाएंगे! लेकिन घर पर गांधी जयंती मनाई गई। है तो जरूर यह चौंकाने वाली बात, पर बच्चों ने अपने पापा-मम्मी के साथ घर में गांधी जयंती मनाई, गांधी जी के आदर्शों के अनुरूप।

घर पर गांधी जयंती!



पापा, 2 अक्टूबर को हमारी छुट्टी है। हम कहीं घूमने चलें?' रिमझिम ने उत्साह से पूछा।

'क्यों?' 2 अक्टूबर को तो गांधी जयंती है। तुम्हारे स्कूल में गांधी जयंती नहीं मनाई जाएगी क्या?' पापा ने पूछा।

'वह तो 1 अक्टूबर को ही मना लेंगे। फिर 2 अक्टूबर को तो छुट्टी है!' रिमझिम ने बताया।

'तो ठीक है, 2 अक्टूबर को हम घर पर गांधी जयंती मनाएंगे।' पापा बोले।

'घर पर..! लेकिन गांधी जयंती घर पर कैसे मनाएंगे?' सरगम ने आश्चर्य से पूछा, 'गांधी जयंती पर तो भाषण होते हैं और भी कई कार्यक्रम होते हैं।'

पापा मुस्कुराए, 'गांधी जयंती मनाने के और भी तरीके हैं।'

'क्या..?' दोनों बहनें एक साथ बोलीं।

पापा ने कुछ कहने के लिए मुंह खोला ही था, मम्मी उन्हें देखकर मुस्करा दीं। पापा समझ गए चुप रहना है, सो वह चुप रहे।

अगली सुबह घर में देर तक सन्नाटा रहा। छुट्टी का दिन जो था। पापा, मम्मी, रिमझिम और सरगम देर से उठे। लेकिन उठते ही दोनों बहनों की नजर घर में इधर-उधर पड़ी चीजों पर पड़ी। रसोई में बर्तन फैले थे। झाड़ू ना लगने से घर बहुत गंदा लग रहा था। यह सब देखर दोनों बहनों की नींद गायब ही हो गई।

'ओह! घर की तो हालत ही खराब है!' रिमझिम बोली।

मम्मी ने कहा, 'आज ज्योति आंटी छुट्टी पर हैं। इसलिए हमें अपना काम खुद ही करना होगा।'

'लेकिन हम कैसे करेंगे?' सरगम तुरंत बोली, 'ये तो ज्योति आंटी का काम है।'

मम्मी बोलीं, 'तो क्या आज घर का काम नहीं होगा? सामान इसी तरह बिखरा रहेगा। साफ-सफाई नहीं होगी?'

दोनों बहनें चुप।

'चलो, पहले बर्तन धो लेती हूं। उसके बाद सब मिलकर घर साफ करेंगे।' मम्मी दोनों बेटियों के कंधे पर प्यार से हाथ रखते हुए बोलीं।

'लेकिन मुझे तो बहुत भूख लगी है।' सरगम ने पेट पर हाथ रखते हुए कहा।

'मुझे भी!' रिमझिम बोली।

पापा झट से झाड़ू उठा लाए, बोले, 'भई, मैं तो भूखा नहीं रह सकता। मैं अपना कमरा साफ करता हूं। ताकि तुम्हारी मम्मी खाना बना सकें।'

पापा को झाड़ू लगाते देखकर दोनों बहनें एक-दूसरे का मुंह देखने लगीं। आखिरकार सरगम धीरे से बोली, 'चलो, हम भी सफाई करते हैं।'

दोनों अपने कमरे में पहुंचीं। पहले उन्होंने बिखरे कपड़े समेटे, फिर अलमारी ठीक की। कुछ देर बाद सरगम के हाथ में झाड़ू थी और रिमझिम पोंछा लगाने लगी।

उधर मम्मी रसोई संभाल रही थीं। पापा कपड़े धोने में जुट गए थे। कुछ ही देर में घर में बिखरा सारा सामान व्यवस्थित ढंग से लग गया।

'देखो, मेरा कमरा कितना साफ हो गया!' रिमझिम खुशी से चिल्लाई।

'और देखो, मैंने सारे कपड़े तह करके रख दिए!' सरगम ने अपनी अलमारी दिखाते हुए कहा।

अब दोनों बहनें मम्मी के पास जा पहुंचीं।

'मम्मी, हम आपकी मदद करें?' दोनों ने एक स्वर में पूछा।

मम्मी ने मुस्कुराकर कहा, 'क्यों नहीं!'

दोपहर तक घर चमकने लगा था। सब थक चुके थे, लेकिन आज खाने की मेज पर बैठते ही सबके चेहरों पर अलग ही खुशी थी। 'आज खाना कुछ ज्यादा स्वादिष्ट लग रहा है।' पापा ने कहा।

'क्योंकि आज भूख भी ज्यादा लगी है!' सरगम हंसते हुए बोली।

सब हंस पड़े।

खाने के बाद सबने थोड़ी देर आराम किया। शाम को सभी आंगन में बैठे। रिमझिम ने अचानक पापा से पूछा, 'पापा, आपने कहा था न कि हम घर पर गांधी जयंती मनाएंगे। लेकिन हमने तो न कोई भाषण दिया, न कोई कार्यक्रम किया फिर गांधी जयंती कैसे मनाई?'

पापा ने मम्मी की ओर देखा। वह मुस्कुराते हुए बोलीं, 'आज हमने वही किया, जो गांधीजी हमें सिखाते थे।'

'क्या?' दोनों बहनों ने पूछा।

'अपने काम को छोटा न समझना और अपना काम खुद करना। ज्योति आंटी हमारी सहायता के लिए हैं। लेकिन इसका मतलब यह नहीं कि हम अपने काम से पूरी तरह मुंह मोड़ लें। गांधीजी किसी काम को छोटा नहीं समझते थे। अपने काम के लिए किसी पर निर्भर भी नहीं रहते थे।' मम्मी बोलीं। 'किसी महान व्यक्ति को याद करने का सबसे अच्छा तरीका केवल उनके बारे में बोलना नहीं, बल्कि उनकी अच्छी सीख को अपने जीवन में उतारना भी है।' पापा ने कहा।

दोनों बहनें चुपचाप एक-दूसरे को देखने लगीं। सरगम बोली, 'मतलब, आज हमने गांधीजी के बारे में सिर्फ बात नहीं की, बल्कि उनकी एक सीख पर अमल भी किया?'

'बिल्कुल!' पापा बोले।

रिमझिम के चेहरे पर मुस्कान आ गई।

'तो पापा, अगले साल गांधी जयंती पर घूमने नहीं जाएंगे?' रिमझिम ने पूछा।

'क्यों?' पापा ने पूछा।

'पहले घर की सफाई करेंगे, फिर घूमने जाएंगे!' मम्मी बोलीं।

इस बात पर सब जोर से हंस पड़े। *

कविता
घमंडीलाल अग्रवाल



दिन दो अक्टूबर का आया!

एक नहीं दो नेताओं की
मीठी-मीठी यादें लाया,
दिन दो अक्टूबर का आया!
लाठी और लंगोटी वाले
राष्ट्रपिता वह तो थे गांधी,
जो दुनिया भर में ले आए
सत्य-अहिंसा वाली आंधी।
नहीं तोप-बंदूक चलाई
पर भारत आजाद कराया।
दिन दो अक्टूबर का आया!
और दूसरे लाल बहादुर
शान बने भारत महान की,
जिसने बुलवाई जन-जन से
जय जवान की, जय किसान की।
रहे सादगी से जीवन भर
दोनों जन की याद दिलाया,
दिन दो अक्टूबर का आया!
हम सब काम करें उन जैसे
यह संकल्प आज दोहराएं,
आम आदमी खुश हो जिसमें
सुंदर, स्वस्थ समाज बनाएं!
तभी सार्थक होगा सपना
जो था पहले गया सजाया,
दिन दो अक्टूबर का आया!

जीके क्विज-225

1. महात्मा गांधी का जन्म कहां हुआ था?
2. महात्मा गांधी दक्षिण अफ्रीका से भारत किस वर्ष लौटे थे?
3. गांधी जी अपना राजनीतिक गुरु किसे मानते थे?
4. महात्मा गांधी की पत्नी का नाम क्या था?
5. महात्मा गांधी का स्मारक कहां स्थित है?
6. गांधी जी को सबसे पहले 'महात्मा' किसने कहा था?
7. गांधी जी ने गुजरात में कौन-सा आश्रम स्थापित किया था?
8. प्रधानमंत्री के रूप में लाल बहादुर शास्त्री का क्रम क्या था?
9. एशियन गेम्स 2026 में भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने कौन-सा पदक जीता है?
10. एशियन गेम्स 2026 में मीराबाई चानू ने किस खेल में सिल्वर मेडल जीता है?



बच्चो, जीके क्विज-225 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

जीके क्विज-224 का उत्तर : 1. अभिषेक शर्मा, 2. अनंत नाग, 3. ओडिशा, 4. एलेना रायबाकिना, 5. चीता, 6. मुंबई, 7. क्लीमेंट एटली, 8. हीरा, 9. हाइड्रोजन, 10. शक संवत

जीके क्विज-224 का सही उत्तर देने वाले : समायरा-रायपुर, षडानन-राजनांदगांव, कबीर-हिसार, ज्योति-राजनांदगांव, हर्ष-रोहतक, कविता-कटनी, दिशा-महासमुंद, सुमन-बलौदा बाजार, कल्पेश-रायपुर, जयंत-बिलसपुर

अंतर बताओ

बच्चो, यहां राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के दो चित्र दिए गए हैं। एक जैसे दिख रहे इन दोनों चित्रों में सात अंतर हैं। तुम फटाफट इन दोनों चित्रों में सात अंतर ढूंढकर बताओ।



उत्तर: 1. गांधी जी की कमर पर पड़ी वस्त्र की तह उल्टी है। 2. गांधी जी के जबड़े पड़ी दाढ़ी का रंग अलग है। 3. चेहरा का रंग अलग है। 4. पीठ पीछे पर बनी टेक की आकृति कितनी दूरी पर है। 5. चित्र की दाईं तरफ पेट पर रखा हुआ हाथ है। 6. पीठ पीछे पड़ी खाड़ी का दरवाजा दूसरी तरफ है। 7. पीठ पड़े चश्मे की तीलियां अलग डिजाइन की हैं।

एक जैसा चित्र खोजो

बच्चो, यहां बाईं तरफ महात्मा गांधी का एक ब्लैक एंड व्हाइट चित्र दिया गया है। दाईं तरफ उससे मिलते-जुलते 4 चित्र दिए गए हैं। तुम ध्यान से देखकर बताओ कि दिए गए चार चित्रों में से कौन-सा चित्र बाईं तरफ वाले चित्र से हू-ब-हू मिलता है।



उत्तर: D

डॉ. विकास को "आज का कर्मवीर" पुरस्कार से सम्मानित किया



नई दिल्ली। दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन के प्रबंध निदेशक डॉ. विकास कुमार को "ब्यूरोक्रेटिक एक्सीलेंस" श्रेणी में प्रतिष्ठित "आज का कर्मवीर" पुरस्कार से सम्मानित किया गया। 27 सितंबर, 2026 (रविवार) को मुंबई में आयोजित एक समारोह में डॉ. कुमार को जनसेवा एवं प्रशासन के क्षेत्र में उनके विशिष्ट योगदान के लिए यह सम्मान प्रदान किया गया। उन्हें यह पुरस्कार महाराष्ट्र सरकार के कौशल विकास एवं नवाचार के माननीय मंत्री श्री मंगल प्रभात लोढ़ा द्वारा प्रदान किया गया। 'आज का कर्मवीर सोशल फाउंडेशन' सामाजिक, स्वास्थ्य और समृद्धि के क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाले तथा सामाजिक कल्याण से जुड़ी पहलों को सक्रिय रूप से बढ़ावा देने वाले विशिष्ट व्यक्तियों को सम्मानित करता है, इनमें पद्म श्री और पद्म भूषण जैसे प्रतिष्ठित पुरस्कारों से सम्मानित व्यक्तित्व भी शामिल हैं।



सोना 500 रुपये चढ़ा और चांदी 5000 रुपये गिरी

नई दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में बृहस्पतिवार को सोने की कीमतों में लगातार दूसरे दिन तेजी आई और यह 500 रुपये बढ़कर 1,49,800 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया। रुपये के कमजोर होने और मजबूत वैश्विक रुख के कारण सोने में तेजी को समर्थन मिला। इससे पिछले सत्र में 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 1,49,300 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। स्थानीय कारोबारियों के अनुसार, चांदी की कीमत 5,000 रुपये घटकर 2.27 लाख रुपये प्रति किलोग्राम (सभी कर सहित) रह गई, जबकि बुधवार को यह 2.32 लाख रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी।

अमृता विवि की प्रो. प्रेमा नेदुंगडी बनीं सामाजिक विज्ञान में देश की सर्वश्रेष्ठ शोधकर्ता

नई दिल्ली। अमृता विश्व विद्यापीठम के स्कूल ऑफ कंप्यूटिंग की एसोसिएट डीन, अमृता सीआरइएटीई की निदेशक और शिक्षा में सहायक प्रौद्योगिकी की यूनेस्को चेयरहोल्डर प्रो. प्रेमा नेदुंगडी को सामाजिक विज्ञान के क्षेत्र में देश की सर्वाधिक उत्कृष्ट शोधकर्ता के सम्मान से नवाजा गया है। उन्हें यह सम्मान आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, समावेशी शिक्षा, डिजिटल स्वास्थ्य और वंचित समुदायों के लिए तकनीक आधारित समाधान विकसित करने की दिशा में उनके प्रभावशाली शोध के लिए दिया गया है। इस राष्ट्रीय सम्मान के लिए उनके शोध कार्यों का मूल्यांकन कई प्रमुख मानकों पर किया गया। इनमें एससीओपीयूएस -इंडेक्स्ड जर्नल्स में प्रकाशित शोध पत्र, उनके शोध को मिले उद्धरणों का प्रभाव और एच-इंडेक्स शामिल हैं। नई दिल्ली में आयोजित समारोह में डॉ. डी. पुरंदेश्वरी, सांसद, विकसित भारत शिक्षा अधिष्ठान विधेयक पर संयुक्त संसदीय समिति की अध्यक्ष तथा पूर्व केंद्रीय शिक्षा एवं वाणिज्य राज्य मंत्री ने उन्हें यह सम्मान प्रदान किया।



सत्यमेव जयते
दिल्ली सरकार

सत्य का संकल्प | अहिंसा का मार्ग | सेवा का भाव

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री श्री लाल बहादुर शास्त्री



की जयंती पर शत्-शत् नमन





"पूज्य बापू का जीवन हमें याद दिलाता है कि हम ये सुनिश्चित करें कि हमारा हर कार्य ऐसा हो, जिससे, गरीब से गरीब व्यक्ति का भला हो। वहीं शास्त्री जी का जीवन हमें विनम्रता और सादगी का संदेश देता है।"
- नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री

रेखा गुप्ता
मुख्यमंत्री, दिल्ली

DIP/Shabdarth/Display/0103/26-27

चिंतन

दवा पर मुनाफे की सीमा निर्धारित करने का समय



मुद्दा
डॉ. अश्वनी महाजन

दवा कोई सामान्य बाजारू वस्तु नहीं है। जब किसी व्यक्ति को जीवन बचाने के लिए दवा की जरूरत पड़ती है तो उसके सामने कीमत और इलाज के बीच चुनाव की स्थिति नहीं होनी चाहिए। यदि किसी दवा की कीमत निर्माता से निकलने के बाद आपूर्ति श्रृंखला में कई गुना बढ़ जाती है तो यह केवल बाजार व्यवस्था का सवाल नहीं रह जाता, बल्कि सार्वजनिक स्वास्थ्य और उपभोक्ता अधिकार का विषय बन जाता है। सुप्रीम कोर्ट की हालिया टिप्पणी ने इसी गंभीर सवाल को देश के सामने फिर से ला खड़ा किया है। 29 सितंबर को दवा कीमतों से संबंधित याचिकाओं की सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने दवा के उस मूल्य अंतर पर कड़ी टिप्पणी की, जिसमें किसी दवा का खुदरा विक्रेता को मूल्य और पैकेट पर छपी अधिकतम खुदरा कीमत यानी एमआरपी के बीच बहुत बड़ा अंतर था। मामला एक आवश्यक कैंसर दवा का था जो खुदरा विक्रेताओं को करीब 2,700 रुपये में उपलब्ध कराई जा रही थी, जबकि उसका एमआरपी लगभग 27,000 रुपये था। अदालत ने इस अंतर को लेकर बेहद तीखे शब्दों का इस्तेमाल किया और केंद्र से पूछा कि 2013 के ड्रग्स प्राइस कंट्रोल ऑर्डर यानी डीपीसीओ में निर्धारित 16 प्रतिशत खुदरा मार्जिन सभी आवश्यक दवाओं पर लागू क्यों नहीं किया जाना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी को केवल किसी एक दवा या कंपनी के संदर्भ में देखने के बजाय उस व्यापक व्यवस्था के संदर्भ में देखना चाहिए जिसमें दवा की कीमत तय होती है। भारत में आवश्यक दवाओं की कीमत नियंत्रित करने के लिए डीपीसीओ और नेशनल फार्मास्युटिकल प्राइसिंग अथॉरिटी यानी एनपीपीए की व्यवस्था पहले से मौजूद है। आवश्यक दवाओं की सूची में शामिल दवाओं के लिए एनपीपीए अधिकतम कीमत तय करता है। इस कीमत की गणना में बाजार में उपलब्ध समान दवाओं के खुदरा विक्रेता मूल्य का औसत और 16 प्रतिशत खुदरा मार्जिन शामिल होता है। समस्या यह है कि सभी दवाएं इस व्यवस्था के दायरे में नहीं आतीं। डीपीसीओ मुख्य रूप से कीमत में 12 महीने में 10 प्रतिशत से अधिक वृद्धि पर रोक लगाता है। यही वह जगह है, जहां मौजूदा व्यवस्था पर सबसे बड़ा सवाल खड़ा होता है। यदि किसी दवा का शुरुआती एमआरपी ही वास्तविक लागत की तुलना में कई गुना अधिक तय कर दिया जाए तो बाद में कीमत बढ़ाने की सीमा 10 प्रतिशत रखना बहुत प्रभावी नियंत्रण नहीं रह जाता। ऊंची शुरुआती कीमत ही भविष्य की कीमतों का आधार बन जाती है। इसलिए सवाल केवल यह नहीं होना चाहिए कि किसी दवा की कीमत साल में कितनी बढ़ी, बल्कि यह भी होना चाहिए कि वह कीमत शुरू में तय कैसे हुई। सरकार को इस मुद्दे पर व्यापक नीति बनाने की जरूरत है। दवा उद्योग में अनुसंधान, नई दवाओं के विकास, गुणवत्ता नियंत्रण, आयातित कच्चे माल, उत्पादन, वितरण और निवेश की वास्तविक लागत होती है, लेकिन इन लागतों के नाम पर ऐसी कीमत भी उचित नहीं ठहराई जा सकती जिसमें मरीज और निर्माता के बीच मूल्य का अंतर असामान्य रूप से बढ़ जाए। इसलिए एक व्यावहारिक रास्ता यह हो सकता है कि जीवनरक्षक दवाओं के लिए एमआरपी और लागत के बीच उचित मार्जिन की पारदर्शी सीमा तय की जाए। इसमें निर्माता, वितरक, विक्रेता और अस्पताल समेत पूरी आपूर्ति श्रृंखला के मार्जिन को अलग-अलग देखा जाए। जहां किसी चरण पर असाधारण मुनाफा हो रहा हो, वहां सरकार को हस्तक्षेप का अधिकार होना चाहिए। विशेष रूप से अस्पतालों में बेची जाने वाली दवाओं के मामले में पारदर्शिता और जरूरी है।

मुफ्तखोरी क्या वैश्विक समस्या बनेगी

> भारत में मुफ्तखोरी योजनाएं, जिन्हें फ्रीबीज़ भी कहा जाता है, पिछले लंबे समय से एक आम बात हो चुकी हैं। मुफ्त बिजली, मुफ्त पानी, मुफ्त यात्रा से आगे बढ़ते हुए अब बात साइकिल, स्कूटी, मंगलसूत्र, लैपटॉप और टैब तक पहुंच चुकी है। राजनीतिक दल, जो पहले सैद्धांतिक रूप से फ्रीबीज़ का विरोध करते थे, वे भी बड़े पैमाने पर इस प्रकार की योजनाओं की घोषणाएं धड़ल्ले से करते हुए दिखाई दे रहे हैं। दिलचस्प बात तो यह है कि इन फ्रीबीज़ को जन-कल्याण के नाम पर अन्य प्रकार से औचित्यपूर्ण भी ठहराया जाता है। समझा जा सकता है कि कहीं न कहीं मुफ़्तख़ोरी की स्कीमों के कारण राज्यों पर कर्ज़ का बोझ बढ़ रहा है, जिसके चलते देश पर कर्ज का बोझ बढ़ा है।

भारत में मुफ्तखोरी योजनाएं, जिन्हें फ्रीबीज़ भी कहा जाता है, पिछले लंबे समय से एक आम बात हो चुकी हैं। मुफ्त बिजली, मुफ्त पानी, मुफ्त यात्रा से आगे बढ़ते हुए अब बात साइकिल, स्कूटी, मंगलसूत्र, लैपटॉप और टैब तक पहुंच चुकी है। राजनीतिक दल, जो पहले सैद्धांतिक रूप से फ्रीबीज़ का विरोध करते थे, वे भी बड़े पैमाने पर इस प्रकार की योजनाओं की घोषणाएं धड़ल्ले से करते हुए दिखाई दे रहे हैं। दिलचस्प बात तो यह है कि इन फ्रीबीज़ को जन-कल्याण के नाम पर अन्य प्रकार से औचित्यपूर्ण भी ठहराया जाता है। इसी प्रकार की फ्रीबीज़ की घोषणाएं कुछ अन्य देशों में भी देखने और सुनने को मिलने लगी हैं। कुछ दिन पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा सभी व्यस्क लोगों (यानी मतदाताओं) को 5 हजार डॉलर देने की पेशकश की गई है, जिसमें शर्त यह है कि मध्यावधि चुनावों के मद्देनजर आप ट्रंप की पार्टी को वोट दीजिए। दिलचस्प बात यह है कि अमेरिका से प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष रूप से जुड़ी विभिन्न एजेंसियां भारत के प्रजातंत्र के बारे में टिप्पणियां तो करती ही हैं, भारतीय प्रजातंत्र में शांतिपूर्ण चुनाव एवं सत्ता हस्तांतरण, प्रेस, मीडिया और बोलने की स्वतंत्रता, स्वायत्त न्याय पालिका एवं अन्य संस्थाओं के बावजूद भारतीय प्रजातंत्र को अत्यंत निचले स्तर पर रेटिंग की जाती है।

अमेरिकी राष्ट्रपति द्वारा सीधे तौर पर वोट के बदले नोट देने की पेशकश, दुनिया में एक नई बहस को जन्म दे रही है कि क्या अब विकास, स्वच्छ प्रशासन, संवैधानिक अधिकारों की सुरक्षा, इंफ्रास्ट्रक्चर विकास, आमजन के लिए सुविधाओं की बजाए फ्रीबीज़ के आधार पर प्रजातंत्र में मतदाता वोट डाला करेंगे। ऐसे में यदि सत्ता पाने के लिए राजनीतिक दल वोटरों को राशि देने की पेशकश करने में प्रतिस्पर्द्धा करने लगे तो उसका खामियाजा किसे भुगतना पड़ेगा। यह राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता यहां रुकने वाली नहीं है, यह नीचे राज्यों (स्टेट्स) तक जाएगी और वहां गवर्नर की रेस में लगे दल भी इसी प्रकार की पेशकश करने लगे, तो उसका असर जन सेवाओं पर कितना पड़ सकता है, इसका अंदाज भारत में इस प्रतिस्पर्धा से लगाया जा सकता है। भारत में मुफ्तखोरी योजनाओं की शुरुआत कहां से हुई, उसके बारे में चर्चा करते हुए यदि हम उसके प्रकार और फैलाव के बारे में देखते हैं तो ध्यान में आता है कि सरकारी खजाने पर इसका सर्वाधिक असर पंजाब, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, तेलंगाना, राजस्थान, केरल, मध्य प्रदेश, तमिलनाडू आदि राज्यों में ज्यादा दिखाई देता है। भारत के महालेखाकार और अकेंक्षक (कैग) के अनुसार 2024-25 में पंजाब, कर्नाटक, मध्य प्रदेश, और तमिलनाडू में कुल सरकारी खर्च के 13.5 प्रतिशत से ज्यादा इस प्रकार की योजनाओं में खर्च हो रहा था। हालांकि, तमिलनाडु और दिल्ली इन मुफ्तखोरी योजनाओं के खासे चर्चित उदाहरण रहे हैं, लेकिन इन राज्यों में सरकारी कर्ज सरकारी खातों में दिखाई नहीं देता, लेकिन यह इसलिए है कि दिल्ली में प्रति व्यक्ति सरकारी राजस्व, राष्ट्रीय औसत के दुगने से भी अधिक है। इसका अप्रत्यक्ष कारण यह है कि दिल्ली की प्रति व्यक्ति आय भी राष्ट्रीय औसत के मुकाबले दुगनी से भी अधिक है। कमोबेश यही स्थिति तमिलनाडु की भी है। भारतीय जनता पार्टी इन मुफ्तखोरी योजनाओं का



सैद्धांतिक रूप से विरोध करती रही है। अन्य राजनीतिक दलों की मुफ्तखोरी योजनाओं के मद्देनजर अब यह पार्टी भी सत्ता के समीकरण अपने पक्ष में करने हेतु खुलकर इन मुफ्तखोरी योजनाओं की केवल घोषणा ही नहीं कर रही, बल्कि उनके फायदे भी गिना रही है। उदाहरण के लिए मध्य प्रदेश में लाडली बहन योजना, दिल्ली में मुख्यमंत्री महिला सम्मान योजना और कई अन्य राज्यों में इस प्रकार की योजनाएं चल रही हैं। हालांकि यह मुफ्तखोरी योजना ही है, लेकिन यह पार्टी की राजनीतिक मजबूरी भी कही जा सकती है।

दिल्ली की महिलाओं के लिए दी जाने वाली राशि केवल इसके लिए पात्र (ग़रीब) महिलाओं को ही मिलेगी। दिल्ली में भारतीय जनता पार्टी ने आम आदमी पार्टी द्वारा दी जा रही मुफ्त बिजली, पानी आदि की सुविधा को बरकरार भी रखा है। इन सभी मुफ्तखोरी योजनाओं का असर देश पर बढ़ते कर्ज के रूप में भी दिखाई देता है। गौरतलब है कि 2010-11 में देश पर सम्मिलित कर्ज केंद्र और राज्य जीडीपी का 65.6 प्रतिशत था। जिसमें केंद्र सरकार का कर्ज जीडीपी का 48.58 प्रतिशत और राज्यों का कर्ज जीडीपी का 23.5 प्रतिशत था। गौरतलब है कि देश पर सम्मिलित कर्ज आकलित करने के लिए केंद्र और राज्यों के आपसी लेनदेन को समायोजित किया गया है।

2024-25 में यह कर्ज बढ़कर जीडीपी के 81.9 प्रतिशत तक पहुंच गया। जहां केंद्र सरकार का कर्ज 48.8 प्रतिशत से बढ़कर 57.5 प्रतिशत तक पहुंचा, राज्य सरकारों पर कर्ज 23.5 प्रतिशत से बढ़ता हुआ 28.5 प्रतिशत तक पहुंच गया। जिन राज्यों द्वारा मुफ्त खोरी की योजनाओं को ज़्यादा अपनाया गया है, उन राज्यों का क़र्ज़ राष्ट्रीय औसत से कहीं अधिक है। 2024–25 में, कई राज्यों पर उनके जीएसडीपी (राज्य की जीडीपी) के मुकाबले काफ़ी ज़्यादा कर्ज़ था। पंजाब में यह 47.3 प्रतिशत, हिमाचल प्रदेश में 44.0 प्रतिशत, पश्चिम बंगाल में 38.0 प्रतिशत, केरल में 37.0 प्रतिशत, राजस्थान में 36.0 प्रतिशत और आंध्र प्रदेश में 34.7 प्रतिशत। कर्ज का इतना ज़्यादा बोझ राजकोषीय गुंजाइश को सीमित करता है, ब्याज का बोझ बढ़ाता है और उत्पादक सार्वजनिक निवेश को रोक सकता है। आमदनी से ज्यादा खर्च और तदनुसार घाटे के बजटों ने देश पर कर्ज बढ़ाया ही है, लेकिन हाल ही में मुफ्तखोरी की योजनाओं के चलते यह गति और तेजी से बढ़ी है। गौरतलब है कि 2010-11 और 2018-19 के बीच देश पर कुल कर्ज 63.6 प्रतिशत से मामूली सा बढ़कर 66.5 प्रतिशत तक ही हुआ था। लेकिन पिछले मात्र 6 वर्षों में यह 2024-25 तक बढ़कर जीडीपी के 81.9 प्रतिशत तक पहुंच जाना वास्तव में चिंता का विषय है। यह भी सही है कि केंद्र सरकार की देनदारी में बड़ी वृद्धि कोरोना काल में हुई थी, जब 2019-20 और 2020-21 के दौरान केंद्र सरकार की देनदारियां जीडीपी के 62.9 प्रतिशत और राज्य सरकारों की देनदारियां 31.1 प्रतिशत तक पहुंच गई और दोनों की सम्मिलित देनदारियां 88.7 प्रतिशत तक पहुंच गई। हालांकि उसके बाद सम्मिलित लेनदारिया 81.9 प्रतिशत तक घट गई है, जिनमें केंद्र की देनदारियां 57.1 प्रतिशत हैं और राज्यों पर अभी भी ये 28.5 प्रतिशत बनी हुई हैं। ध्यातव्य है कि लेकिन अभी भी यह 2010-11 के 65.6 प्रतिशत से कहीं अधिक हैं।

समझा जा सकता है कि कहीं न कहीं मुफ़्तख़ोरी की स्कीमों के कारण राज्यों पर कर्ज़ का बोझ बढ़ रहा है, जिस के चलते देश पर कुल कर्ज का बोझ बढ़ा है। दुनिया में प्रजातंत्र का मजाक बना रही ये मुफ्तखोरी योजनाएं, देशों की बर्बादी की कहानी लिख रही हैं। इस संबंध में जनता से ही सशक्त आवाज़ उठने की ज़रूरत है, ताकि दुनिया को आर्थिक बर्बादी से बचाया जा सके।

(लेखक पूर्व प्रोफ़ेसर, दिल्ली विवि हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया haribhoomi@gmail.com पर दे सकते हैं।

गांधी जयंती विशेष
डॉ. अशोक कुमार जायसवाल



महात्मा गांधी एवं ग्राम स्वराज

महात्मा गांधी की ग्राम स्वराज की परिकल्पना एक ऐसा सम्पूर्ण प्रजातंत्र होगा, जो अपनी अहम जरुरतों के लिए अपने पड़ोसियों पर निर्भर नहीं रहेगा और फिर भी बहुतेरी जरुरतों के लिए, जिसमें दूसरे का सहयोग अनिवार्य होगा, वह परस्पर सहयोग से काम लेंगे। वे आत्मनिर्भर गांव के पूर्ण पक्षधर थे, वे ऐसे गांव बनाने की कल्पना करते थे, जो अपने संसाधन खुद जुटाने में समर्थ हो और दूसरे पर आश्रित न होकर अपने स्वयं पर अवलम्बित हों, उनकी ग्राम स्वराज की कल्पना जमीनी स्तर की सामाजिक सभा (ग्रासरूट की सोशियल असेंबली) की तरह थी। वे प्रत्येक गांव को स्वावलंबी एवं आत्मनिर्भर बनाकर समानता पर आधारित ऐसे राष्ट्र के निर्माण के पक्षधर थे, जिसमें अमीरी-गरीबी, जाति, वर्ग, धर्म से संबंधित भेदभाव या विषमता का कोई स्थान नहीं था। भारत की आत्मा शहरों में नहीं बल्कि गांवों में बसती है। गांधी ने ग्राम को एक इकाई मानकर कार्य करने पर पुरजोर बल दिया, जो सहयोगात्मक शासन के रूप को प्रदर्शित करती है, जिसमें सरकार, समाज और बाजार मिलकर कार्य करते हैं, जिससे गांव



के प्रति लोगों का विश्वास बढ़ता, विविध ज्ञान का संग्रह होता और नीतियों के प्रति दीर्घकालिक स्वामित्व की भावना पैदा होती हैं। भारत की लगभग दो-तिहाई से ज्यादा आबादी ग्रामीण इलाकों में निवासरत है, जहां ग्राम पंचायतें आर्थिक क्रिया-कलापों, सेवा प्रदान करने और जीवन की गुणवत्ता को बेहतर बनानें में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन करती है। पंचायतें ग्राम सभा के सदस्यों के सबसे करीब होने के कारण सु-शासन स्थापित करने की सबसे महत्वपूर्ण कड़ी है।

पंचायतों को 73वें संशोधन के तहत मिली संवैधानिक दायित्वों के साथ-साथ ग्राम पंचायतों से यह आशा की जाती है, कि वे सिर्फ प्रशासनिक इकाई के रुप में नहीं बल्कि सेवा का केन्द्र बिन्दु के रुप में स्थानीय आर्थिक विकास एवं सामाजिक न्याय को आगे बढ़ाने वाली संस्थाओं के तौर पर काम करें। आजादी के इस अमृत काल में पंचायतें सेवा का केन्द्र बिन्दु बनकर उभर रही है। हालांकि एक बड़ी चुनौती अभी भी बनी हुयी है, आर्थिक निर्भरता या आत्म निर्भरता की। पंचायती राज मंत्रालय द्वारा जमीनी स्तर पर ग्राम स्वराज की परिकल्पना को साकार करने एवं जमीनी स्तर पर लोकतंत्र को मजबूत करने एवं ग्रामीण स्थानीय स्व-शासन को सक्षम बनाने के लिये 2014 से 2026 तक की अवधि में जमीनी स्तर पर सु-शासन स्थापित करने हेतु एक परिवर्तनकारी दौर शुरू किया इस दौरान पंचायती राज मंत्रालय द्वारा अनेक तरह की पहल की गयी, मंत्रालय द्वारा ग्राम स्वराज की स्थापना हेतु पंचायती प्रक्रियाओं का डिजिटलीकरण, वित्तीय प्रबंधन, जनप्रतिनिधियों की क्षमता का विकास, विकेन्द्रीकृत जनभागीदारी वाली योजना का निर्माण, ग्रामीण क्षेत्र में संपत्तियों का अधिकार, सतत विकास लक्ष्यों का स्थानीयकरण एवं ऑडिट शामिल है। ग्राम स्वराज की स्थापना में इन सुधारों ने मिलकर देश भर की 2.63 लाख पंचायतों की वित्तीय स्वायत्ता, प्रशासनिक दक्षता और पारदर्शिता को मजबूत किया है। ग्रामसभा सदस्यों हेतु सूचनाओं के आदान-प्रदान की पहुंच, तेजी से पारदर्शिता के साथ सेवा प्रदान करने का मजबूत आधार प्रदान किया तथा बेहतर जवाबदेही ने ग्रामीण स्थानीय निकायों के माध्यम से शासन को ग्राम सभा के करीब पहुंचाया है।

संविधान का 73वां संशोधन ने ग्राम स्वराज की परिकल्पना एवं जमीनी स्तर पर सु-शासन की संवैधानिक सोच को आगे बढानें और पूरे ग्रामीण भारत में नागरिकों के जीवन की गुणवत्ता में सुधार लाने तथा गांवों को स्वालंबी एवं आत्म निर्भर बनाने हेतु किया गया सार्थक प्रयास है। पंचायतों को सेवाओं के प्रभावी वितरण के लिए नागरिक चार्टर अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया गया, जमीनी स्तर पर ऑनलाइन नागरिक सेवाएं प्रदान की गई, जिनमें जन्म और मृत्यु प्रमाण पत्र, विवाह पंजीकरण, जाति, आय, निवास, आयु, चरित्र और विकलांगता प्रमाण प्रत्र, पेंशन-संबंधी सेवाएं, भूमि और संपति-संबंधी सेवाएं, जल और स्वच्छता सेवाएं, शिकायत निवारण और विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के तहत आवेदन शामिल हैं। इससे जमीनी स्तर पर नागरिक सेवा प्रदायगी की पहुंच, पारदर्शिता और कार्यकुशलता में सुधार हुआ है, जिससे ग्रामीण नागरिकों के जीवन की गुणवता और जीवन यापन में सुधार हुआ। राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के तहत ई-पंचायत मिशन मोड परियोजना को लागू कर डिजिटल सुविधाओं के माध्यम से पंचायतीराज संस्थाओं के कामकाज में पारदिंशता, कार्यकुशलता और जवाबदेही को मजबूत किया गया, ताकि पंचायतीराज संस्थाओं में पारदिंशता, जवाबदेही और डिजिटल शासन को बेहतर बनाया जा सके।

इस प्रकार पिछले बारह वर्षों में भारत के ग्रामीण स्थानीय निकायों में महत्वपूर्ण परिवर्तन और प्रगति देखी है जो पंचायतीराज संस्थाओं को स्वशासन के प्रभावी संस्थानों के रुप में मजबूती प्रदान करने का महत्वपूर्ण चरण एवं समावेशी विकास का मजबूत आधार है। पंचायतों को ग्राम स्वराज की परिकल्पना को साकार करने हेतु स्थानीय अवसरों को पहचान करने की आवश्यकता होगी, तथा आर्थिक रुप से आत्मनिर्भर पंचायत बनने के अभियान में पंचायतों को अपने नवाचारों के साथ आगे बढ़कर एक आर्थिक रुप से आत्मविश्वासी पंचायतों की नई पीढ़ी का निर्माण करना, जो महात्मा गांधी के ग्राम स्वराज की अवधारणा तथा विकसित भारत 2047 के सपनों को साकार करने की कुंजी होगी।

संकाय सदस्य (पंचायती राज), ठाकुर प्यारेलाल राज्य पंचायत एवं ग्रामीण विकास संस्थान निमोरा, रायपुर (छ.ग.)

एक सप्ताह अपने लिए निकाले



संकलित
दर्शन

श्वास और मन पर ध्यान देने से हमारा प्रतिरक्षा प्रणाली (इम्यून सिस्टम) मजबूत होता है। यदि आप शिशुओं को देखें, तो पाएंगे कि वे अत्यंत संतुलित तरीके से श्वास लेते हैं। वे पूरे शरीर से श्वास लेते हैं-जब वे श्वास अंदर लेते हैं, तो पेट बाहर आता है, और जब श्वास छोड़ते हैं, तो पेट भीतर चला जाता है। पर जैसे-जैसे हम तनावग्रस्त होते हैं, यह प्रक्रिया उल्टी हो जाती है। ऐसी बातें कोई सिखाता नहीं, बस सजगता चाहिए। पर हमारा मन इतना व्यस्त, विचारों, निर्णयों और प्रतिक्रियाओं से भरा होता है कि हम प्रकृति की इन सूक्ष्म बातों को देख ही नहीं पाते। इसलिए साल में एक बार, एक सप्ताह अपने लिए निकालें, जैसे आप कार की सर्विसिंग कराते हैं। उस समय प्रकृति के साथ सामंजस्य में रहें, सूर्योदय के साथ उठें, हल्का और आवश्यक मात्रा में भोजन करें, व्यायाम करें, योग, प्राणायाम, कुछ समय मौन रखें और प्रकृति का आनंद लें। जब हम प्रकृति से जुड़ते हैं, तो हमारी पूरी प्रणाली पुनर्जीवित हो जाती है। हम ऊर्जावान, उत्साही और प्रफुल्लित अनुभव करते हैं। सबसे महत्त्वपूर्ण है- जीवन में अधिक प्रसन्न रहना। चीजों को बहुत गंभीरता से न लें। थोड़ा सा आत्मज्ञान, अपने मन, चेतना और भ्रमों के मूल को समझना हमें जीवन को सुंदर बनाने में मदद करता है। हर व्यक्ति में सभी सद्गुण पहले से विद्यमान हैं, बस अज्ञानता की परतों से ढके हैं। हमें केवल उन्हें हटाना है और भीतर छिपे उन गुणों को प्रकट होने देना है।

गरीब विद्वान व राजा भोज, बने भाई-भाई



संकलित
प्रेरणा

कई वर्ष पहले धार में राजा भोज का शासन था। उस राज्य में एक गरीब विद्वान रहता था। आर्थिक तंगी से घबराकर एक दिन विद्वान की पत्नी ने उससे कहा-आप राजा भोज के पास क्यों नहीं जाते? वह विद्वानों का बड़ा आदर करते हैं। हो सकता है आपकी विद्वता से प्रभावित होकर वह आपको ढेर सारा धन दे दें। विद्वान राजा के दरबार में पहुंचा। पहरेदार ने पूछा- आप कौन हैं? कहां जाना है? विद्वान ने कहा- जाओ राजा से कहो कि उनका भाई आया है। पहरेदार ने जब भोज को यह बात बताई तो... वह सोचने लगे- मेरा तो कोई भाई है नहीं है फिर कौन हो सकता है। कहीं कोई धूर्त तो नहीं। उनकी उत्सुकता जागी। उन्होंने विद्वान को बुलवा लिया। 'कैसे हुए भाई-भाई' भोज ने विद्वान से पूछा- क्या तुम मेरे भाई हो? किस नाते से? विद्वान ने कहा- मैं आपका मौसेरा भाई हूं। आपकी मौसी का लड़का। भोज ने पूछा- कैसे? मेरी तो कोई मौसी नहीं है। विद्वान बोला- महाराज। आप संपत्ति माता के पुत्र हैं और मैं विपत्ति माता का पुत्र। संपत्ति और विपत्ति बहनें हैं। इस नाते मैं आपका मौसेरा भाई हुआ न। यह सुनकर भोज बेहद प्रसन्न हुए। उन्होंने ढेर सारी स्वर्ण मुद्राएं विद्वान को दीं। फिर भोज ने पूछा- मेरी मौसी तो कुशल हैं न? इस पर विद्वान ने जवाब दिया- राजन, जब तक आपकी मौसी जीवित थीं, आपके दर्शन नहीं हुए थे। अब आपके दर्शन हुए तो आपकी मौसी स्वर्ग सिधार गईं। इस उत्तर से भोज को और भी प्रसन्नता हुई। उन्होंने विद्वान को गले से लगा लिया।

अंतर्मन



आज की पाती

भारत के समक्ष नई चुनौती

आज सोशल मीडिया हमारे जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा बन चुका है। फेसबुक, एक्स, इंस्टाग्राम, यूट्यूब, व्हाट्सऐप और अन्य डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से लोग कुछ ही सेकंड में देश-दुनिया की जानकारी प्राप्त कर लेते हैं। सोशल मीडिया ने सूचना के आदान-प्रदान को आसान बनाया है, लेकिन इसके साथ कुछ गंभीर चुनौतियां भी सामने आई हैं। अब सूचना का इस्तेमाल केवल लोगों को जानकारी देने के लिए नहीं, बल्कि उनकी सोच और भावनाओं को प्रभावित करने के लिए भी किया जा सकता है। इसी कारण सूचना युद्ध आज राष्ट्रीय सुरक्षा का एक महत्वपूर्ण विषय बन गया है। सूचना युद्ध का अर्थ है ऐसी सूचनाओं का इस्तेमाल करना, जिनके माध्यम से लोगों की सोच, भावनाओं, विश्वास और निर्णयों को प्रभावित किया जा सके। इसमें झूठी खबर, आधी-अधूरी जानकारी आदि शामिल हैं।

-विवेक सक्सेना, रायपुर

ट्रेंड

नितेश को बधाई



एशियन गेम्स में पुरुषों की ग्रीको-रोमन 97 किलो कैटेगरी में सिल्वर मेडल जीतने पर नितेश को बधाई। भारत के 64 साल के इंतजार को खत्म करते हुए, नितेश ने भारत के लिए एक अहम उपलब्धि हासिल की है।

- **योगी आदित्यनाथ,** सीएम, उत्तरप्रदेश

सामाजिक न्याय



मोदी जी सामाजिक न्याय और समानता के खिलाफ़ हैं। उनका पूरा सिस्टम शिक्षा से नफ़रत करता है क्योंकि वे नहीं चाहते कि छात्र सोचें या सवाल पूछें। एक ट्वीट में, बाबासाहेब अंबेडकर की "एनिहिलेशन ऑफ़ कास्ट" (जाति का विनाश) जैसी ज़रूरी किताब के बारे में कहा गया कि ये युवाओं के दिमाग में "ज़हर" घोलती है।

-राहुल गांधी, सांसद, कांग्रेस

सम्मान और दाम



हरियाली सिर्फ़ खुशहाली की निशानी नहीं होनी चाहिए, बल्कि यह हर घर-आंगन में फलनी-फूलनी चाहिए और यह तभी मुमकिन होगा जब किसानों, खेती, ग्रामीणों को उनकी मेहनत का सम्मान और दाम, दोनों मिलें। **-अखिलेश यादव,** सांसद, सपा

एआई निष्पक्ष नहीं



आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एक ऐसी ताकत है जो बहुत बड़े पैमाने पर बदलाव ला रही है और मेरी नज़र में, करुणा भी कुछ ऐसी ही है। एआई कभी भी निष्पक्ष नहीं होता; यह हमारी कमियों, पूर्वाग्रहों और इरादों को अपनाकर उन्हें कई गुना बढ़ा देता है।

-कैलाश सत्यार्थी, नोबेल शांति पुरस्कार विजेता

करंट अफेयर

पाक के लाहौर में नेहरू पार्क के जीर्णोद्धार का काम शुरू



पाकिस्तान के पंजाब प्रांत के लाहौर में भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन से जुड़े ऐतिहासिक नेहरू पार्क के जीर्णोद्धार का काम शुरू हो गया है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। कृष्णा नगर इलाके में स्थित नेहरू पार्क उस स्थान पर बना है, जहां भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने अपने ऐतिहासिक लाहौर अधिवेशन के दौरान 31 दिसंबर, 1929 को 'पूर्ण स्वराज' का प्रस्ताव पारित किया था। इस प्रस्ताव में भारत के लिए पूर्ण स्वशासन और ब्रिटिश शासन से पूरी स्वतंत्रता की मांग की गई थी। उस समय कांग्रेस के तत्कालीन अध्यक्ष जवाहरलाल नेहरू ने इस घोषणा के प्रतीक के तौर पर इसी स्थान पर भारतीय ध्वज फहराया था। पार्क्स एंड हॉर्टिकल्चर अथॉरिटी (पीएचए) के महानिदेशक अहमद उस्मान जावेद ने बुधवार को संवाददाताओं से कहा कि सरकार ने ऐतिहासिक नेहरू पार्क का पूरी तरह जीर्णोद्धार करने का फैसला किया है और इस दिशा में काम शुरू हो गया है। उन्होंने कहा, 'बागवानी शाखा पार्क को नया रूप देने के लिए हरी-भरी घास और रंग-बिरंगे मौसमी फूल लगा रही है, जबकि इंजीनियरिंग टीम रात में रोशनी की व्यवस्था करने के साथ बेंच और बच्चों के झूले लगाएगी, ताकि इसे परिवारों के लिए अधिक सुविधाजनक बनाया जा सके।'

ऑफ बीट

भूजल घटने से धंस रहे दुनिया के शहर, रोक सकते हैं प्रक्रिया



दुनिया के कई शहरों के नीचे मौजूद भूजल भंडारों से जरूरत से ज्यादा पानी निकाले जाने के कारण जमीन धंस रही है जिससे तटीय शहरों पर समुद्र के बढ़ते जलस्तर का खतरा और बढ़ रहा है। हालांकि, नए शोध के अनुसार भूजल भंडारों को फिर से भरने से जमीन के धंसने की प्रक्रिया को कुछ हद तक रोका जा सकता है। शोध में यह भी सामने आया कि भूजल की तेजी से बहाली और जमीन के ऊपर उठने की प्रक्रिया में भूमिगत भ्रंश रेखाएं (फॉल्ट लाइन) महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। भूमि का धीरे-धीरे नीचे धंसना दुनिया के कई बड़े शहरों के लिए चुनौती बन गया है। इंडोनेशिया की राजधानी जकार्ता के कुछ हिस्से हर साल 10 सेंटीमीटर से अधिक धंस रहे हैं, जिसके कारण सरकार को शहर को स्थानांतरित करने की योजना बनानी पड़ी है। चीन के तटीय शहर तियानजिन में करीब 1.5 करोड़ लोग रहते हैं। यदि वहां जमीन के धंसने की रफ्तार इसी तरह जारी रही तो 2120 तक शहर की 15 प्रतिशत आबादी पानी की चपेट में आ सकती है। सैन डियागो से लेकर ईरान के प्रमुख शहरों तक कई जगह ऐसी ही स्थिति है, जहां भूजल का दोहन उसके प्राकृतिक रूप से दोबारा भरने की क्षमता से अधिक हो रहा है।

अपने विचार

हरिभूमि कार्यालय

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

राहुल ने फॉर्म-6 को लेकर उठाए सवाल

किसके आदेश पर यह बदलाव शुरू किया गया, चुनाव आयोग में किसने टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज को यह बदलाव करने का आदेश दिया...?

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने फॉर्म-6 को लेकर सवाल उठाए हैं। उन्होंने सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में पूछा है कि फॉर्म-6 में बदलाव को लेकर आदेश किसने दिया? राहुल ने लिखा है कि फॉर्म-6 में गैरकानूनी तरीके से बदलाव किया गया। चुनाव आयोग के आयुक्तों ने भी इस पर आपत्ति जताई है। राहुल ने टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज को लेकर भी सवाल उठाया। राहुल ने पोस्ट में कहा, चुनाव आयोग में किसने टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज को यह बदलाव करने का आदेश दिया? टीसीएस में किसने इस पर हस्ताक्षर किए? क्या टीसीएस पर दबाव डाला गया था?

राहुल ने लिखा है कि फॉर्म-6 में गैरकानूनी तरीके से बदलाव किया गया। चुनाव आयोग के आयुक्तों ने भी इस पर आपत्ति जताई है। राहुल ने टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज को लेकर भी सवाल उठाया



जयराम का दावा- 'पीएम-एचएम की जोड़ी' ने यह कराया

कांग्रेस महासचिव (संचार) जयराम रमेश ने दावा किया कि फॉर्म-6 में यह बदलाव 'पीएम-एचएम की जोड़ी' द्वारा कराया गया था। राहुल की पोस्ट को टैग करते हुए रमेश ने कहा, 'फॉर्म-6 में बदलाव जुलाई 2026 के मध्य में मुख्य चुनाव आयुक्त द्वारा असंवैधानिक तरीके से किए गए। जेन-जी के मतदाताओं को सूची से हटाया जा सके।

चुनाव आयोग ने फॉर्म-6 में किया बड़ा बदलाव

चुनाव आयोग ने एसआईआर प्रक्रिया पूरी कर चुके राज्यों में फॉर्म-6 में बड़ा बदलाव किया है। इस बदलाव के तहत अब एसआईआर में नाम कटने के बाद दोबारा नाम जुड़वाने के लिए 2003 की वोटर लिस्ट की जानकारी नहीं देनी होगी।

भाजपा नेता चंद्रशेखर बोले

राहुल को बताया भारतीय राजनीति में 'सबसे बड़े धोखेबाज़' व अप्रमाणिक नेता

वरिष्ठ नेता भाजपा नेता राजीव चंद्रशेखर निर्वाचन आयोग और सरकार पर राहुल गांधी द्वारा निशाना साधे जाने की



आलोचना करते हुए उन्हें 'भारतीय राजनीति का सबसे बड़ा धोखेबाज' और 'अप्रामाणिक राजनेता' करार दिया। राहुल झूठ और गलत सूचनाओं के सहारे राजनीति करते हैं। यहां भाजपा मुख्यालय में प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए चंद्रशेखर ने कहा कि राहुल न तो धर्मनिरपेक्षता के रक्षक हैं और न ही संविधान के। वे केवल अपने परिवार के हितों के रक्षक हैं।

मतदाता सूची से 45 लाख नाम अवैध तरीके से हटाने की 'साजिश' हो रही

सीएम शिवकुमार का मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय पर धरना

बेंगलुरु। कर्नाटक के सीएम डीके शिवकुमार ने आरोप लगाया कि राज्य में जारी एसआईआर के तहत सूची से बड़ी संख्या में नाम हटाने के लिए लोग अलग-अलग नामों से कई आवेदन कर रहे हैं।



शिवकुमार ने एसआईआर को 'बड़ा फर्जीवाड़ा' भी करार दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा इस साजिश में शामिल है, जिसका उद्देश्य मतदाता सूची से 'अल्पसंख्यकों, दलितों और एसटी मतदाताओं' के नाम हटाना है। उन्होंने दावा किया कि सीईसी की जानकारी के बिना इस तरह से 'अवैध' तरीके से मतदाताओं के नाम हटाना संभव नहीं है। जब तक इस मामले में जांच के आदेश नहीं दिए जाते, वह मुख्य निर्वाचन अधिकारी वी. अनबक्कुमार के कार्यालय में ही बैठे रहेंगे।

खबर संक्षेप

कल से शुरू होगी उदयपुर-सूरत वंदे भारत

नई दिल्ली। गुजरात और राजस्थान के बीच मजबूत कनेक्टिविटी प्रदान करने की दिशा



में भारतीय रेल एक बड़ा कदम उठाने जा रहा है। भारतीय रेल का पश्चिम रेलवे जोन गुजरात के सूरत और राजस्थान के उदयपुर के बीच एक नई वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन शुरू करने जा रहा है। ये नई वंदे भारत ट्रेन 3 अक्टूबर से कमर्शियल सर्विस शुरू करेगी। शेड्यूल जारी किया है।

जहाज में चोरी का प्रयास गैस से 4 की मौत

मुंबई। मुंबई के गोराई इलाके में मनोरी बीच के पास फंसे विदेशी झंडे वाले एक जहाज में कथित तौर



पर चोरी के प्रयास के दौरान जहरीली गैस की चपेट में आने से 4 लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया घटना दो से तीन दिन पहले हुई । उन्होंने बताया कि तेज हवाओं और भारी बारिश के कारण जहाज चार महीने पहले तट के पास फंस गया था।

30 सप्ताह के गर्भ को खत्म करने की अनुमति

कोच्चि। केरलम उच्च न्यायालय ने दुष्कर्म पीड़िता 15 वर्षीय एक किशोरी की मां की याचिका पर



सुनवाई करते हुए उसके 30 सप्ताह के गर्भ को चिकित्सकीय रूप से समाप्त करने की अनुमति दे दी है। न्यायमूर्ति हरिशंकर वी मेनन ने पीड़िता की मां द्वारा दायर याचिका को स्वीकार करते हुए राज्य सरकार को इस प्रक्रिया के लिए आवश्यक इंतजाम करने का निर्देश दिया।

युकां, एसएफआई के 160 लोगों पर केस

तिरुवनंतपुरम। यहां के पलायम में हुई झड़प के बाद पुलिस ने गुरुवार को केएसयू/युवा कांग्रेस और एसएफआई/ डीवाईएफआई कार्यकर्ताओं के खिलाफ 2अलग-अलग मामले दर्ज किए। एसएफआई ने युवा कांग्रेस और पुलिस के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। बुधवार रात यहां मार्च में व्यापक हिंसा हुई थी।

प्रधानमंत्री ने यूपीएससी के शताब्दी समारोह में हिस्सा लिया, बोले

भारत मंडपम में किया गया आयोजन प्रधानमंत्री ने दी अहम सलाह

सरकार माई-बाप नहीं, नागरिक देवो भव है यूपीएससी के नए दौर का मंत्र

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को नई दिल्ली के भारत मंडपम में संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) के 100 वर्ष पूरे होने के अवसर पर आयोजित शताब्दी समारोह में हिस्सा लिया और अफसरों को संबोधित किया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

2 दिनी कार्यक्रम में इतिहास और भविष्य को लेकर मंथन किया जा रहा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को नई दिल्ली के भारत मंडपम में संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) के 100 वर्ष पूरे होने के अवसर पर आयोजित शताब्दी समारोह में हिस्सा लिया। यह दो दिवसीय कार्यक्रम है ,जिसमें यूपीएससी के इतिहास और भविष्य को लेकर मंथन किया जा रहा है। अपने संबोधन की शुरुआत में पीएम मोदी ने कैप्टन स्मित मच्छार का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि एक घटना घटी और भारत के कैप्टन स्मित ने जिस प्रकार से धैर्य, सूझबूझ और साहस का परिचय दिया। इस हिंदुस्तानी ने 9/11 होने से बचा लिया। पीएम मोदी ने कहा कि जब वे यहां गैलरी देख रहे थे तो उन्होंने देखा कि 1920 में सुभाष चंद्र बोस भी इसी प्रक्रिया से गुजरे थे। उन्होंने कहा कि मेरा इस बात पर ध्यान गया कि उस समय अंग्रेजों की हुकूमत थी लेकिन संस्कृत का पेपर हुआ करता था और सुभाष बाबू ने संस्कृत में पेपर लिखा है।

■ 2 कसौटियों को याद रखें हिदायत दी

राष्ट्र के पुनर्निर्माण के लिए सरदार पटेल को किया नमन

आज के ऐतिहासिक अवसर पर पीएम ने सरदार वल्लभ भाई पटेल को भी नमन किया। उन्होंने कहा कि आजादी के बाद उनके सामने केवल एक देश को आजाद रखने की चुनौती नहीं थी बल्कि उनके सामने एक राष्ट्र को चलाने की चुनौती भी थी। राष्ट्र के पुनर्निर्माण के लिए जिस स्किल फ्रेम की जरूरत थी, वो सरदार वल्लभ भाई पटेल ने दिया। आजाद भारत का एक प्रमुख स्तंभ बनाया, इसे सशक्त किया।



नागरिक की सेवा को सर्वोपरि रखें ये देवता से कम नहीं

प्रधानमंत्री ने कहा कि हमने अतीत का वो दौर देखा है, जब माना जाता था कि सरकार ही माई-बाप है लेकिन आज का ये दौर नागरिक देवो भव का है। देश का नागरिक हमारे लिए किसी देव से कम नहीं है। हमारे लिए नागरिक की सेवा सर्वोपरि है। आज का भारत, एक नई कार्य-संस्कृति के साथ बढ़ रहा है।

प्रोफेशनल्स ऐसे हों जो गरीबों का दर्द समझें

उन्होंने कहा कि हमें ऐसे प्रोफेशनल्स की जरूरत है जिनमें गरीबों का दर्द समझने की संवेदनशीलता हो, जो समस्या के समाधान में इनोवेटिव हों और देश की जरूरतों को समझते हों। ऐसे प्रोफेशनल्स जो यह सुनिश्चित करें कि कानूनों का पालन हो लेकिन यह भी समझें कि कोई विशेष कानून लोगों के लिए अच्छा है या नहीं। कैपेसिटी बिल्डिंग पर बात करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि यूपीएससी और राज्यों के चयन आयोगों की कैपेसिटी बिल्डिंग का काम भी निरंतर होते रहना चाहिए। मिशन कर्मयोगी के तहत जो आईगोट प्लेटफॉर्म बनाया गया है, उसका उपयोग अंदरूनी व्यवस्थाओं और टीम की क्षमता बढ़ाने के लिए भी किया जा सकता है।

युवा विकास में अहम भूमिका निभाएं, नेशन फर्स्ट, सीटिजन फर्स्ट

युवाओं की भर्ती पर जोर देते हुए पीएम मोदी ने कहा कि आज आप जिन युवाओं की भर्ती कर रहे हैं, वो विकसित भारत के निर्माण में अहम भूमिका निभाएंगे और वही विकसित भारत के सबसे बड़े लाभार्थी भी होने वाले हैं। हमें दो कसौटियों को हमेशा याद रखना है। एक- नेशन फर्स्ट, दूसरी-सीटिजन फर्स्ट। यही दो कसौटियां हैं, जिन पर हर सेलेक्शन को कसा जाना है। उन्होंने कहा कि हमें ऐसे युवाओं को पब्लिक सर्विस में लाना होगा जो पब्लिक ऑफिस से नहीं बल्कि पब्लिक सर्विस से आकर्षित हों। इसलिए जरूरी है कि भर्ती परीक्षा सिर्फ यह न परखे कि उम्मीदवार कितना जानता है बल्कि यह भी देखे कि वह युवा सिविल सर्विस में आना क्यों चाहता है।

आपका काम युवाशक्ति के भविष्य से जुड़ा, रिफॉर्म पर काम करें

पीएम मोदी ने कहा कि आप सभी को हमेशा याद रखना है कि आपका काम युवाशक्ति के भविष्य से जुड़ा है।युवाशक्ति से राष्ट्रशक्ति के निर्माण का जो मिशन है, आप उसका एक महत्वपूर्ण स्तंभ हैं। बीते वर्षों में आपने इसमें बहुत बड़ी भूमिका निभाई भी है। देश तेजी से रिफॉर्म एक्सप्रेस पर आगे बढ़ रहा है, इस पर काम करें।

किताब, डाक टिकट और सिक्का जारी किया

प्रधानमंत्री ने आयोग की भूमिका और प्रशासनिक व्यवस्था में उसके योगदान को रेखांकित किया। संघ लोक सेवा आयोग ने 1 अक्टूबर 2026 को अपनी स्थापना के 100 साल पूरे किए। इस अवसर पर भारत मंडपम में दो दिवसीय शताब्दी समारोह 'मंथन' आयोजित किया गया। आयोग की स्थापना 1 अक्टूबर 1926 को हुई थी। इस दौरान किताब, डाक टिकट और सिक्का जारी किया। यूपीएससी ने सिविल सेवाओं के लिए निष्पक्ष और योग्यता आधारित चयन प्रक्रिया को आगे बढ़ाया।

पंजाब की राजनीति में उलटफेर

राजा वड़िंग ने दिया इस्तीफा अपने बायो में बदलाव किया

बुधवार रात की थी इस्तीफे की पेशकश



एजेंसी ▶▶ चंडीगढ़

अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग ने पंजाब प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष के पद से इस्तीफा दे दिया है। गुरुवार को वड़िंग ने अपने एक्स अकाउंट के बायो में बदलाव किया और खुद को पंजाब प्रदेश कांग्रेस कमेटी का पूर्व अध्यक्ष बताया।

इसी के साथ पंजाब में चर्चा शुरू हो गई है कि पार्टी का नया अध्यक्ष कौन होगा? बुधवार देर रात को वड़िंग ने प्रदेश अध्यक्ष के पद से इस्तीफे की पेशकश की थी। वडिंग को पंजाब इकाई के अध्यक्ष पद से हटाने का फैसला किए जाने के बीच वडिंग ने 'एक्स' पर अपने परिचय में बदलाव कर 'पूर्व पीपीसीसी अध्यक्ष' लिखा। पंजाब विधानसभा चुनाव अगले साल की शुरुआत में होने हैं और उससे पहले प्रदेश इकाई में कई सप्ताह से जारी अंदरूनी कलह के बीच कांग्रेस ने वडिंग को बदलने का फैसला किया। पंजाब प्रदेश कांग्रेस कमेटी के नए अध्यक्ष की नियुक्ति की घोषणा जल्द होने की उम्मीद है।

आलाकमान ने हटाने का किया था फैसला

इससे पहले,पद से हटाए जाने के बारे में पूछे गए सवाल पर वडिंग ने टिप्पणी करने से इनकार कर दिया था। वडिंग ने यहां संवाददाताओं से कहा मैं अभी इस बारे में कोई टिप्पणी नहीं करना चाहता। पार्टी सूत्रों ने बताया कि पंजाब प्रभारी महासचिव सचिन पायलट द्वारा संगठन से ली गई प्रतिक्रिया के बाद वडिंग को पद से हटाने का किया गया। बताया जा रहा पंजाब प्रभारी नियुक्त किए गए पायलट ने राज्य के पार्टी नेताओं के साथ कई दौर की बैठकें कीं और इसके बाद पार्टी आलाकमान को अपनी रिपोर्ट सौंपी, ताकि नेतृत्व में बदलाव पर फैसला लिया जा सके। चर्चा है कि कांग्रेस आलाकमान ने वडिंग को अपने फैसले की जानकारी दे दी थी।

सर्वमान्य नेता की तलाश की जा रही

कांग्रेस के एक वरिष्ठ नेता ने कहा कि पार्टी पिछले कई दिनों से राज्य में नेतृत्व के मुद्दे पर चर्चा कर रही थी कांग्रेस ऐसे नेता को नियुक्त करना चाहती है जो 2027 के विधानसभा चुनाव से पहले पार्टी के विभिन्न गुटों को साथ लेकर चल सके। पूर्व मंत्री विजय इंदर सिंगला आगामी चुनाव से पहले इस पद की दौड़ में सबसे आगे हैं। पूर्व ओलंपियन और जालंधर कैंट से विधायक परगट सिंह, पूर्व विधायक राणा केपी सिंह, सुखबिंदर सिंह सरकारिया, पूर्व मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी और सुखजिंदर सिंह रंधावा के नाम भी प्रदेश अध्यक्ष पद के लिए चर्चा में हैं। इसके पहले यहां पर अमरिंदर गुट और चन्नी गुट के मध्य काफी उठापटक हुई थी। दोनों एक दूसरे को नहीं सुहाते थे। बयानबाजी भी सामने आई थी।

मुंबई उच्च न्यायालय का सवाल

मुंडवा भूमि सौदे में पार्थ पवार को लाभ नहीं हुआ, 99% हिस्सेदारी

एजेंसी ▶▶ मुंबई

मुंबई उच्च न्यायालय ने महाराष्ट्र सरकार से मौखिक रूप से पूछा कि क्या उपमुख्यमंत्री सुनेत्रा पवार के



बेटे पार्थ पवार मुंडवा भूमि सौदा मामले में लाभार्थी नहीं हैं, जबकि सरकारी जमीन को भारी रियायती कीमत पर खरीदने वाली कंपनी में उनकी 99 प्रतिशत हिस्सेदारी है। राज्यसभा सदस्य पार्थ 'अमाडिया एंटरप्राइजेज एलएलपी' में बहुसंख्यक हिस्सेदार हैं। इस कंपनी ने पुणे के पॉश मुंडवा इलाके में 40 एकड़ सरकारी जमीन उसके वास्तविक मूल्य से काफी कम कीमत पर खरीदी थी।

न्यायमूर्ति माधव जामदार ने कहा कि कंपनी में एक प्रतिशत हिस्सेदारी रखने वाले व्यक्ति को मामले में आरोपी बनाया गया है, लेकिन जांच में पार्थ पर कोई बात नहीं की गई है। उनका नाम नहीं लिया गया है। अदालत ने यह सवाल पुणे के तहसीलदार सूर्यकांत येवले को गिरफ्तारी से पहले जमानत देते हुए उठाया।

सीजेपी का आज मुंबई में प्रदर्शन

शिवाजी पार्क में दीपके के साथ नहीं होंगे पार्टी के 'बड़े चेहरे'

एजेंसी ▶▶ मुंबई

कॉकरोज जनता पार्टी (सीजेपी) मुंबई के शिवाजी पार्क में शुक्रवार को प्रदर्शन का ऐलान किया है।



सीईसी ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग करते हुए सी जे पी आंदोलन करने जा रही है। हालांकि, मुंबई पुलिस ने अभी तक प्रदर्शन की अनुमति नहीं दी है, लेकिन सीजेपी शाम 4 बजे गेट नंबर 6 पर बड़ी संख्या में लोगों को एकत्रित होने के लिए कह रही है। संयोजक अभिजीत दीपके, सह संयोजक आशुतोष रांका और सौरव दास भी मुंबई पहुंच चुके हैं। लेकिन कुछ ऐसे भी चेहरे हैं जो नीट पेपर लीक के खिलाफ दिल्ली में जंतर-मंतर पर हुए आंदोलन का अहम चेहरा था, लेकिन मुंबई में साथ नहीं दिखेंगे। ये नैतिक रूप साथ हैं और कई लोग दिल्ली में ही जंतर-मंतर पर प्रदर्शन करने वाले हैं। इनमें सोनम वांगचुक,मोहम्मद जुनैद,नेहा बोरा और योगेंद्र यादव शामिल हैं। ये आंदोलन का हिस्सा नहीं होंगे, फिर भी समर्थन करते रहेंगे।

ओडिशा के सीईओ ने भेजा वीआरएस पत्र

भुवनेश्वर। देश के सीईसी और एसआईआर पर उपजे विवादों के बीच ओडिशा के मुख्य चुनाव अधिकारी (सीईओ) आर. संथान गोपालन ने स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति (वीआरएस) के लिए आवेदन किया है। उन्होंने इसके पीछे निजी और स्वास्थ्य कारणों का हवाला दिया है और कहा है कि उनकी स्वैच्छिक सेवानिवृति का एसआईआर प्रक्रिया से कोई लेना-देना नहीं है। गोपालन ने राज्य में एसआईआर पूरा होने के एक हफ़्ते बाद, बुधवार को वीआरएस आवेदन सौंपा है। तमिलनाडु के रहने वाले गोपालन जुलाई 2024 से ओडिशा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी के रूप में कार्यरत हैं।

अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

(धारा 82 सीआरपीसी/84 भा.न.स.स.देखिए)

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **राधा** पत्नी श्री संजय, निवासी E-755, जहांगीरपुरी, दिल्ली-110033 ने **सीसी संख्या 2208/2022 धारा 138 एनआई अधिनियम, थाना सुभाष प्लेस, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है की किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह कह कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **राधा** मिल नहीं रही और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है की उक्त अभियुक्त **राधा** फरार हो गई है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रही है)। इस लिए इस के द्वारा उद्घोषणा कि जाती है की उक्त अभियुक्त **राधा, सीसी संख्या 2208/2022 धारा 138 एनआई अधिनियम, थाना सुभाष प्लेस, दिल्ली** न्यायालय के समक्ष या मेरे समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **02.11.2026** को या उससे पहले हाजिर हो।

आदेश से
श्री संयम जैन
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी-04
उत्तर-पश्चिम, कमरा नंबर 112
रोहिणी न्यायालय, दिल्ली

DP/13973/NW/2026

नई दिल्ली में प्रेस कॉन्फ्रेंस में बनर्जी ने कहा- वे शुरू से ही कुमार को 'वैनिश' (गायब होने वाला) कहती रही हैं

कहा, हम अदालतों तक भी गए, लेकिन हमें न्याय नहीं मिला। हम 100 पीड़ितों के साथ चुनाव आयोग के दफ्तर गए थे और उन्होंने हमारे साथ बहुत बुरा बर्ताव किया

ममता बनर्जी ने सीईसी ज्ञानेश कुमार को बताया 'वैनिश कुमार', सीईसी ने भाजपा को 150 सीटें 'गिफ्ट' कर दी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

बंगाल की पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने एसआईआर को लेकर मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने ज्ञानेश कुमार को 'वैनिश कुमार' कहते हुए आरोप लगाया कि मतदाताओं के अधिकार छीने गए। ममता ने दावा किया कि टीएमसी के मजबूत इलाकों में अधिक नाम हटाए गए और आरोप लगाया कि सीईसी ने भाजपा को 150 सीटें 'गिफ्ट' कीं। बनर्जी ने मुख्य चुनाव आयुक्त और चुनाव आयुक्तों के लिए 2023 में लागू की गई छूट के प्रावधान पर भी सवाल उठाए। नई दिल्ली में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में बनर्जी ने कहा कि वह शुरू से ही कुमार को 'वैनिश' (गायब होने वाला) कहती रही हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि वह ऐसे किसी भी व्यक्ति को माफ नहीं करेंगी जिसने, उनके अनुसार, लोगों को उनके अधिकारों से वंचित करने का काम किया है।

पश्चिम बंगाल की पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बृहस्पतिवार को स्पेशल इंटेंसिव रिविजन (एसआईआर) और चुनाव आयोग के मतभेद को लेकर मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेंद्र कुमार पर एकबार फिर निशाना साधा। उन्होंने कहा, वैनिश कुमार ने लोगों से वोट देने का अधिकार छीनने की कोशिश की, भारत के लोग उन्हें माफ नहीं करेंगे।

उन्होंने कहा कि 'वैनिश' कुमार (सीईसी ज्ञानेश कुमार का जिक्र करते हुए) के बारे में काफी चर्चा हो रही है, जो अभी इंचार्ज हैं। हम शुरू से ही नागरिकों के अधिकारों और उनके वोटिंग अधिकारों की रक्षा के लिए लड़ रहे हैं। हम उन्हें शुरू से ही 'वैनिश' कहते आ रहे हैं। मैं उनका नाम नहीं लेती क्योंकि जिन लोगों ने लोगों को उनके अधिकारों से वंचित करने का काम किया है, मैं उन्हें कैसे माफ कर सकती हूं?

उन्होंने आगे कहा कि हमने तब भी आवाज उठाई थी कि कैसे चुनाव आयोग ने ईवीएम मशीनों, वोटों की गिनती और चुनाव प्रक्रिया को अपने नियंत्रण में ले लिया और पूरे सिस्टम पर कब्जा कर लिया। हम अदालतों तक भी गए, लेकिन हमें न्याय नहीं मिला। हम 100 पीड़ितों के साथ चुनाव आयोग के दफ्तर गए थे और उन्होंने हमारे साथ बहुत बुरा बर्ताव किया। बनर्जी ने मुख्य चुनाव आयुक्त और चुनाव आयुक्तों के लिए 2023 में लागू की गई छूट के प्रावधान पर भी सवाल उठाए। उन्होंने आगे आरोप लगाया कि एसआईआर प्रक्रिया के दौरान पश्चिम बंगाल के उन इलाकों में मतदाताओं के नाम हटाने की संख्या ज्यादा थी, जहां तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) जीती थी। उन्होंने दावा किया कि सीईसी ने राज्य में 150 सीटें भाजपा को 'गिफ्ट' में दे दीं।

कुमार पर एक और तंज कसते हुए बनर्जी ने कहा कि उन्हें भारत रत्न देने की मांगें हो रही हैं। उन्होंने कहा कि अगर भारत रत्न से भी बड़ा कोई सम्मान है, तो 'वोट चोरी' के लिए उसे ज्ञानेश कुमार को दे दीजिए।

उत्तर रेलवे

निविदा सूचना पुनः ई–टेंडरिंग द्वारा निविदा आमंत्रण (ई–प्रोक्योरमेंट प्रणाली)

क्र. सं.	निविदा सूचना संख्या	कार्य का नाम व स्थान	कार्य की अनुमानित लागत	धरोहर राशि	कार्य पूर्ण करने की अवधि	निविदा जमा करने व खुलने का समय
1	32-W-REPL-19, 22-MB, Date 30.09.2026	मुरादाबाद डिवीजन के मुरादाबाद–गाजियाबाद खंड के पुल संख्या 19 DN (8X12.2), 22 DN (6X12.2), 36 DN (4×12.2m), 44DN (2x6.1m+1x12.2m), 58A UP (9x12.2m) (केवल टॉप फ्लैज प्रतिस्थापन) पुल संख्या 77 UP (2x12.2m), 116 UP (1x27.14m+1x12.2m) के जंग लगे पार्श्व ब्रेसिंग, एक्स–ब्रेसिंग, गसेट और टॉप फ्लैज प्लेटों बदलने का कार्य।	₹ 7131594.58	₹ 142600/-	12 (बारह) महीने	दिनांक : 06.11.2026 को 15.00 बजे तक तथा इसी दिनांक में निविदा खुलने का समय 15.00 बजे के पश्चात
2	32-W-METL-MB 2026 Date 30.09.2026	मुरादाबाद मंडल के अंतर्गत GZB-MB खंड में पुल संख्या 52/DN के OWG के फर्श सदस्यों का मेटलाइजिंग कार्य. पुल संख्या 1137S/L के स्पैन संख्या 01 से 04 तक तथा BE-MB खंड में पुल संख्या 1062 UP के टॉप फ्लैंज. टॉप लेटरल ब्रेसिंग. क्रॉस फ्रेम के टॉप एंगल एवं शेष भागों का पेंटिंग कार्य. BE-ALJN खंड में पुल संख्या 126 एवं पुल संख्या 5. MB-SRE खंड में पुल संख्या 1232 DN- 1249 UP एवं DN- 1254 DN-1255UP-1258 DN एवं 1268 UP-HW-DDN खंड में पुल संख्या 139. RWL-RKSH खंड में पुल संख्या 6 SL, GJL-MZM खंड में पुल संख्या 12A-LRJ-HW खंड में पुल संख्या 21 UP तथा MB-GZB खंड में पुल संख्या 43–A UP, एवं DN के फर्श सदस्यों एवं अन्य निर्धारित भागों का पेंटिंग कार्य तथा MB-SRE खंड में पुल संख्या 1244 UP एवं DN का पूर्ण मेटलाइजिंग कार्य।	₹ 37818866.75	₹ 756400/-	12 (बारह) महीने	दिनांक : 06.11.2026 को 15.00 बजे तक तथा इसी दिनांक में निविदा खुलने का समय 15.00 बजे के पश्चात

नोटः उपरोक्त निविदा प्रपत्र वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है जहां से विवरण निविदा व्याख्या को देख व डाउनलोड किया जा सकता है। 3416/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

पेज 1 का शेष

फ्लाईदुबई उड़ान हादसे की ...

साझा भी किया है।

राजदूत मित्तल से मुस्कुराते हुए मिले स्मित : नई दिल्ली में विदेश मंत्रालय ने एक आधिकारिक बयान जारी कर बताया कि मंत्रालय लगातार कैप्टन स्मित के स्वास्थ्य की स्थिति पर कड़ी निगरानी के साथ नजर बनाए हुए है। इस घटना के बाद शुरुआत में उन्हें सऊदी अरब के तबुक में एक अस्पताल में जरूरी उपचार के लिए भर्ती कराया गया था। लेकिन अब उन्हें अबू धाबी शिफ्ट कर दिया गया है। जहां लगातार चिकित्सा सहायता प्रदान की जा रही है। यूएई में भारत के राजदूत डॉ.दीपक मित्तल ने भी अस्पताल में मच्छार से मुलाकात कर उनके स्वास्थ्य की स्थिति के बारे में जानकारी ली है। इससे पहले उन्होंने कैप्टन के परिजनों से मिलकर उन्हें हर संभव सहायता प्रदान करने का भरोसा दिलाया था। अबू धाबी में भारतीय दूतावास और दुबई स्थित वाणिज्य दूतावास इस मामले को लेकर स्थानीय अधिकारियों के साथ संपर्क में बने हुए हैं। हम कैप्टन मच्छार की वीरता और साहस को सलाम करता है। इसके अलावा मंत्रालय ने भारत के पायलट के इस बहादुरी वाले कारनामे को लेकर दुनियाभर से मिली प्रशंसा और सराहना के साथ प्रदर्शित किए गए समर्थन के लिए भी आभार व्यक्त किया है।

स्पाइसजेट से स्मित ने शुरू किया करियर: कैप्टन स्मित मच्छार के लिंक्डइन प्रोफाइल के मुताबिक, मूलरूप से उनका संबंध महाराष्ट्र के मुंबई शहर से है। माता-पिता इसी शहर में रहते हैं। जबकि स्मित अपने परिवार के साथ दुबई में रह रहे हैं। विमानन उद्योग में उन्होंने अपने करियर का आगाज वर्ष 2011 में किया था। कुल 11 वर्षों की लंबी सेवा के बाद वो 2022 में फ्लाईदुबई में बतौर कैप्टन शामिल हुए। जहां अब उन्हें काम करते हुए करीब चार वर्ष से अधिक का वक्त हो चुका है।

सऊदी अरब में ...

है, जिसमें उन्होंने विमान के फ्लाइट डेक में हुई कहासुनी और फिर क्रू के सदस्यों के दखल के बाद विमान की सुरक्षित लैंडिंग के बारे में जानकारी देने के बाद उठाया गया। साथ ही खाड़ी के इस देश ने यह भी स्पष्ट किया है कि भले ही फ्लाईदुबई के इस विमान की लैंडिंग सऊदी अरब के तबूक अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे पर हुई थी यानी घटना यूएई की जमीन के बाहर किसी क्षेत्र में हुई है। लेकिन वास्तव में यह विमान संयुक्त अरब अमीरात में पंजीकृत है और उस पर यूएई का ही राष्ट्रीय ध्वज लगा हुआ है। ऐसे में विमान में हुए अपराध पर हमारे देश का कानून लागू होता है और हमारे कानूनी तथा न्यायिक अधिकारियों को इस प्रकरण की जांच करने का पूरा अधिकार है।

पीएम मोदी ने ...

दूसरों की जान बचाने के अपने इरादे से पीछे नहीं हटे। उनकी बहादुरी की वजह से सैकड़ों लोगों की जान बचाई जा सकी और एक बड़ी त्रासदी टल गई। उन्होंने आगे कहा कि भारत को कैप्टन मच्छार पर गर्व है। उनके जल्द ठीक होने, फिर से पूरी ताकत हासिल करने और अच्छे स्वास्थ्य की कामना करता हूं।

नेतन्याहू और ट्रंप ...

की इस बहादुरी ने न सिर्फ भारत बल्कि दुनियाभर में सम्मान और प्रशंसा अर्जित की है। पूरा देश उनके जल्द स्वस्थ होने की कामना कर रहा है।

राहुल: वंचितों को...

दी गई तब क्या राहुल गांधी ने उनके घर जाकर संवेदनाएं व्यक्त की है। राहुल गांधी ने कहा कि कुपोषण और बीमारी के कारण बच्चों की मौत हुई है। इसका समय पर इलाज न मिलना सरकार का फेलियर है। सरकार ने कोई सपोर्ट नहीं किया। उन्होंने दावा किया कि आधे से ज्यादा लोगों को मुआवजा तक नहीं दिया गया। ऐसा लगता है जैसे आदिवासियों को भारत के बीचों-बीच अकेला छोड़ दिया गया हो, मानो उनके लिए न तो केंद्र सरकार है और न ही मध्य प्रदेश सरकार। मनरेगा ठप है, वन अधिकार कानून लागू नहीं हो रहा और आदिवासियों को जमीन के पट्टे नहीं मिल रहे हैं। बच्चों की मौत के बावजूद पीड़ित परिवारों को पूरा मुआवजा तक नहीं मिला है। आधे लोग अब भी इससे वंचित हैं।

लाड़लियों को नहीं ...

लाभ मिलना चाहिए। हमारी सरकार आने पर आदिवासी समुदाय की हरसंभव मदद की जाएगी। वन अधिकार कानून के तहत उन्हें उनका अधिकार दिलाया जाएगा और शिक्षा की बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। हम उन्हें वनवासी नहीं, बल्कि आदिवासी कहते हैं। वे इस देश के मूल निवासी हैं। इसलिए उन्हें देश में उनका उचित स्थान, अधिकार और शिक्षा मिलनी चाहिए।

लोकसभा में उठाएंगे ...

करते हैं। हम इन्हें वनवासी नहीं कहते हैं। हम इन्हें आदिवासी कहते हैं। शिक्षा मिलना चाहिए, स्वास्थ्य सेवा मिलना चाहिए, इन्हें इनका हक मिलना चाहिए। लोकसभा में मामला उठाऊंगा। सिर्फ इनका नहीं, पूरे देश के आदिवासियों का मुद्दा उठाऊंगा।

केवल भाजपा से ...

करें। खण्डेलवाल ने कहा कि राहुल गांधी को बताना चाहिए कि बालाघाट में नक्सलवाद किसके शासनकाल में पनपा। उन्होंने कांग्रेस सरकार के दौरान तत्कालीन मंत्री और वरिष्ठ कांग्रेस नेता लिखीराम कांवरे की नक्सलियों द्वारा हत्या का जिक्र करते हुए सवाल किया कि कांग्रेस इस घटना की जिम्मेदारी से कैसे बच सकती है। उन्होंने यह भी पूछा कि क्या राहुल गांधी कभी लिखीराम कांवरे के परिवार के साथ बैठे और उनकी पीड़ा समझने का प्रयास किया।

धान की जगह पर...

का रोडमैप भी है। मुख्यमंत्री चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार में आयोजित दो दिवसीय कृषि मेला (रबी) का शुभारंभ करने के बाद किसानों, कृषि वैज्ञानिकों एवं कृषि क्षेत्र से जुड़े विशेषज्ञों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने इस अवसर पर कृषि प्रदर्शनी का अवलोकन किया और विभिन्न स्टॉलों पर किसानों के लिए प्रदर्शित नवीनतम कृषि तकनीकों, उन्नत बीजों, कृषि यंत्रों एवं अन्य कृषि उत्पादों की जानकारी ली। मुख्यमंत्री सैनी ने कहा कि कृषि मेला किसानों और वैज्ञानिकों के बीच ज्ञान एवं तकनीक के आदान-प्रदान का महत्वपूर्ण मंच है। यहां किसानों को उन्नत रबी बीज, आधुनिक कृषि तकनीक, मशीनरी, फसल प्रबंधन तथा कृषि क्षेत्र में हो रहे नवीनतम शोध की जानकारी एक ही स्थान पर मिलती है। उन्होंने मेले में प्रदर्शित की गई कपास चुगाई की मशीन का उल्लेख करते हुए कहा कि यह मशीन एक घंटे में एक एकड़ की कपास चुगाई करती है और हाथ से चुगाई के मुकाबले में इसमें समय भी आधा लगता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा सरकार कपास चुगाई तथा गन्ना छिलाई जैसी मशीनों व इस प्रकार की अन्य तकनीकों को बढावा दे रही है ताकि लेबर की कमी से कपास और गन्ने का बुवाई क्षेत्र कम न हो।

सतत कपास उत्पादन ...

सराहनीय काम किया है। उन्होंने कहा कि आज कपास की खेती के सामने नई चुनौतियां भी हैं। मौसम में तेजी से बदलाव हो रहा है। इसलिए हमें ऐसी कृषि तकनीक और ऐसी बीज किस्मों पर तेजी से काम करना होगा, जो बदलते मौसम और कीटों का बेहतर मुकाबला कर सकें । मुख्यमंत्री ने कहा कि हमने कपास की खेती के लिए ऐसे ही उपायों की जानकारी देने के लिए 257 कपास किसान खेत पाठशालाएं आयोजित की हैं। इनमें 7 हजार से अधिक किसानों को कपास के खेत पर ही कपास की बिजाई से लेकर चुगाई तक हानिकारक कीटों की पहचान करके उनके उत्तम प्रबंधन हेतु अधिक पैदावार लेने के लिए जागरूक किया गया। इसके अलावा, 167 किसान मेलों में कम लागत से कपास उत्पादन करके अधिक मुनाफा कमाने के उपाय बताए गए। उन्होंने कहा कि इस मेले के थीम का दूसरा महत्वपूर्ण पहलू फसल विविधीकरण है। पानी है तो खेती है, गांव है और जीवन है। हरियाणा ने देश की खाद्य सुरक्षा में बहुत बड़ा योगदान दिया है, लेकिन हमें अपने भूजल की भी चिंता करनी होगी। हमें ऐसी खेती की ओर बढना होगा, जिसमें कम पानी में अधिक और बेहतर उत्पादन हो। लगातार एक ही प्रकार की फसलें उगाने से मिट्टी की सेहत प्रभावित होती है। परंपरागत रूप से गेहूं व धान उगाने से पानी की खपत ज्यादा होती है, जबकि पूरी दुनिया जल संकट का सामना कर रही है । इसलिए हमें दलहन, तिलहन और कम पानी से उगने वाली फसलों को अपनाना होगा ।

मुख्यमंत्री सैनी ने कहा कि सरकार ने ऐसी फसलों को बढ़ावा देने के लिए मेरा पानी- मेरी विरासत योजना चलाई हुई है। इस योजना के तहत वैकल्पिक फसलें लेने या खेत खाली छोड़ने वाले किसानों को 8 हजार रुपये प्रति एकड़ वित्तीय सहायता दी जाती है। अब तक 2 लाख 34 हजार एकड़ में धान की जगह वैकल्पिक फसलें बोने पर 1 लाख 59 हजार किसानों को 166 करोड़ 34 लाख रुपये की वित्तीय सहायता दी है। उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य कम पानी में अधिक सिंचाई करना है।

पाक को रौंदकर भारत ...

थीं, लेकिन अंतिम मिनट में अभिषेक ने गोल कर भारत को जीत दिला दी। अभिषेक का यह गोल मैच खत्म होने से 49.2 सेकंड पहले आया। भारत ने मुकाबले की शानदार शुरुआत की। कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने 5वें और 13वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलकर टीम को 2-0 की बढ़त दिलाई। इसके बाद 23वें मिनट में सुखजीत सिंह ने फील्ड गोल कर भारत की बढ़त 3-0 कर दी। हालांकि, पाकिस्तान ने दूसरे हाफ में जोरदार वापसी की। 30वें मिनट में अबू महमूद ने गोल कर अंतर कम किया। तीसरे क्वार्टर में 45वें मिनट पर हन्नान शाहिद ने दूसरा गोल किया, जबकि 49वें मिनट में वहीद अशरफ राणा ने गोल कर स्कोर 3-3 कर दिया। इसके बाद दोनों टीमों ने निर्णायक गोल के लिए जोर लगाया। ऐसा लग रहा था कि मुकाबला शूटआउट तक जाएगा, लेकिन अंतिम क्षणों में अभिषेक ने गोल कर भारत को 4-3 की बढ़त दिला दी। यह बढ़त निर्णायक साबित हुई और भारत ने फाइनल में जगह पक्की कर ली।

भारत का सामना शनिवार, 3 अक्टूबर को स्वर्ण पदक के मुकाबले में मलेशिया से होगा। मलेशिया ने दूसरे सेमीफाइनल में दक्षिण कोरिया को 2-1 से हराकर फाइनल में जगह बनाई। एशियन गेम्स का स्वर्ण पदक जीतने वाली पुरुष हॉकी टीम को लॉस एंजिलिस ओलंपिक के लिए सीधे क्वालिफिकेशन मिलेगा। ऐसे में भारत के लिए फाइनल मुकाबला खिताब के साथ ओलंपिक टिकट के लिहाज से भी अहम होगा।

आज भोपाल आएंगे ...

और दुग्ध सहकारी समितियों के सदस्य शामिल होंगे। केंद्रीय मंत्री शाह भोपाल सहकारी दुग्ध संघ परिसर में तैयार फर्मेंटेड प्रोडक्ट डेयरी प्लांट का शुभारंभ करेंगे। मेल दशहरा मैदान में पुलिस मुख्यालय की ओर से नए आपराधिक कानूनों पर राज्य स्तरीय प्रदर्शनी लगाई गई है। शाह इसका उद्घाटन कर अवलोकन करेंगे। इसके बाद शाह भोपाल बायपास स्थित भौंरी में आईआईएसआर के अत्रि परिसर का शिलान्यास करने के साथ स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा का अनावरण करेंगे।

गोपालक दीदियों का सम्मान करेंगे अमित शाह: केंद्रीय मंत्री शाह द्वारा गोपालक सम्मेलन में पशुपालकों को बोनस राशि, गौशालाओं के लिए सहायता और गोपालक दीदियों का सम्मान किया जाएगा। डॉ भीमराव आंबेडकर कामधेनु योजना के स्वीकृति पत्र भी बांटे जाएंगे। शाह के कार्यक्रम में प्रदेश के डेयरी क्षेत्र से जुड़ी अन्य परियोजनाएं भी शामिल हैं। इनमें उज्जैन में 255 करोड़ रुपए की लागत से प्रस्तावित डेयरी प्लांट, दुग्ध प्रसंस्करण और गुणवत्ता जांच से जुड़ी परियोजनाएं शामिल हैं। भोपाल और इंदौर दुग्ध संघ से जुड़े पशुपालकों को बोनस वितरण और गौशालाओं के लिए सहायता भी दी जाएगी।

2027 के ग्लोबल...

2027 में मध्यप्रदेश में आयोजित होने वाले ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के लिए प्रधानमंत्री मोदी को आमंत्रित किया। उन्होंने प्रदेश में निवेश के लिए तैयार किए जा रहे अनुकूल वातावरण, औद्योगिक विकास और रोजगार सृजन के प्रयासों से भी प्रधानमंत्री को अवगत कराया। मुख्यमंत्री ने प्रदेश में शुरू की गई 'मुख्यमंत्री सुगम परिवहन सेवा' के संबंध में भी जानकारी साझा की।मुख्यमंत्री ने 17 सितंबर से प्रदेश में संचालित 'सेवा संकल्प अभियान' के तहत आयोजित की जा रही विभिन्न गतिविधियों और कार्यक्रमों की जानकारी भी प्रधानमंत्री को दी। उन्होंने बताया कि अभियान के माध्यम से प्रदेशभर में जनभागीदारी, सेवा और जनकल्याण से जुड़े कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

कक्षा नवमीं के ...

पहली बार है – और इसके साथ ही उन्हें शिक्षाप्रद जानकारी दी गई है।

'ईमानदारी से और समय पर' कर चुकाना 'हर नागरिक का एक अहम दायित्व' है, जिससे देश का विकास होता है। 'अपनी व्यक्तिगत आय को प्रबंधित करना' शीर्षक वाला अध्याय कहता है कि पैसे को प्रबंधित करने का सफर बचपन से ही शुरू हो जाता है। पाठ्यपुस्तक के अनुसार, पैसे का समझदारी से प्रबंधन करने का मतलब सिर्फ ज़्यादा कमाना नहीं है, बल्कि हर चरण पर सोच-समझकर वित्तीय फ़ैसले लेना है- चाहे वह खर्च करना हो, बचत करना हो, निवेश करना हो, जोखिमों से सुरक्षा हो, ज़िम्मेदारी से उधार लेना हो या कर चुकाना हो। इसमें कहा गया है कि आज लोग जो फ़ैसले लेते हैं, वे उनके आर्थिक भविष्य को आकार देते हैं और आर्थिक अवसरों व चुनौतियों को प्रबंधित करते हुए आर्थिक स्थिरता पाने की उनकी क्षमता तय करते हैं। इस अध्याय में नयी आयकर व्यवस्था के तहत कर संबंधी स्लैब की एक सारणी दी गई है और इसमें बताए गए स्लैब के अनुसार कर की देनदारी का हिसाब लगाने के तरीके भी विस्तार से बताए गए हैं। इसमें पुरानी कर व्यवस्था का कोई उल्लेख नहीं है। पर्सनल फाइनेंस के यह पहलू भी पढ़ेंगे छात्र: इस अध्याय में पिलर्स ऑफ पर्सनल फाइनेंस के तहत व्यक्तिगत वित्त के अलग-अलग हिस्सों को समझाया गया है। इसमें आय, बजट बनाना, बचत, निवेश और सुरक्षा एवं खतरे का प्रबंध शामिल है। इसके अलावा शुरुआती निवेश की अहमियत बताते हुए फिक्स्ड डिपॉजिट, बॉन्ड, स्टॉक और म्युचुअल फंड जैसे निवेश ऑप्शन का भी जिक्र किया गया है। किताब के अनुसार व्यक्ति आज जो वित्तीय फैसला लेता है, इसका असर उनके फ्यूचर पर की आर्थिक स्थिरता पर भी पड़ता है।

टैक्स की जानकारी ...

जिसमें हर स्तंभ के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई है- जैसे आय, खर्चों की योजना, बचत, निवेश और सुरक्षा व जोखिम प्रबंधन।

शेयर बाजार में लगातार चौथे दिन गिरावट

मुंबई (भाषा)। विदेशी संस्थागत निवेशकों की भारी बिकवाली, बॉण्ड पर ऊंचे प्रतिफल और कच्चे तेल की कीमतों में उछाल के बीच सेंसेक्स और निफ्टी बृहस्पतिवार को लगातार चौथे कारोबारी सत्र में गिरावट के साथ बंद हुए। बीएसई सेंसेक्स 570.59 अंक यानी 0.79 प्रतिशत की गिरावट के साथ 71,909.70 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 1,187.41 अंक तक टूटकर 71,292.88 अंक के नए 52-सप्ताह के निचले स्तर पर आ गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का 50 शेयरों वाला निफ्टी 198.50 अंक यानी 0.88 प्रतिशत की गिरावट के साथ 22,421.95 अंक पर बंद हुआ।

अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

(धारा 82 सीआरपीसी/
(84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता–2023 देखिए)

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **सोनू उर्फ सूर्या पुत्र राजू निवासी 12/480, कल्याणपुरी दिल्ली ने एफआईआर संख्या 439/16 धारा 325/411 भा.द.स. के तहत** थानाः कल्याणपुरी, दिल्ली के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **सोनू उर्फ सूर्या** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **सोनू उर्फ सूर्या** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। अतः इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **एफआईआर संख्या 439/16 धारा 325/411 भा.द.स. के तहत थानाः कल्याणपुरी, दिल्ली के उक्त सोनू उर्फ सूर्या** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **31.10.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
प्रज्ञा गुप्ता
मुख्य दण्डाधिकार मजिस्ट्रेट
पुर्वी जिला, कोर्ट नं.29
DP/14018/ED/2026 **कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली**

भारतीय रेल
भारत सरकार
रेल मंत्रालय (रेलवे बोर्ड)

सं.: आरएस(पोल)/58/0506/1/2027 नई दिल्ली, दिनांक: 29.09.2026

विषयः सी.पी. 01.01.2027 से 31.12.2027 के लिए एएआर अनुमोदित ग्रीस की खरीद के लिए रेल मंत्रालय (रेलवे बोर्ड) की ई–निविदा सं. 2027 एएआर एजी टीसी के लिए ई–निविदा सूचना का प्रकाशन

भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निदेशक, रेल भंडार (एम), रेल मंत्रालय, (रेलवे बोर्ड), भारत सरकार नीचे दिए गए ब्यौरों के अनुसार ई–निविदा आमंत्रित करते हैं।

1.	ई–निविदा सं.	2027 एएआर एजी टीसी
2.	कार्य का नाम	अक्टूबर 2016 के संशोधन सं. 1 के साथ अनुसंधान अभिकल्प एवं मानक संस्थान (आरडीएसओ) विशिष्टि सं. डब्ल्यूडी–24–विविध.2003 (संशोधन–1) के अनुरूप माल स्टॉक के कार्टिज टेपर रोलर बियरिंग के लिए एएआर अनुमोदित/अअमासं. अनुमोदित ग्रीस की खरीद।
3.	अनुमानित मात्रा किलोग्राम में	2,51,561 किलोग्राम
4.	बयाना	₹ 20,00,000/–
5.	ई–निविदा को जमा करने की अंतिम तारीख एवं समय	28.10.2026 को 14.30 बजे
6.	पूर्ण ब्यौरों और आगे के शुद्धिपत्र के लिए तथा ई–निविदा के लिए वेबसाइट	http://www.ireps.gov.in
7.	आबंटन शीर्ष	अनुदान सं. 01

एएआर अनुमोदित ब्रांड्स

क्र.सं.	ग्रीस का ब्रांड	निर्माता
1.	एक्सान अरपेन आरबी–320	मैसर्स एक्सान मोबिल
2.	टिमकेन प्रीमियम रेल ग्रीस	मैसर्स एक्सान मोबिल
3.	शैल अल्वेनिया ईपी–डी	मैसर्स शैल कनाडा लि.
4.	मोबिलीथ एसएचसी–100	मैसर्स एक्सान मोबिल
5.	मोबिलीथ एसएचसी–221	मैसर्स एक्सान मोबिल
6.	शैल गड्डस रेल एस3 एएआर एएल	शैल ऑयल प्रोडक्ट
7.	सर्वोग्रीस 'आरईपी 1'	मैसर्स आईओसी लि.

3415/2026 निदेशक, रेल भंडार (एम)
रेलवे बोर्ड

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

रेलयात्री कृपया ध्यान दें!
महत्वपूर्ण जानकारी
त्यौहार विशेष रेलगाड़ी का संचालन

रेलयात्रियों के सुविधाजनक आवागमन हेतु उत्तर रेलवे द्वारा पूर्व घोषित त्यौहार विशेष रेलगाड़ियों के अलावा निम्नलिखित विशेष रेलगाड़ी भी नीचे दी गई समय–सारणी के अनुसार संचालित की जायेगी:–

04081/04082 नई दिल्ली – श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा – नई दिल्ली त्यौहार स्पेशल एक्सप्रेस — 6 फेरे

रेलगाड़ी सं. 04081 आगमन	रेलगाड़ी सं. 04081 प्रस्थान	स्टेशन	रेलगाड़ी सं. 04082 आगमन	रेलगाड़ी सं. 04082 प्रस्थान
----	23:45	नई दिल्ली	10:00	----
00:58	01:00	पानीपत	07:25	07:27
01:50	01:52	कुरुक्षेत्र जं.	06:25	06:27
02:30	02:40	अंबाला छावनी	05:40	05:50
04:15	04:20	लुधियाना जं.	03:45	03:50
05:22	05:27	जलंधर छावनी	02:45	02:50
07:15	07:20	पठानकोट छावनी	00:45	00:50
09:15	09:25	जम्मू तवी	23:00	23:05
11:08	11:10	शहीद कप्तान तुषार महाजन	21:28	21:30
12:00	----	श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा	----	21:00

चलने के दिनः **04081 नई दिल्ली** से दिनांक 02.10.2026, 03.10.2026 एवं 04.10.2026 (शुक्रवार, शनिवार एवं रविवार) को और **04082 श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा** से दिनांक 03.10.2026, 04.10.2026 एवं 05.10.2026 (शनिवार, रविवार एवं सोमवार) को।
स्थानः 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य।

विस्तृत जानकारी के लिए कृपया रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 डायल करें अथवा रेलवे पूछताछ वेबसाइट www.enquiry.indianrail.gov.in देखें ।

रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 | रेलमदद वेबसाइट देखें :– www.railmadad.indianrailways.gov.in | रेलमदद ऐप डाउनलोड करें

3427/26 हमें फॉलो करें | उत्तर रेलवे सदैव आपकी सेवा में हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

एलन कोटा में नीट-2027 की तैयारी के लिए स्पार्क प्रो बैच 12 अक्टूबर से

कोटा। एलन कोटा से नीट-यूजी 2027 की तैयारी के इच्छुक स्टूडेंट्स के लिए एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट ने स्पार्क प्रो कोर्स की घोषणा की है। एडमिशन्स शुरू हो चुके हैं, क्लासेज 12 अक्टूबर से शुरू होगी। एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट कोटा के प्रसीडेंट विनोद कुमावत ने बताया कि यह कोर्स 12वीं उत्तीर्ण कर चुके विद्यार्थियों के लिए तैयार किया गया है, जो नीट यूजी 2027 की तैयारी को बेहतर और व्यवस्थित तरीके से शुरू करना चाहते हैं। कोर्स में कम्पलीट फीजिक्स, कैमेस्ट्री, बॉयलोजी के साथ एनसीईआरटी सिलेबस करवाया जाएगा। एनसीईआटी बेस्ट स्टडी मटीरियल दिया जाएगा। पर्सनलाइज्ड मेंटरशिप और डाउट साल्विंग के साथ रेगुलर टेस्ट, स्पेशल क्वेश्चन बैंक और एआई-इनेबल्ड एप भी उपलब्ध करवाया जाएगा। स्पार्क प्रो कोर्स में एडमिशन्स पर नीट यूजी-2026 के रिजल्ट्स के आधार पर 70 प्रतिशत तक स्कॉलरशिप ऑफर की जा रही है। नीट-2026 में आल इंडिया रैंक 35 हजार तक के विद्यार्थियों के लिए स्कॉलरशिप के बाद इस कोर्स का शुल्क 15600 रुपए तक होगा। इसके अलावा एआईआर-2 लाख तक के स्टूडेंट्स को स्कॉलरशिप दी जा रही है।



ज्योतिष
कहते नहीं करके दिखाते है
सभी समस्याओं का समाधान
जैसा चाहोगे करके दूगां
कारोबार, प्यार में परेशानी, दुश्मन से छुटकारा, गृहक्लेश, पति-पत्नी के झगड़े, लव मैरिज, प्रोपटी, कोर्ट केस, किया कराया, जादू टोना, मनचाही इच्छा
A to Z समस्या का समाधान
स्पेशलिस्टः मनचाहा प्यार, प्रेम-विवाह
पंडित पी. के. शास्त्री
हमारे किये हुए काम को कोई ज्योतिष, पंडित या मौलवी काट दे तो उसे मुंह मांगा ईनाम।
काम ना होने पर पैसे वापस
+91 99974 92579

राशिफल

मेष — मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा। चिकित्सीय खर्च बढ़ सकते हैं।

वृष — आत्मसंयत रहें। क्रोध से बचें। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भागदौड़ अधिक रहेगी। मन प्रसन्न रहेगा।

मिथुन — किसी धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। वाहन के रखरखाव पर खर्च बढ़ सकते हैं। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

कर्क — जीवनसाथी का साथ मिलेगा। कारोबार में लाभ के अवसर मिलेंगे। वाणी में सौम्यता रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

सिंह — जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन कष्टमय रहेगा। आत्मविश्वास में कमी आएगी। परिवार की समस्याओं पर ध्यान दें।

कन्या — पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक या शोधादि कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। संयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें।

तुला — मन प्रसन्न रहेगा। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। कुटुम्ब के किसी बुजुर्ग से धन मिल सकता है। अपनी भावनाओं को वश में रखें।

वृश्चिक — मन में नकारात्मक विचारों से बचें। कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा। कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे।

धनु — आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति रहेगी। क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। घर-परिवार में धार्मिक एवं मांगलिक कार्य हो सकते हैं।

मकर — क्रोध से बचें। बातचीत में संयत रहें। वस्त्र उपहार में प्राप्त हो सकते हैं। पिता से धन मिल सकता है। मन प्रसन्न रहेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

कुंभ — मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। सेहत का ध्यान रखें। परिवार के साथ यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। अनियोजित खर्च बढ़ेंगे। माता का सहयोग मिलेगा।

मीन — पठन-पाठन में रुचि बढ़ेगी। वाणी में मधुरता रहेगी। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। आय में वृद्धि होगी। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिलेंगे।

अखिल भारतीय प्राच्यविद्या सम्मेलन की पंजीकरण तिथि 10 अक्टूबर तक बढ़ी



हरिद्वार। विश्वविद्यालय पतंजलि में आयोजित होने वाले 52वें अखिल भारतीय प्राच्यविद्या सम्मेलन को लेकर विद्यार्थियों एवं शोधार्थियों में बढ़ते उत्साह को देखते हुए पंजीकरण की अंतिम तिथि बढ़ाकर 10अक्टूबर 2026कर दी गई है। सम्मेलन के लिए अब तक लगभग एक हजार विद्यार्थियों का पंजीकरण हो चुका है। विद्यार्थियों की बढ़ती सहभागिता को देखते हुए विश्वविद्यालय प्रशासन ने अधिक से अधिक विद्यार्थियों, शोधार्थियों एवं शिक्षकों को इस महत्वपूर्ण अकादमिक आयोजन से जुड़ने का अवसर प्रदान करने के लिए पंजीकरण की समय-सीमा बढ़ाई है। 52वें अखिल भारतीय प्राच्यविद्या सम्मेलन में देश-विदेश के विद्वानों, आचार्यों, शोधार्थियों एवं विद्यार्थियों की सहभागिता होगी। सम्मेलन में संस्कृत, भारतीय दर्शन, धर्म, योग, आयुर्वेद, इतिहास, पुरातत्त्व, भाषाविज्ञान, पांडुलिपि विज्ञान, भारतीय ज्ञान प्रणाली, साहित्य, कला एवं शिक्षा सहित अनेक विषयों पर शोध एवं अकादमिक विमर्श होगा। भारतीय अनुसंधान पद्धति, कुंभ रहस्यम, भारतीय ज्ञान परंपरा, संस्कृत एवं संगणकीय भाषाविज्ञान तथा कृत्रिम बुद्धिमत्ता, प्राचीन भारतीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, भारतीय सौंदर्यशास्त्र एवं काव्यशास्त्र सहित अनेक समकालीन एवं महत्वपूर्ण विषय भी सम्मेलन में चर्चा के केंद्र में रहेंगे। सम्मेलन की विशिष्ट परंपरा पंडित परिषद भी विशेष आकर्षण का केंद्र होगी। इसमें पारंपरिक शास्त्र-परंपराओं में प्रशिक्षित विद्वानों द्वारा गंभीर शास्त्रीय विमर्श एवं संवाद किया जाएगा। इसके माध्यम से प्राचीन ज्ञान परंपरा और आधुनिक अकादमिक दृष्टिकोण के बीच सार्थक संवाद को बढ़ावा मिलेगा।

सीआईएसएफ ने अपने चार जवानों के निधन पर शोक व्यक्त किया

नई दिल्ली। केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) अपने चार जवानों के निधन पर गहरा शोक व्यक्त करता है, जो सेवा-III जलविद्युत परियोजना, माशका, बसोहली, कठुआ (जम्मू और कश्मीर) में तैनात थे और जिन्होंने 29 सितंबर 2026 को आपसी गोलीबारी (सहकर्मी की हत्या) की एक दुर्भाग्यपूर्ण घटना में अपनी जान गंवा दी। उनका अंतिम संस्कार आज, 01 अक्टूबर 2026 को निर्धारित प्रक्रियाओं का पालन करते हुए उनके पैतृक स्थानों पर पूर्ण सैन्य सम्मान के साथ किया गया। सहायक कमांडेंट अंकित कुमार पांडे (सीआईएसएफ यूनिट एनटीपीसी टांडा) दिवंगत सहायक कमांडेंट अंकित कुमार पांडे 03 अक्टूबर 2015 को बल में शामिल हुए थे। उनका अंतिम संस्कार उनके पैतृक स्थान मठिया दौलतपुर, जिला अंबेडकरनगर (उत्तर प्रदेश) में संपन्न हुआ।



सूचना

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

रुपया 37 पैसे टूटकर 96.31 प्रति डॉलर पर

मुंबई। रुपया अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले 37 पैसे टूटकर 96.31 प्रति डॉलर पर रहा। यह दो महीने से अधिक समय में रुपये का सबसे निचला स्तर है। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि वैश्विक बाजारों में जोखिम से बचने की धारणा और वैश्विक बॉण्ड

एशियाड हॉकी : पाकिस्तान को हराकर भारत फाइनल में

आखिरी मिनट में गोल दागकर अभिषेक ने दिलाई जीत

एजेंसी ▶▶| काकामिगाहारा

दूसरे हाफ में तीन गोल गंवाने वाली गत चैम्पियन भारतीय टीम लचर प्रदर्शन के बावजूद आखिरी मिनट में अभिषेक के गोल की मदद से बृहस्पतिवार को एशियाई खेलों की पुरूष हॉकी स्पर्धा के फाइनल में पहुंच गई। भारत ने पहले हाफ में तीन गोल करके 3-0 से बढत बना ली थी लेकिन दूसरा हाफ पाकिस्तान के नाम रहा जिसने तीन गोल करके स्कोर 3-3 कर दिया। ऐसा लग रहा था कि मैच पेनल्टी शूटआउट तक जायेगा लेकिन आखिरी सीटी बजने से कुछ सेकंड पहले अभिषेक ने गोल करके भारत को फाइनल में पहुंचाया। फाइनल शनिवार को खेला जायेगा जिसमें भारत का सामना मलेशिया या कोरिया से होगा।

पहले हाफ के बाद भारत ने बनाई 3-1 से बढ़त

भारत ने आक्रामक शुरुआत की और 5वें मिनट में ही बढ़त बना दी। पेनल्टी कॉर्नर पर हरमनप्रीत सिंह ने गोल करके खाता खोल दिया। इसके बाद हरमनप्रीत ने ही 13वें मिनट पर पेनल्टी कॉर्नर को फिर गोल में तब्दील किया। इसके बाद सुखजीत सिंह ने 23वें मिनट में मैदानी गोल करते हुए स्कोर 3-0 किया। भारत के दबदबे के बाद दूसरे क्वार्टर में अबु मोहम्मद ने गोल किया। उन्होंने मैच के 30वें मिनट पर पेनल्टी कॉर्नर में गोल किया।



रोचक रहा दूसरा हाफ

तीसरे क्वार्टर के दौरान 36वें मिनट में पाकिस्तान ने बाएं छोर से गोल करने का प्रयास किया, जिसे भारतीय गोलकीपर ने अपनी मुस्तैदी से असफल किया। तीसरे क्वार्टर की समाप्ति से ठीक पहले शाहिद हनान ने एक गोल करके स्कोर 2-3 कर दिया। वहीं चौथे क्वार्टर की शुरुआत में पाकिस्तान से वाहिद राणा ने गोल करके स्कोर 3-3 से बराबरी पर ला दिया। मैच के आखिरी मिनट में अभिषेक ने गोल करते हुए भारत को 4-3 से जीत दिलाई।

1998 के बाद भारत के लिए हुआ ये कारनामा

भारतीय महिला हॉकी टीम पहले ही फाइनल में जगह बना चुकी है। ऐसे में 1998 के बाद यह पहला ऐसा मौका है, जब भारत की महिला और पुरुष दोनों हॉकी टीमें फाइनल में पहुंची थी। बता दें कि 1998 में हांगकांग खेलों में भारतीय पुरुष टीम ने दक्षिण कोरिया को पेनल्टी में हराते हुए स्वर्ण जीता था। वहीं, भारतीय महिला टीम को फाइनल में दक्षिण कोरिया के खिलाफ हार मिली थी।

भारत की पुरुष और महिला स्क्वाश टीम को कांस्य पदक

नागोया। गत चैंपियन भारतीय पुरुष टीम का बृहस्पतिवार को एशियाई खेलों की स्क्वाश प्रतियोगिता में अपना खिताब बचाए रखने का सपना टूट गया और सेमीफाइनल में मलेशिया से 1-2 से हारने के कारण उसे कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा। भारतीय महिला टीम भी तन्वी खन्ना की शानदार वापसी के बावजूद हांगकांग से 1-2 से हार गई और उसने भी अपने अभियान का अंत कांस्य पदक से किया। महिला वर्ग में स्टार खिलाड़ी अनाहत सिंह की पहले मैच में हार निर्णायक साबित हुई। स्क्वाश में कुल मिलाकर भारत ने एकल में दो रजत पदक, टीम स्पर्धा में दो कांस्य पदक और मिश्रित युगल में एक कांस्य पदक के साथ अपना अभियान समाप्त किया।



सेफा. में सिर्फ तनवी ने ही जीता मैच

भारत से अनाहत सिंह हांगकांग के चान सिन युक से 2-3 से हार गईं। शुरुआती 2 गेम अनाहत ने 11-9, 11-8 से जीते, लेकिन इसके बाद चान ने वापसी करते हुए अगले 3 गेम अपने नाम किए। दूसरे मुकाबले में तनवी खन्ना ने बराबरी दिलाई। उन्होंने अपने से बेहतर रैंक वाली ली का यी के खिलाफ 3-1 से जीत दर्ज की। निर्णायक मुकाबले में अनुभवी जोशना चिनप्पा को हो जेलोक के खिलाफ 0-3 से हार का सामना करना पड़ा।

स्क्वाश में भारत ने जीता चौथा पदक

एशियाई खेल 2026 में यह भारत को स्क्वाश में मिलने वाला कुल चौथा पदक है। उनसे पहले पुरुष एकल के फाइनल में अभय सिंह को रजत पदक से संतोष करना पड़ा। फाइनल में मलेशिया के एन यो एनजी ने अभय को 3-0 से हराया। अनाहत को भी महिला एकल वर्ग में रजत मिला। वहीं, जोशना चिनप्पा और वेलवन सेंथिलकुमार की मिक्स्ड डबल्स जोड़ी को सेमीफाइनल में हांगकांग के खिलाफ 1-2 से हार मिली और कांस्य पदक से संतोष किया।

भारत का सेपकटेकरा में पदक पक्का



नागोया। भारत का एशियाई खेलों की सेपकटेकरा पुरूष 'क्वाड्रेंट' स्पर्धा में पदक पक्का हो गया जब टीम म्यामांर को 2-1 से हराकर सेमीफाइनल में पहुंच गई। भारतीय टीम ने अपना अजेय अभियान कायम रखते हुए ग्रुप ए में शीर्ष स्थान हासिल किया। भारत ने म्यामांर को 10-15, 15-13, 15-7 से हराया। इससे पहले वियतनाम को 15-12, 15-9 से मात दी थी। ग्रुप बी में इंडोनेशिया शीर्ष पर रहा। सेमीफाइनल शुक्रवार को खेला जायेगा।

फ्रांसिस और नोबल ने पुरुष स्किफ में रजत पदक जीता

गामागोरी सिटी। भारतीय जोड़ी मनु फ्रांसिस और कुरिसिंकल नोबल ने बृहस्पतिवार को यहां एशियाई खेलों की सेलिंग प्रतियोगिता में पुरुष स्किफ की नौवीं रेस में रजत पदक जीता। फ्रांसिस और नोबल ने नौ रेस के बाद कुल 23 अंक जुटाए और दूसरे स्थान पर रहे। दोनों भारतीय खिलाड़ी जो एर्नाकुलम के रहने वाले और आपस में ममेरे भाई हैं। चीन की जोड़ी ने 16 अंक के साथ स्वर्ण पदक जीता। इस स्पर्धा में सबसे कम कुल अंक हासिल करने वाली टीम विजेता बनती है। चीन की टीम में वेन जैडिंग और लियू तियान शामिल थे। हांगकांग चीन के अकिरा ल्यूक साकाई और रसेल आयल्सवर्थ ने 24 अंक के साथ कांस्य पदक जीता।



क्या होता है स्किफ सेलिंग खेल

पुरुष स्किफ सेलिंग में प्रत्येक रेस में हासिल किए गए स्थान के आधार पर अंक दिए जाते हैं। पहला स्थान हासिल करने वाले खिलाड़ी को एक अंक मिलता है और कुल अंक सबसे कम होने पर जीत दर्ज होती है। स्किफ छोटी और हल्की नौकाएं होती हैं।

विनाशकारी बाढ़ में खो गया नोबल का परिवार

केरल में 2018 की विनाशकारी बाढ़ के दौरान जान गंवाने वाले मछुआरे के बेटे नोबल ने कहा कि अपने पहले एशियाई खेलों में पदक जीतना विशेष एहसास है। नोबल ने फाइनल के बाद कहा यह कड़ी प्रतियोगिता थी और हमने रजत पदक जीत लिया।''दोनों मुंबई स्थित आर्मी यॉटिंग नोड में प्रशिक्षण लेते हैं। फ्रांसिस ने कहा, ''यह बहुत कठिन था। हवा तेज थी। हम तेज हवा वाली परिस्थितियों में ज्यादा सहज नहीं हैं। लेकिन हम टिके रहे और किसी तरह रजत पदक जीत लिया।

खबर संक्षेप



यिबिंग के खिलाफ हारे नागल टेनिस में अभियान समाप्त

नागोया। भारतीय टेनिस खिलाड़ी सुमित नागल को बृहस्पतिवार को पुरुष एकल के क्वार्टर फाइनल में चीन के वू यिबिंग के खिलाफ सीधे सेट में हार का सामना करना पड़ा जिससे एशियाई खेलों में भारत का टेनिस अभियान बिना किसी पदक के समाप्त हो गया। यिबिंग ने 29 वर्षीय नागल को एक घंटे 38 मिनट चले मुकाबले में 6-4, 6-4 से हराया। इसके साथ ही भारत का टेनिस अभियान पदक के बिना समाप्त हो गया। यह 1986 के बाद पहली बार है जब भारत एशियाई खेलों में टेनिस का एक भी पदक नहीं जीत सका।

भारत की वनडे टीम में कंबोज टी-20 के लिए धीर शामिल



गुवाहाटी। तेज गेंदबाज अंशुल कंबोज को मुल्लांपुर में शनिवार को वेस्टइंडीज के खिलाफ खेले जाने वाले तीसरे और अंतिम वनडे के लिए चोटिल प्रसिद्ध कृष्णा के स्थान पर टीम में शामिल किया गया। राष्ट्रीय चयनकर्ताओं ने वेस्टइंडीज के खिलाफ छह अक्टूबर से लखनऊ में शुरू होने वाली पांच मैच की सीरीज के लिए भारत की टी20 अंतरराष्ट्रीय टीम से ऑलराउंडर वॉशिंगटन सुंदर को भी बाहर करने का फैसला किया। यह फैसला न्यूजीलैंड के आगामी टेस्ट दौरे को ध्यान में रखते हुए लिया गया है और सुंदर अब तमिलनाडु के लिए कुछ रणजी ट्रॉफी मैच में खेलेंगे। कंबोज फिलहाल पुडुचेरी में ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ चार दिवसीय मैच में भारत ए के लिए खेल रहे हैं।

नितेश ने रजत जीता, भारत का ग्रीको रोमन में चैंपियन का इंतजार जारी



नागोया। नितेश सिवाच को बृहस्पतिवार को यहां जापान के यूरी नाकाजातो से हारने के बाद रजत पदक से संतोष करना पड़ा जिससे भारत का एशियाई खेलों में ग्रीको रोमन शैली के चैंपियन को देखने का लंबे समय से चला आ रहा इंतजार भी बढ़ गया। नितेश ने 97 किलोग्राम भार वर्ग के इस मुकाबले में शुरुआत से ही आक्रामक रवैया अपनाने की कोशिश की लेकिन जापान के पहलवान ने उनकी एक नहीं चलने दी। नितेश आखिर में 0-4 से हार गए। भारत की तरफ से ग्रीको रोमन शैली में एशियाई खेलों में आखिरी बार स्वर्ण पदक 1962 में मालवा सिंह (52 किलोग्राम) और गणपत अंडालकर (97 किलोग्राम से अधिक) ने जीते थे।



ऐसा रहे दोनों के दांवपेंच

नाकाज़ातो ने पहले पीरियड के अंत तक 2-0 की बढ़त बना ली थी और अंत तक नितेश को 'हेड लॉक' पोजीशन में जकड़े रखा। स्थानीय खिलाड़ी ने इसके बाद नितेश का संतुलन बिगाड़ दिया और इस दांव को सफलतापूर्वक 'टेक डाउन' में बदलकर 4-0 की बढ़त हासिल कर ली। जब एक मिनट का समय बचा था तब भारतीय पहलवान को आक्रामक होने की जरूरत थी लेकिन जापान के पहलवान ने ऐसा नहीं होने दिया।

बल्लेबाज ने वक्त बर्बाद किया तो 5 रन की पेनल्टी महिला-पुरुष क्रिकेट में गेंद का वजन-साइज अलग

क्रिकेट के नियमों में कई बड़े बदलाव

भाषा ▶▶| नई दिल्ली

आईसीसी ने गुरुवार को क्रिकेट के नियमों में बदलाव किए। अब बैटिंग के दौरान अगर कोई बल्लेबाज जानबूझकर समय बर्बाद करता है तो फील्डिंग टीम को 5 पेनल्टी रन मिलेंगे। पुरुष, महिला और जूनियर क्रिकेट में इस्तेमाल होने वाली गेंद के साइज और वजन की अलग-अलग सीमा तय की गई है। नए नियम 1 अक्टूबर 2026 या उसके बाद शुरू होने वाली इंटरनेशनल सीरीज पर लागू होंगे। जो सीरीज पहले से चल रही हैं, उनमें पुराने नियम ही लागू रहेंगे।

▶▶तीसरी गलती पर फील्डिंग टीम को 5 रन: अब बैटर को गेंद खेलने के लिए तय समय के भीतर तैयार रहना होगा। तीसरी गलती पर फील्डिंग टीम को 5 पेनल्टी रन दिए जाएंगे।

▶▶दिन के टेस्ट में पिंक बॉल का ट्रायल: अब दिन में खेले जाने वाले टेस्ट मैचों में भी पिंक बॉल का इस्तेमाल ट्रायल के तौर पर किया जा सकेगा।

▶▶पुरुष और महिला क्रिकेट में गेंद अलग होगी: पुरुष और महिला क्रिकेट के लिए गेंद के साइज और वजन की अलग-अलग सीमा होगी। पुरुषों की गेंद का वजन 156 से 163 ग्राम और साइज 22.4 से 22.9 सेंटीमीटर होगा। महिलाओं की गेंद का वजन 142 से 149 ग्राम और साइज 21.5 से 22 सेंटीमीटर होगा।

▶▶ओवरथ्रो नियम में बदलाव: अगर फील्डर गेंद को जानबूझकर स्टंप की ओर फेंककर रन रोकने या रन आउट करने की कोशिश करता है और गेंद आगे निकल जाती है, तो इसे ओवरथ्रो माना जाएगा।

▶▶रन आउट और स्टंपिंग के लिए गेंद पर पूरा कंट्रोल जरूरी: रन आउट या स्टंपिंग के मामले में अब सिर्फ गेंद को हाथ या ग्लव से छू लेना काफी नहीं होगा। फील्डर या विकेटकीपर के पास गेंद पर पूरा कंट्रोल होना जरूरी है।

▶▶आखिरी ओवर में विकेट गिरने से दिन का खेल खत्म नहीं: टेस्ट क्रिकेट में अब दिन के आखिरी ओवर में विकेट गिरने से खेल अपने आप खत्म नहीं होगा। अगर आखिरी ओवर पूरा नहीं हुआ है और मौसम तथा मैदान की परिस्थितियां खेल के लिए सही हैं, तो बची हुई गेंदें उसी दिन कराई जाएंगी, अगले दिन नहीं।

भारतीय जूडोका इनुंगम्बी कांस्य का मुकाबला हारीं

नागोया। भारतीय जूडोका इनुंगाम्बी टी एशियाई खेलों में महिलाओं के 70 किलोवर्ग में मंगोलिया की अनुजिन उरान उलजी से कांस्य पदक का मुकाबला हार गई। अनुजिन ने चार मिनट के मुकाबले के बाद वाजा आरी से जीत दर्ज की। मैच की शुरुआत में इनुंगम्बी ने अनुजिन के खिलाफ रक्षात्मक खेल दिखाया। वीडियो रिव्यू से स्कोरबोर्ड बदलने तक किसी भी खिलाड़ी ने स्कोर नहीं किया था, जिससे अनुजिन को फ्लिप के लिए युको मिल गया और मंगोलियन फाइटर 2-0 से आगे हो गई।



तीरंदाजी

गणेश ने व्यक्तिगत कंपाउंड तीरंदाजी में जीता कांस्य

एजेंसी ▶▶| नागोया

भारतीय कंपाउंड तीरंदाज गणेश मणि रत्नम थिरुमुरु ने बृहस्पतिवार को यहां एशियाई खेलों में शानदार प्रदर्शन करते हुए पुरुष व्यक्तिगत स्पर्धा का कांस्य पदक जीता। बुधवार को स्वर्ण पदक जीतने वाली पुरुष टीम का हिस्सा रहे गणेश ने स्वर्ण पदक की दौड़ से बाहर होने के बाद कांस्य पदक के मुकाबले में वियतनाम के कोंग डुक डांग को 149-144 से हराया। भारत के 20 वर्षीय तीरंदाज ने कांस्य पदक के मुकाबले में शानदार प्रदर्शन करते हुए 15 में से 14 तीर 10 अंक पर लगाए। गणेश को सेमीफाइनल में दक्षिण कोरिया के किम जोंगहो के खिलाफ 144-148 से शिकस्त का सामना करना पड़ा था। भारतीय तीरंदाज मुकाबले में पिछड़ता रहा और अंततः 29-30, 29-30, 29-28, 29-30, 28-30 से हार गया। गणेश ने क्वार्टर फाइनल में चीनी ताइपे के चीह लुन चेन को 148-138 से हराया था। गणेश ने सभी पांच सीरीज में जीत दर्ज की। उनका स्कोर 29-28, 29-28, 30-29, 30-26, 30-27 रहा।



भारत सात अक्टूबर को ऑस्ट्रेलिया और 10 अक्टूबर को पाक से भिड़ेगा

वनडे विश्व कप 2027

भाषा ▶▶| दुबई

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने अगले साल अफ्रीकी महाद्वीप में होने वाले पुरुष वनडे विश्व कप का कार्यक्रम बृहस्पतिवार को घोषित कर दिया जिसके अनुसार पिछली बार का उपविजेता भारत अपने अभियान की शुरुआत सात अक्टूबर को केपटाउन के न्यूलैंड्स स्टेडियम में मौजूदा चैंपियन ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ करेगा। शुभमन गिल की अगुवाई वाली टीम 10 अक्टूबर को जोहानिसबर्ग के वांडरर्स स्टेडियम में अपने चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान से भिड़ेगी। भारत 14 अक्टूबर को सेंचुरियन (प्रिटोरिया, जिसे अब तशवाने के नाम से जाना जाता है) में अफगानिस्तान से भिड़ेगा, जिसके बाद 24 अक्टूबर को नवनिर्मित विक्टोरिया फॉल्स स्टेडियम में पानीसह-मेजबान जिम्बाब्वे के खिलाफ मैच खेलेगा। भारत का मुक़ाबला 17 अक्टूबर को ब्लूमफ़ोनटेन में एक क्वालिफ़ायर से होगा। दोनों सेमीफाइनल मैच क्रमशः 17 और 18 नवंबर को केपटाउन और सेंचुरियन में खेले जाएंगे जबकि फाइनल 21 नवंबर को वांडरर्स स्टेडियम में खेला जाएगा। किसी भी टीम को फाइनल तक पहुंचने से पहले 11 मैच खेलने होंगे। फाइनल 12वां मैच होगा। भारत को ग्रुप ए में ऑस्ट्रेलिया, पाकिस्तान, सह-मेजबान जिम्बाब्वे, अफगानिस्तान और क्वालीफाई करने वाली टीमों में से एक के साथ रखा गया है। ग्रुप बी में इंग्लैंड, सह-मेजबान दक्षिण अफ्रीका, न्यूजीलैंड, बांग्लादेश, श्रीलंका और दूसरा क्वालीफायर शामिल हैं। ग्रुप लीग के चरण समाप्त होने के बाद, सुपर 7 टूर्नामेंट 25 अक्टूबर से शुरू होगा, जिसमें प्रत्येक ग्रुप की शीर्ष तीन टीमें और दोनों ग्रुपों में से बेहतर स्थिति वाली चौथी टीम अगले चरण के लिए क्वालीफाई करेंगी। भारत को ए1 श्रेणी में, ऑस्ट्रेलिया को ए2 श्रेणी में और पाकिस्तान को ए3 श्रेणी में रखा गया है। इंग्लैंड बी4 श्रेणी में है जबकि न्यूजीलैंड, दक्षिण अफ्रीका और श्रीलंका क्रमशः बी1, बी2 और बी3 श्रेणी में हैं। यदि इनमें से कोई भी टीम क्वालीफाई करने में विफल रहती है, तो क्वालीफाई करने वाली टीम को स्वतः ही वह श्रेणी मिल जाएगी। मौजूदा आईसीसी वनडे रैंकिंग के अनुसार भारत को ए1 और पाकिस्तान को ए3 श्रेणी में रखा गया है, इसलिए यदि दोनों टीमें सुपर 7 के लिए क्वालीफाई करती हैं, तो वे सात नवंबर को केपटाउन में एक बार फिर आमने-सामने होंगी। उससे पहले भारत को 28 अक्टूबर को जिम्बाब्वे के विक्टोरिया फॉल्स में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेलने का मौका भी मिलेगा।

टीम इंडिया ने सेमीफाइनल में श्रीलंका को 124 रन से दी मात

भारत ने श्रीलंका को हराया, फाइनल में भारत-पाक में भिड़ंत कल

एजेंसी ▶▶| निशिन

कठिन पिच पर ईशान किशन के 46 गेंद में नाबाद 80 रन की मदद से भारत ने एशियाई खेलों के पुरूष क्रिकेट सेमीफाइनल में बृहस्पतिवार को श्रीलंका को 124 रन से हराकर खिताबी मुकाबले में जगह बना ली जहां सामना चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान से होगा।

ईशान के 80 रन और वैभव सूर्यवंशी के 21 गेंद में 38 रन की मदद से भारत ने पहले बल्लेबाजी के लिये भेजे जाने पर सात विकेट पर 169 रन बनाये। जवाब में श्रीलंका ने पावरप्ले के भीतर ही छह विकेट 31 रन पर गंवा दिये थे और पूरी टीम 9.5 ओवर में 45 रन पर आउट हो गई। जसप्रीत बुमराह ने पहली दो गेंदों पर ही दो विकेट ले लिये जिसके बाद अक्षर पटेल ने भी दो विकेट लिये। श्रीलंका के दो बल्लेबाज रन आउट भी हुए। श्रीलंका अब कांस्य पदक के लिये बांग्लादेश से खेलेगा जबकि भारत का सामना फाइनल में पाकिस्तान से होगा। दोनों मैच शनिवार को खेले जायेंगे।



किशन ने लगाया अपना 13वां अर्धशतक

टॉस हारकर पहले खेलते हुए भारत ने जब 59 रन के स्कोर पर अपना तीसरा विकेट खोया, तब किशन क्रीज पर आए। उन्होंने बल्लेबाजी के लिए कठिन नजर आ रही पिच पर श्रीलंकाई गेंदबाजों के खिलाफ आकर्षक शॉट लगाए और 33 गेंदों में अर्धशतक पूरा किया। वह 46 गेंदों में 4 चौकों और 5 छक्कों की मदद से 80 रन बनाकर नाबाद रहे। यह उनके टी-20 अंतरराष्ट्रीय करियर का 13वां अर्धशतक साबित हुआ।

निचले क्रम में सर्वोच्च पारी खेलने वाले भारतीय

किशन नंबर-5 या उससे निचले क्रम पर सर्वोच्च पारी खेलने वाले भारतीय बल्लेबाज बन गए। इस मामले में उन्होंने मनीष पांडे का पिछला रिकॉर्ड तोड़ा। बता दें कि पांडे ने 2018 में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सेंचुरियन में नाबाद 79 रन बनाए थे। इस सूची में युवराज सिंह तीसरे स्थान पर हैं, जिन्होंने 2013 में राजकोट में नाबाद 77 रन की पारी खेली थी। भारतीय ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या (71 रन बनाम ऑस्ट्रेलिया, 2022) भी सूची का हिस्सा हैं।

खबर संक्षेप

अफगानिस्तान में 5.3 तीव्रता का भूकंप



काबुल। अफगानिस्तान में गुरुवार सुबह भूकंप के झटके महसूस किए गए। नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी के अनुसार, सुबह 06:59 बजे रिक्टर स्केल पर 5.3 तीव्रता का भूकंप आया। इस भूकंप में किसी तरह के नुकसान की जानकारी नहीं है। अफगानिस्तान लगातार भूकंप के झटकों का सामना कर रहा है।

सीरिया में यात्री बस पर हमला, 7 की मौत



दमिश्क। सीरिया के उत्तर-पश्चिमी इलाके में बुधवार देर रात एक छोटी यात्री बस को निशाना बनाकर गोलीबारी की गई। हमले में कम से कम सात लोगों की मौत हो गई, जबकि चार अन्य घायल हुए। हमला पश्चिमी सीरिया के होम्स प्रांत में मस्याफ पुल के पास हुआ। हमले का मकसद पता नहीं चला है।

चीन के शोध संस्थान कर रहे ब्रिटेन में जासूसी



लंदन। ब्रिटेन की सरकार ने ब्रिटेन के विश्वविद्यालयों से चीन के एक शोध संस्थान के साथ सहयोग बंद करने को कहा क्योंकि ब्रिटेन की सुरक्षा एजेंसी एमआई5 का मानना है कि यह संस्थान जासूसी गतिविधियों के केंद्र के रूप में काम करता है। ब्रिटेन के सुरक्षा मंत्री डैन जार्विस ने यह जानकारी दी है।

जी20 व्यापार मंत्रियों की बैठक में केंद्रीय मंत्री गोयल का स्पष्ट संदेश

भोजन सुरक्षा और सहयोग का माध्यम बना रहे घरेलू जरूरतों को पूरा करने के लिए सभी स्वतंत्र

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

गोयल ने कहा कि खाद्य आपूर्ति श्रृंखलाओं के हथियारीकरण और देशों द्वारा अपनी घरेलू नीतिगत जरूरतों तथा खाद्य सुरक्षा को पूरा करने के लिए अपनाए गए वैध उपायों के बीच स्पष्ट अंतर किया जाना जरूरी है

भारत ने जी20 व्यापार मंत्रियों की बैठक में कहा कि खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए देशों द्वारा उठाए गए वैध घरेलू कदमों को 'खाद्य के हथियारीकरण' के रूप में नहीं देखा जाना चाहिए। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने खाद्य और कृषि उत्पादों से जुड़े दबावपूर्ण व्यापार उपायों पर चर्चा के दौरान यह अंतर स्पष्ट करने की जरूरत बताई। मिलवॉकी में आयोजित जी20 व्यापार मंत्रियों की बैठक में 'दबावपूर्ण व्यापार कार्रवाई के जरिए खाद्य के हथियारीकरण' विषय पर सत्र के दौरान गोयल ने भारत का पक्ष रखा।

उन्होंने कहा कि साझा लक्ष्य यह होना चाहिए कि भोजन सुरक्षा, स्थिरता और सहयोग का माध्यम बना रहे। गोयल ने कहा कि खाद्य आपूर्ति श्रृंखलाओं के हथियारीकरण और देशों द्वारा अपनी घरेलू नीतिगत जरूरतों तथा खाद्य सुरक्षा को पूरा करने के लिए अपनाए गए वैध उपायों के बीच स्पष्ट अंतर किया जाना जरूरी है।

खाद्य और कृषि उत्पादों से जुड़े दबावपूर्ण व्यापार उपायों पर अंतर स्पष्ट करना जरूरी



जी20 व्यापार मंत्रियों की बैठक में केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल

भारत-ईयू एफटीए को लागू करने की प्रगति की समीक्षा की

केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने जी20 व्यापार मंत्रियों की बैठक के इतर यूरोपीय संघ (ईयू) के व्यापार एवं आर्थिक सुरक्षा आयुक्त मारोस शेफचोविच से मुलाकात की और भारत-यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर हुई प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने 'एक्स' पर जानकारी देते हुए कहा कि बैठक के दौरान दोनों पक्षों ने भारत-ईयू एफटीए पर हस्ताक्षर और उसे लागू करने की दिशा में हुई प्रगति की समीक्षा की। इसके अलावा, भारत-ईयू ट्रेड एंड टेक्नोलॉजी काउंसिल, विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) सुधार और जी20 के साझा प्राथमिकता वाले मुद्दों पर भी विचारों का आदान-प्रदान किया गया।



ईयू सुरक्षा आयुक्त मारोस शेफचोविच और पीयूष गोयल

नई अंतरराष्ट्रीय आर्थिक व्यवस्था की जरूरत: अमेरिका



जैमिसन ग्रीर

अमेरिका के व्यापार प्रतिनिधि जैमिसन ग्रीर ने जी20 देशों से एक नए अंतरराष्ट्रीय आर्थिक व्यवस्था के निर्माण में सहयोग करने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि दशकों पहले तैयार किया गया वैश्विक व्यापार तंत्र आज अतिरिक्त उत्पादन, आर्थिक दबाव, जबरन मजदूरी और अन्य नई चुनौतियों से निपटने के लिए पर्याप्त नहीं है। ग्रीर ने चार प्रमुख मुद्दों पर खुली चर्चा की जरूरत बताई। इनमें खाद्य आपूर्ति का राजनीतिक इस्तेमाल, संरचनात्मक अतिरिक्त उत्पादन क्षमता, सर्वाधिक पसंदीदा राष्ट्र सिद्धांत और वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं में जबरन मजदूरी शामिल हैं।



मेक्सिको के मंत्री मार्सेलो एब्रार्ड

ब्राजील और मेक्सिको के मंत्रियों से की भेंट

पीयूष गोयल ने ब्राजील और मेक्सिको के अपने समकक्षों के साथ द्विपक्षीय बैठकें कीं। इन दोनों देशों पर अमेरिका की ओर से अपनाई गई शुल्क नीति का काफी असर पड़ा है। गोयल ने विस्कॉन्सिन के मिल्वॉकी में जी-20 व्यापार मंत्रियों की बैठक से इतर ब्राजील के व्यापार मंत्री मार्सियो फर्नांडो एलियास रोजा और विदेश मंत्री माउरो विएरा से मुलाकात की। उन्होंने मेक्सिको के अर्थव्यवस्था मंत्री मार्सेलो एब्रार्ड के साथ भी व्यापार और निवेश संबंधों को आगे बढ़ाने के लिए सहयोग बढ़ाने के मुद्दे पर चर्चा की। मेक्सिको के मंत्री के साथ अपनी मुलाकात का जिक्र करते हुए गोयल ने 'एक्स' पर लिखा कि भारत-मेक्सिको व्यापार एवं निवेश संबंधों को आगे बढ़ाने के लिए गहरे सहयोग की अपार संभावनाओं और नए रास्ते तलाशने पर चर्चा की।

भारत आएंगे स्विस राष्ट्रपति

5 अक्टूबर से तीन दिवसीय दौरा कई मुद्दों पर द्विपक्षीय चर्चा होगी



पार्मेलिन और पीएम मोदी फाइल फोटो

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पीएम नरेंद्र मोदी के निमंत्रण पर स्विट्जरलैंड के राष्ट्रपति गाइ पार्मेलिन 5 से 7 अक्टूबर तक भारत की यात्रा पर रहेंगे। इस वर्ष यह उनका दूसरा भारत दौरा है। इस यात्रा के दौरान व्यापार, टेक्नोलॉजी और निवेश समेत कई अहम मुद्दों पर द्विपक्षीय बातचीत होगी। विदेश मंत्रालय के अनुसार, राष्ट्रपति पार्मेलिन की यह भारत की पहली राजकीय यात्रा होगी और इस साल उनका दूसरा भारत दौरा होगा।

इससे पहले वह फरवरी 2026 में नई दिल्ली में हुए एआई इम्पैक्ट समिट में हिस्सा लेने के लिए भारत आए थे। इस यात्रा के दौरान उनके साथ वरिष्ठ अधिकारियों और कारोबारियों का एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल भी होगा। इस यात्रा के लिए पीएम मोदी ने निमंत्रण दिया था। राष्ट्रपति पार्मेलिन भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से भी मुलाकात करेंगे।

सहयोग की प्रगति की समीक्षा करेंगे

विदेश मंत्रालय बताया कि 5 अक्टूबर को पीएम मोदी और राष्ट्रपति पार्मेलिन के बीच द्विपक्षीय बातचीत होगी। दोनों नेता कई क्षेत्रों में भारत-स्विट्जरलैंड सहयोग की प्रगति की समीक्षा करेंगे। इनमें व्यापार, निवेश, विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार, गतिशीलता और संस्कृति और जनसंपर्क जैसे क्षेत्र शामिल हैं। मंत्रालय ने बताया कि बैठक के दौरान दोनों नेता क्षेत्रीय और वैश्विक घटनाक्रमों पर भी विचार साझा करेंगे। इसके अलावा, विभिन्न अंतरराष्ट्रीय मंचों पर सहयोग को लेकर भी चर्चा होगी। राष्ट्रपति पार्मेलिन 7 अक्टूबर 2026 को दूसरे इंडिया-ईएफटीए प्रॉस्पेरिटी समिट में हिस्सा लेंगे। इस समिट का आयोजन भारत-ईएफटीए व्यापार और आर्थिक साझेदारी समझौते (टीईपीए) के लागू होने की पहली सालगिरह के मौके पर किया जा रहा है। ईएफटीए देशों में स्विट्जरलैंड भारत का सबसे बड़ा व्यापार और निवेश साझेदार है।

भारत दौरे पर आएंगे पोलैंड के पीएम



पोलैंड के पीएम डोनाल्ड टस्क अक्टूबर के आखिर में भारत का दौरा करेंगे। उनके साथ पोलैंड की 100 प्रमुख कंपनियों के प्रतिनिधि भी भारत आएंगे। पोलैंड के वित्त और अर्थव्यवस्था मंत्री आंद्रेज डोमान्स्की ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि पीएम बेंगलुरु भी जाएंगे। इस यात्रा में आर्थिक मुद्दों और सहयोग पर खास जोर रहेगा। डोनाल्ड टस्क इससे पहले 2010 में पोलैंड के पीएम के तौर पर भारत आए थे। पीएम मोदी ने अपनी 2024 की पोलैंड यात्रा के दौरान टस्क को भारत आने का न्योता दिया था। डोमान्स्की ने कहा कि भारत और पोलैंड के रिश्ते बेहतर हो रहे हैं।

राजधानी में हुए रक्षा लेखा विभाग के 279 वें वार्षिक दिवस समारोह में बोले रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह

राष्ट्र रक्षा में जीवन त्यागने वालों के बकाए के निपटारे में निष्पक्षता संग बरती जाए पारदर्शिता

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गुरुवार को नई दिल्ली स्थित रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) भवन में रक्षा लेखा विभाग (डीएडी) के 279 वें वार्षिक दिवस समारोह को संबोधित किया। जिसमें उन्होंने विभाग को भविष्य में अपनी कार्यप्रणाली को और अधिक सुचारू बनाने के लिए कुछ जरूरी टिप्स दिए हैं। सबसे पहले उन्होंने कहा कि डीएडी का लक्ष्य अधिकतम डिजिटलीकरण, स्वचालन और पारदर्शिता का होना चाहिए।



हमें बजट की वार्षिक समीक्षा से किसी भी समय समीक्षा की ओर आगे बढ़ना होगा। क्योंकि इसी से वास्तविक समय के डाटा से समय पर निर्णय लेने में मदद मिलेगी। रक्षा मंत्री ने यह भी कहा कि देश की रक्षा में अपने प्राण न्योछावर करने वाले लोगों के वैध बकाए और सेवा अधिकारों का निपटारा करते समय रक्षा लेखा विभाग का पूरा ध्यान संवेदनशीलता, निष्पक्षता के साथ जिम्मेदारी से भरा हुआ होना चाहिए। रक्षा मंत्रालय ने राजनाथ सिंह के इस बयान को मीडिया के साथ साझा किया है।

एआई से शिकायतों का स्वचालित समाधान

उन्होंने डीएडी और तीनों सशस्त्र सेनाओं (सेना, वायुसेना, नौसेना) के संयुक्त प्रयासों की सराहना करते हुए कहा, सभी ने वित्त वर्ष 2025-26 में शत प्रतिशत व्यय किया है। चैट, एसएमएस, व्हाट्सएप, ईमेल और फोन कॉल का समावेश करने वाले संवादात्मक कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) वाले इकोसिस्टम के जरिए शिकायत निवारण को स्वचालित करने का सुझाव भी उन्होंने दिया है। इसके अलावा गुणवत्ता ऑडिट, डिजिटल डेटा क्लीनिंग, शिकायतों तथा अदालती मामलों के जल्द से जल्द समाधान पर भी रक्षा मंत्री ने जोर दिया है।

नई तकनीक अपनाने पर सक्षम को सराहा

राजनाथ सिंह ने अपने संबोधन में डीएडी की 'सक्षम' परियोजना की प्रशंसा की है। दरअसल यह एक सुरक्षित और समर्पित डेटा सेंटर पर होस्ट किए गए, डीएडी डब्ल्यूएएन नेटवर्क पर संचालित रक्षा लेखांकन, भुगतान प्रणाली का डिजिटलीकरण के साथ एकीकरण करती है। मूलरूप से यह परियोजना नई तकनीक का उपयोग करती है।

जिसमें सुरक्षित भूमिका आधारित पहुंच, उन्नत सत्यापन के साथ-साथ स्केलेबिलिटी शामिल है। एक प्रकार से ये पूरी कवायद एक राष्ट्र, एक कार्य तथा एक अनुप्रयोग की दिशा में किए जा रहे प्रयासों की सहायता करती है। उन्होंने बजट, अनुमोदन और बिल डेटा के लिए भारतीय सेना वित्तीय सूचना प्रणाली के साथ उसके एकीकरण की सराहना की है।

संपूर्ण के तीव्र कार्यान्वयन पर दिया जोर

रक्षा मंत्री ने संपूर्ण के भी जल्द कार्यान्वयन पर भी जोर दिया। यह एक पूर्णतः स्वचालित, संपूर्ण राजस्व प्राप्ति प्रणाली है और इसे एक मूल्यवान निर्णय समर्थन प्रणाली के लिए डेटा एनालिटिक्स, एआई और मशीन लर्निंग का लाभ उठाने के मकसद से तैयार किया गया है। समारोह के दौरान उन्होंने रक्षा बलों की वित्तीय सूचना प्रणालियों के एकीकरण को मजबूत बनाने, रक्षा व्यय के लेखांकन, ट्रैकिंग में सुधार करने और मंत्रालय में ट्रेजरी सिंगल अकाउंट को चालू करने के लिए तीन पहल का शुभारंभ किया है। जिनमें सेना की वित्तीय सूचना प्रणाली के साथ सक्षम का एकीकरण, मंत्रालय में राजकोषीय एकल खाता प्रणाली और संशोधित राष्ट्रीय संकलन प्रणाली मुख्य है। उन्होंने उत्कृष्टता पुरस्कार-2026 प्रदान किए, तीन प्रकाशन भी जारी किए। जिसमें प्रमुख सुधारों, परियोजनाओं के कार्यान्वयन में टीमों-व्यक्तियों की बेहतरीन उपलब्धियों के लिए उन्हें सम्मानित किया गया है।

अहमदाबाद धमाकों में आरोपी सदस्य की फांसी पर रोक

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को 2008 के अहमदाबाद बम धमाकों के मामले में इंडियन मुजाहिदीन के एक आतंकी की मौत की सजा पर फिलहाल रोक लगाने का आदेश दिया है। इन धमाकों में 56 लोगों की मौत हुई थी। जस्टिस विक्रम नाथ, जस्टिस एजी मसीह और जस्टिस संदीप मेहता की पीठ ने अहमद बावा उर्फ अब्बू अबुबकर बरलेवी की याचिका पर गुजरात सरकार को नोटिस जारी किया है। बावा ने गुजरात हाईकोर्ट के उस फैसले को चुनौती दी है, जिसमें निचली अदालत द्वारा उसे सुनाई गई मौत की सजा को बरकरार रखा गया था। शीर्ष अदालत ने मामले में निचली अदालत का रिकॉर्ड भी तलब किया है। 7 जुलाई को गुजरात हाईकोर्ट ने 2008 के अहमदाबाद सिलसिलेवार बम धमाकों के मामले में इंडियन मुजाहिदीन के 38 सदस्यों को सुनाई गई मौत की सजा को बरकरार रखा था।

भारत और फ्रांस के बीच समुद्री अभ्यास 'वरुण'

नौसेना के आईएनएस त्रिशूल ने दिखाई अपनी ताकत, लक्ष्यों पर की 'फायरिंग'

दोनों देशों के नौसैनिकों के बीच दोस्ती मजबूत हुई

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत और फ्रांस की नौसेनाओं के बीच होने वाला द्विपक्षीय समुद्री अभ्यास 'वरुण' एक बार फिर दोनों देशों की मजबूत समुद्री साझेदारी का प्रतीक बना है। भारतीय नौसेना का युद्धपोत आईएनएस त्रिशूल फ्रांस के टूलॉन बंदरगाह पहुंचा।

यहां भारतीय युद्धपोत ने अभ्यास 'वरुण' के 24वें संस्करण में हिस्सा लिया। अभ्यास में एनएच-90 हेलीकॉप्टरों और अटलांटिक-2 समुद्री गश्ती विमानों ने भी हिस्सा लिया। दोनों नौसेनाओं ने पनडुब्बी रोधी युद्ध, सतह पर मौजूद लक्ष्यों के खिलाफ अभियान और वास्तविक फायरिंग अभ्यास किए। इसके अलावा दोनों नौसेनाओं के हेलीकॉप्टरों की एक-दूसरे के जहाजों पर उतरने की गतिविधियां भी की गईं। इन अभ्यासों से समुद्र में दोनों नौसेनाओं के बीच संचालन क्षमता, तालमेल और आपसी समझ को और बेहतर करने का अवसर मिला।



जहाज को जल तोपों की सलामी

सबसे पहले टूलॉन पहुंचने पर फ्रांसीसी नौसेना ने आईएनएस त्रिशूल का गर्मजोशी से स्वागत किया। जहाज को औपचारिक जल तोपों की सलामी दी गई। इसके बाद बंदरगाह चरण में दोनों नौसेनाओं के बीच पेशेवर, खेल और सांस्कृतिक गतिविधियां हुईं। इन कार्यक्रमों का उद्देश्य दोनों नौसेनाओं के बीच आपसी समझ, समुद्री सहयोग और पेशेवर संबंधों को और मजबूत करना था।

वीर सैनिकों को दी श्रद्धांजलि



फ्रांस यात्रा के दौरान आईएनएस त्रिशूल के कमांडिंग ऑफिसर, अधिकारियों और जवानों ने मार्सेय के मजार्ग युद्ध स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित की। इस स्मारक पर प्रथम और द्वितीय विश्व युद्धों के दौरान सर्वोच्च बलिदान देने वाले 205 भारतीय सैनिकों की स्मृति जुड़ी है। यह कार्यक्रम दोनों देशों के बीच ऐतिहासिक सैन्य संबंधों की याद भी दिलाता है। भारतीय नौसैनिकों ने इन वीर सैनिकों को श्रद्धांजलि देकर उनके बलिदान को नमन किया।



हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109